नई दिल्ली
शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023
पौष मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 27, अंक : 264
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21
न्यून. 08


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







**फैसले के 63 दिन बाद राहत :** भारत सरकार के प्रयास रंग लाए, इन पूर्व नौसैनिकों को कानूनी मदद मिलती रहेगी

# कतर में अब 8 भारतीयों को नहीं होगी फांसी, सजा उम्रकैद में बदली



*मामला पहली बार 30 अगस्त 2022 को सामने आया जब कतर की खुफिया एजेंसी 'राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो' ने आठ पूर्व नौसेना अधिकारियों को गिरफ्तार किया। 26 अक्तूबर 2023 को कतर के कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टांस द्वारा सभी आठ पूर्व नौसैनिकों को सजा की मौत सुनाई थी।*

भारत ने पिछले महीने इस सजा के खिलाफ कतर में अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कतर की एक अदालत ने जासूसी के एक कथित मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को बड़ी राहत दी है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को दी गई मौत की सजा को रोक दिया गया है।



जासूसी के एक कथित मामले में गिरफ्तार किए गए भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर की अदालत ने अक्तूबर में मौत की सजा दी थी। दोहा स्थित दहरा ग्लोबल के सभी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### परिजनों ने दोहा में की थी मुलाकात

नवंबर 2022 को आठ पूर्व अधिकारियों के परिवारों वालों ने दोहा में भारतीय दूतावास के अधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद भारतीय दूतावास ने कहा था कि वे कतर में भारतीय नागरिकों के किसी भी जरूरी कांसुलर मुद्दे या शिकायतों का निवारण करने के लिए तैयार हैं। जनवरी 2023 में कतर में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल ने आठ पूर्व भारतीय नौसैनिक अधिकारियों से मुलाकात की थी।

जनवरी 2023 में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल ने इन अधिकारियों से मुलाकात की थी।



पीएम की कतर शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात हुई थी


### अब आगे क्या करेगा भारत?...कानून टीम से होगा विचार-विमर्श

विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी टीम डिटेल्ड फैसले की प्रतीक्षा है और वह अगले कदम के बारे में फैसला करने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में है। इस मामले की कार्यवाही की प्रकृति गोपनीय और संवेदनशील होने की वजह से इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

### पनडुब्बी कार्यक्रम पर कथित रूप से जासूसी करने का शक

*26 अक्तूबर को कतर की राजधानी दोहा में अल दहरा कंपनी के आठ सेवानिवृत्त भारतीय कर्मचारियों को मौत की सजा सुनाई गई थी। यह फैसला कतर के कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टांस द्वारा सुनाया गया था। इन सभी पर पनडुब्बी कार्यक्रम पर कथित रूप से जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। सेवानिवृत होने के बाद ये सभी नौसैनिक कतर की निजी कंपनी दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजी एवं कंसल्टेंसीज सर्विसेज में काम कर रहे थे। यह कंपनी कतरी एमिरी नौसेना को ट्रेनिंग और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी खुद को कतर रक्षा, सुरक्षा एवं अन्य सरकारी एजेंसी की स्थानीय भागीदार बताती है।*

## विदेश मंत्रालय ने कहा- कतर के अधिकारियों के समक्ष मामला उठाते रहेंगे



इसके लिए विदेश मंत्रालय विस्तृत फैसले का इंतजार कर रहा है। एमईए ने इस विषय में एक बयान जारी कर कहा कि हमने दहरा ग्लोबल मामले में कतर की अपील अदालत के फैसले पर गौर किया है, जिसमें सजाएं कम कर दी गई हैं। एमईए ने कहा कि अदालत ने जब फैसला सुनाया, तब कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी अदालत में मौजूद थे। हम मामले की शुरुआत से ही उनके साथ खड़े हैं और हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाना जारी रखेंगे।

**मोहन ने चला डाला 'सुदर्शन चक्र': प्रदेश में पहली बार इतना बड़ा और ताबड़तोड़ एक्शन, उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश**

# हादसे के लिए 'जिम्मेदार' सारे अफसर ही धराशाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/गुना

गुना बस हादसे मामले में मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव की सरकार ने ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुना कलेक्टर तरुण राठी और एसपी विजय कुमार खत्री को हटा दिया है। वहीं, परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा को हटा दिया गया है। दोनों की अधिकारियों को पीएचक्यू में अटैच किया गया है। साथ ही प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह से परिवहन विभाग छीन लिया है। पीएस सिंह के पास सिर्फ पीडब्ल्यूडी की ही जिम्मेदारी है। एसीएस डॉ. राजेश राजौरा को परिवहन का प्रभार सौंप दिया है। गुरुवार की सुबह ही आरटीओ रवि बरेलिया को सस्पेंड कर दिया गया है। फायर ब्रिगेड देर से पहुंचने के कारण सीएमओ (चीफ म्युनिसिपल ऑफिसर) बीडी कतरोलिया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### परिवहन आयुक्त, प्रमुख सचिव परिवहन, कलेक्टर व एसपी को हटाया, आरटीओ व सीएमओ निलंबित

*सीएम ने सभी कलेक्टर-एसपी को दिए निर्देश- यदि बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरतें और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं*

### चार सदस्यीय जांच समिति गठित, तीन दिन में सौंपेगी रिपोर्ट

*मुख्यमंत्री यादव के आदेश पर अपर जिला दंडाधिकारी मुकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी गई है। इसमें एडीएम मुकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश सांवले, परिवहन विभाग के अधिकारी और एक सहायक यंत्री को शामिल किया था। समिति तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।*

## सेमरी घाटी पर हुआ था यह दर्दनाक हादसा बस से 16 यात्री ही सुरक्षित निकल सके

गुना से लगभग 20 किमी दूर गुना आरोन रोड पर सेमरी घाटी पर यह दर्दनाक हादसा हुआ था। गुना से आरोन जा रही सिकरवार बस ( एमपी08पी0199) को सामने आए डंपर (एमपी08एचए0443) ने टक्कर मार दी। इसके बाद बस पलट गई और विस्फोट के साथ बस में आग लग गई। कई लोग दुर्घटना से पहले ही घायल हो चुके थे और बस के कांच लगे होने एवं आग लगने से लोग बाहर नहीं निकल पाए। इसके बाद बस में बैठे 12 लोग एवं डंपर चालक जल गया। हादसा इतना भीषण था कि बस में फंसे लोगों को बचाया नहीं जा सका। बस में बच्चे समेत लगभग 40 से 45 सवारी होने का अनुमान है। लेकिन 16 यात्री ही सुरक्षित निकल पाए हैं।

## खबर संक्षेप

### सुको के कॉलेजियम में जस्टिस बोस शामिल

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस को सर्वोच्च न्यायालय के पांच न्यायाधीशों के कॉलेजियम में शामिल किया गया है। शीर्ष अदालत के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल के 25 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद यह कदम उठाया गया है। कॉलेजियम ने न्यायालयों में पदोन्नति और तबादले के लिए नामों की भी सिफारिश की है।



### सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** गुरुवार को बाजार नए रिकॉर्ड पर पहुंचा। माना जा रहा है कि अमेरिका का सेंट्रल बैंक अगले साल मार्च से ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। तेजी आई है। भारतीय बाजार में भी इसका असर दिखा। सुबह 9.50 बजे बीएसई सेंसेक्स 337 अंक यानी 0.46 परसेंट की तेजी के साथ 72,370 अंक पर पहुंच गया।



**एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत**

## कैलाश ने दिया भाजपा महासचिव पद से इस्तीफा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश की मोहन सरकार में केबिनेट मंत्री बने कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। अपने ट्वीट में इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने लिखा कि 'पार्टी के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद' का पालन करते हुए इस्तीफा सौंपा है। कैलाश ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने 9 वर्ष तक पहले अमित शाह और जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में संगठन को गढ़ने के लिए प्राण प्रण से कार्य किया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि खाली महासचिव पद पर ▶▶ शेष पेज 5 पर




**पहले रामलला देखेंगे आइना**

## गर्भगृह में पीएम सहित मौजूद रहेंगे पांच लोग

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। दुनिया भर के राम भक्त राम मंदिर उद्घाटन को लेकर उत्साह से भरे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, प्राण प्रतिष्ठा के समय पांच लोग गर्भगृह में मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ गर्भगृह में मौजूद रहेंगे। इनके अलावा संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्य आचार्य गर्भगृह में मौजूद रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पर्दा बंद रहेगा। सबसे पहले भगवान राम को आईना दिखाया जाएगा, जिसमें रामलला अपना चेहरा देखेंगे। दलपूजा के लिए आचार्यों ▶▶ शेष पेज 5 पर






**नागपुर रैली में राहुल गांधी ने कहा**



## भाजपा सांसद मुझसे कहते हैं अब यहां 'सहा' नहीं जाता

एजेंसी ▶▶ नागपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में आज दो विचारधारा की लड़ाई है, विचार और सत्ता की लड़ाई है, लड़ाई की बुनियाद विचारधारा है। उन्होंने एक भाजपा सांसद का जिक्र करते हुए कहा कि वह कुछ दिन पहले मुझसे लोकसभा में मिले थे। कई सांसद कांग्रेस में हुआ करते थे। वह छिपकर मुझसे मिलते थे और कहते थे ▶▶ शेष पेज 5 पर

## ईडी के 'आरोप पत्र' में प्रियंका का नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में पांच एकड़ जमीन की कथित खरीद फरोख्त को लेकर पहली बार कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम ईडी के आरोपपत्र में शामिल किया गया है। प्रियंका के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा का भी इस चार्जशीट में शामिल है। हालांकि, उनमें से किसी को भी आरोपी के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है। ईडी की चार्जशीट एक एनआरआई बिजनेसमैन सीसी थंपी और भारतीय मूल के ▶▶ शेष पेज 5 पर





# संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस पॉलीग्राफ टेस्ट की अनुमति लेने अदालत पहुंची

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को यहां एक अदालत में याचिका दायर कर संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में गिरफ्तार सभी छह लोगों का पॉलीग्राफ परीक्षण कराने की अनुमति मांगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष आवेदन दायर किया गया। लेकिन कुछ आरोपियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील के उपस्थित न रहने की वजह से अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने मामले को दो जनवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया। याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस छह आरोपियों को भी अदालत में लेकर आई थी। आरोपी मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल



धनराज शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत फिलहाल पांच जनवरी तक पुलिस हिरासत में हैं। लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व किया। दिल्ली पुलिस ने पहले अदालत को बताया था कि हमला सुनियोजित था। लोक अभियोजक ने अदालत के समक्ष आगे कहा था कि आरोपियों से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता है ताकि हमले के वास्तविक मकसद का पता लगाया जा सके और यह भी जानकारी मिल सके कि कहीं उनके किसी अन्य दुश्मन देश या आतंकवादी संगठनों के साथ कोई संबंध तो नहीं हैं। तेरह दिसंबर, 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया था। इस दौरान सागर शर्मा और मनोरंजन डी. नामक दो व्यक्ति शून्यकाल के दौरान लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए और नारे लगाते हुए, एक 'केन' से पीली गैस छोड़ी थी। कुछ सांसदों ने इन दोनों को पकड़ लिया। लगभग इसी समय अमोल शिंदे और नीलम आजाद ने संसद भवन परिसर के बाहर 'तानाशाही नहीं चलेगी' का नारा लगाते हुए 'केन' से रंगीन गैस छोड़ी थी। सभी छह आरोपियों के खिलाफ कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी छह आरोपी पांच जनवरी तक दिल्ली पुलिस की हिरासत में हैं।

### नीलम की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में गिरफ्तार नीलम आजाद की याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। नीलम ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि उसकी पुलिस हिरासत अवैध है और उसे उसकी पसंद के वकील से विचार-विमर्श करने की अनुमति नहीं दी जा रही है जो अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान उसका पक्ष रख सके। आरोपी के वकील ने न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्ण एवं न्यायमूर्ति शैलिन्दर कौर की अवकाश पीठ के समक्ष मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने कहा कि मामले में जल्दबाजी की जरूरत नहीं है।

### दिल्ली पुलिस आरोपियों को इंडिया गेट, सदर बाजार ले गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा संसद की सुरक्षा में चूक मामले के आरोपियों को उन स्थानों पर ले गई जहां वे एकत्र हुए थे। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों को उस दुकान पर भी ले जाया गया, जहां से उन्होंने संसद में घुसने से पहले 13 दिसंबर को झंडे खरीदे थे। सूत्रों के अनुसार, संसद में घुसने वाले सागर शर्मा और मनोरंजन डी को बुधवार को सदर बाजार ले जाया गया, जहां से उन्होंने झंडे खरीदे थे। इसके बाद उन्हें इंडिया गेट ले जाया गया, जहां वे सभी संसद में प्रवेश करने से पहले एकत्र हुए थे। एक सूत्र ने बताया कि आरोपियों ने संसद में प्रवेश करने से पहले इंडिया गेट पर झंडे और धुआं फैलाने वाले 'केन' बांटे थे। सूत्रों ने बताया कि दोनों को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के महारानी बाग इलाके में भी ले जाया गया। बताया जा रहा है कि उन्होंने साजिश रचने के लिए यहां एक बैठक की थी। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की सिलसिलेवार कड़ियां जोड़ने के लिए आरोपियों को इन स्थानों पर ले जाया गया। दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक मामले में छह लोगों- सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम, अमोल शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है। सभी छह के खिलाफ कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। तेरह दिसंबर, 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया था। इस दौरान दर्शक सागर शर्मा और मनोरंजन डी. नामक दो व्यक्ति शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा में कूद गए थे और नारे लगाते हुए एक 'केन' से पीली गैस छोड़ी थी। कुछ सांसदों ने इन दोनों को पकड़ लिया था। लगभग इसी समय अमोल शिंदे और नीलम आजाद ने संसद भवन परिसर के बाहर 'तानाशाही नहीं चलेगी' का नारा लगाते हुए 'केन' से रंगीन गैस छोड़ी थी। सभी छह आरोपी पांच जनवरी तक दिल्ली पुलिस की हिरासत में हैं।

## खबर संक्षेप

### गोकुलपुरी में युवक की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में 20 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। युवक का शव बुधवार रात भागीरथी विहार में सड़क किनारे मिला। मृतक का नाम माहिर उर्फ इमरान बताया गया है। पुलिस ने बताया कि मौके से एक चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार मध्य दिल्ली के पहाड़गंज में एक दुकान पर काम करने वाले माहिर का फैजल और उसके साथियों के साथ झगड़ा हुआ था। इसी के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही हैं। आरोपी फैजल का पता लगाने का प्रयास पुलिस कर रही है।

### करोड़ों के घपले में जालसाज दबोचा

**नई दिल्ली।** करोड़ों रुपये के घपले में शामिल रहे धोखेबाज को आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अभिजीत मिश्रा (32) के खिलाफ गत वर्ष केस दर्ज हुआ था। इसकी गिरफ्तारी तिहाड़ जेल से दिखाई गई है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि विक्रम मित्तल की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभिजीत मिश्रा व उनकी बहन अंकिता तिवारी सहित अन्य लोगों ने खुद को स्टॉक विशेषज्ञ व निवेशकों के रूप में पेश किया था। निवेश और अच्छे रिटर्न के बहाने लोगों से मोटी रकम प्राप्त की गई। बीएम एंटरप्राइजेज के नाम पर यह धोखाधड़ी हुई थी। भाई बहन इसी तरह की धोखाधड़ी के एक और मामले में शामिल रहे हैं। वह मामला हौज खास में दर्ज था। पुलिस ने बताया कि जालसाजों द्वारा धन प्राप्त करने के बाद, उसमें से बड़ी रकम निकाली और निवेश के बदले पीड़ितों को जाली यस सिक्योरिटीज पत्र सौंपे गये थे। आरोपी अभिजीत मिश्रा वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है।

## कनॉट प्लेस समेत कई इलाकों के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

# नये साल की पूर्व संध्या पर दस हजार से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

नए साल की पूर्व संध्या पर राजधानीवासियों को किसी तरह की यातायात संबंधी समस्या ना हो इसके लिये दिल्ली पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है। कनॉट प्लेस समेत दर्जनभर पॉश एरिया के लिये यातायात एडवाइजरी जारी की गई है।

पुलिस के दस हजार से अधिक जवान सड़कों पर मुस्तैद दिखाए देंगे। पुलिस के अनुसार नये साल की पूर्व संध्या पर रेस्तरां, मॉल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बड़ी संख्या में लोग मनोरंजन स्थलों पर पहुंचने के लिए प्राइवेट वाहनों का इस्तेमाल करेंगे, जिससे सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ने की उम्मीद है। कनॉट प्लेस में रात आठ बजे के बाद प्राइवेट वाहनों की एंट्री बंद रहेगी। इसके अलावा सूर्या होटल-न्यू फ्रेंड्स



कॉलोनी, लाजपत नगर-सेंट्रल मार्केट, एम एंड एन ब्लाक मार्केट-ग्रेटर कैलाश, इरोज होटल, क्राउन प्लाजा होटल-नेहरू प्लेस, डिफेंस कॉलोनी क्लब-आइएनए मार्केट, साउथ एक्सटेंशन मार्केट, लोधी इंस्टीट्यूशनल एरिया, हौज खास गांव सेलेक्ट सिटी वाक मॉल साकेत, गार्डन ऑफ फाइव सेंसेस सैदुल्लाजाब, कुतुब मीनार, छतरपुर एम्बिएंस मॉल, प्रोमेनेड मॉल, डीएलएफ एम्पोरिया मॉल ग्रांड होटल, रेडिसन ब्लू होटल महिपालपुर, एयरोसिटी, वेगास मॉल, द्वारका, जनकपुरी जिला केंद्र तिलक नगर मार्केट, राजौरी गार्डन, क्लब रोड पंजाबी बाग, पीवीआर विकास पुरी, ज्वालाहेरी मार्केट भैरा एन्क्लेव, सिटी सेंटर मॉल रोहिणी, पीवीआर नारायणा, एम2के मॉल रोहिणी अशोक विहार, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, मुखर्जी नगर, मॉडल टाउन, हडसन लेन करोल बाग, सिविल लाइंस, कमला नगर, ईडीएम मॉल, क्रॉस रिवर मॉल शाहदरा, विकास मार्ग, वसंत कुंज मॉल आदि। पुलिस द्वारा कई जगहों पर सुरक्षा कारणों से कुछ प्रतिबंध भी लगाएहैं जो 31 दिसंबर रात आठ बजे से नए साल के जश्न के समापन तक लागू रहेंगे। यह प्रतिबंध सभी निजी और सार्वजनिक परिवहन वाहनों पर लागू होगा। कनॉट प्लेस के इनर, मिडिल और आउटर सर्कल में वैध पास वालों को छोड़कर किसी भी वाहन चालक को पार्किंग के लिए कनॉट प्लेस में अनुमति नहीं दी जाएगी। वाहन चालक कनॉट प्लेस के आसपास गोल डाक खाना के पास, काली बाड़ी मार्ग, पं. पंत मार्ग, भाई वीर सिंह मार्ग, आकाशवाणी के पीछे रकाब गंज रोड पर पटेल चौक के पास, कॉपरनिकस मार्ग पर मंडी हाउस के पास बड़ौदा हाउस तक, मिंटो रोड के पास डीडीयू मार्ग और प्रेस रोड पर वाहन पार्क कर सकता है।

### नियमों की अनदेखी करने वालों पर होगी कार्रवाई

नशे में चलने, तेज गति से गाड़ी चलाने, स्टंट बाइकिंग, लापरवाही से गाड़ी चलाने, जिग-जैग और खतरनाक ड्राइविंग आदि के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाही करने के लिए जासूसी कैमरे लगाए गए हैं। पूरी दिल्ली में विभिन्न जंक्शनों पर एल्कोमीटर के साथ पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

### आग से जलकर बाउंसर की संदिग्ध हालात में मौत

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** फतेहपुर बेरी थाना इलाके में बुधवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में अंगीठी की आग में जलकर मौत हो गई। मृतक युवक का नाम विनय अरोड़ा (36) बताया गया है। वह पेशे से बाउंसर था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भिजवा आगे की तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस खुदकुशी और हादसा दोनों एंगल से मामले की पड़ताल कर रही है। डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि यह घटना न्यू मंगलापुरी की आंगनबाड़ी वाली गली में हुई। रात करीब साढ़े आठ बजे पीसीआर कॉल पुलिस को मिली थी। कॉलर ने बताया था कि यहां पर एक रूम में आग लग गई है। जिससे एक बंदा बहुत ज्यादा जल गया है, जो कोई रिस्पांस नहीं दे रहा है, आग बुझ गई है। पुलिस टीम सूचना पर मौके पहुंची तो देखा कि कमरे के अंदर चेयर और कपड़े जल गए हैं। अंगीठी एक तसले में रखी हुई थी। मौके पर फायर ब्रिगेड, क्राइम टीम और कैट एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस के अनुसार इस मामले की छानबीन की जा रही है। मृतक अविवाहित था और बाउंसर के रूप में काम करता था। युवक पर कर्ज की बात भी सामने आई है लेकिन पुलिस की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ओमबीर, पुत्र फिरेराम निवासी 86, गढ़ी मेम्दू भजनपुरा, दिल्ली** ने **केस रजि.632/2020 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **ओमबीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **ओमबीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि केस रजि.632/2020 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ओमबीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.03.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**न्यायाधीश इवनिंग कोर्ट नं.3, (उत्तर) कमरा नं.111**
दि.पु./14979/रोहिणी जिला/2023 **प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

## औचंदी बॉर्डर: एचटी लाइन के विरोध में किसान आंदोलन हुआ तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

- सर्व खाप पंचायत के कोऑर्डिनेटर ने दिया सरकार को अल्टीमेटम
- दिल्ली की सड़कों पर किसानों के ट्रैक्टरों की लाइन लग जाएगी : धनखड़

दिल्ली देहात के बवाना विधानसभा के औचंदी बॉर्डर पर एचटी लाइन के विरुद्ध उचित मुआवजे की मांग को लेकर करीब दो माह से धरने पर बैठे प्रभावित किसानों को धनखड़ खाप के प्रधान एवं सर्व खाप पंचायत के कोऑर्डिनेटर डॉ. ओमप्रकाश धनखड़ किसान धरना स्थल पर पहुंचे और उत्तरी भारत की सभी खाप पंचायत की तरफ से समर्थन दिया। यहां धरने की अध्यक्षता करते हुए डॉ ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि सरकार को 4 फरवरी 2024 तक का समय दिया गया है या तो सरकार किसानों की समस्याओं का कोई हल निकाले अन्यथा 4 फरवरी, 2024 को उत्तरी भारत की महापंचायत बुलाकर कोई



कड़ा निर्णय लिया जा सकता है। सरकार को चेतावनी देते हुए डॉ. ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान तो विभिन्न राज्यों से बाहर से ट्रैक्टर आए थे परंतु अब तो यहां दिल्ली के अंदर ही ट्रैक्टर मौजूद हैं। दिल्ली की सड़कों पर किसानों के ट्रैक्टरों की लाइन लग जाएगी। सरकार और प्रशासन के झूठे आश्वासनों से काम चलने वाला नहीं है और दिमागी खेल बहुत खेला जा चुका है। इस दौरान विभिन्न खापों तथा संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न घटक दलों तथा क्षेत्र के विभिन्न गांव के किसानों की उपस्थिति में सभी खाप पंचायतों और किसान संगठनों को आह्वान किया कि धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन दे तथा सरकार को इस बारे में चेताएं व जागरूक करें। इस धरना स्थल पर धनखड़ खाप, सहारावत खाप, पुनिया खाप, कादियान खाप, जाखड़ खाप, हुड्डा खाप, आदि दर्जनों खाप प्रतिनिधि उपस्थिति रहे। इनके अलावा उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा से पीड़ति किसान संगठन मौजूद रहे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | जिला रोहतक महम विधानसभा क्षेत्र में निदाना से बहुअकबरपुर तक (रोड आईडी 1841) सड़क की विशेष मरम्मत + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 3.41 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01262-270274 eerohtak.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23760/I/88/7 दि. 28.12.23

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपए में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | नारनौल में इन्द्रा कॉलोनी, माली टिब्बा में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 23.12.2023 25.01.2024 | 184.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में वार्ड नं. 10, गली नं. 2 में आईपीबी टाइल्स सड़क का निर्माण + 6 कार्य। | 27.12.2023 11.01.2024 | 24.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |
| 3 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में वार्ड नं. 7 में राजकीय विद्यालय से ज्ञान चंद के प्लॉट तक आईपीबी गली का निर्माण + 10 कार्य। | 23.12.2023 05.01.2024 | 25.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/23776/I/88/7 दि. 28.12.23

## बेगमपुर: बंदूक की नोंक पर मवेशी लूटने वाले गैंग का सरगना गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** रोहिणी जिले की बेगमपुर पुलिस ने मवेशी चोरी व लूट करने वाले गिरोह के सरगना को करनाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी 16 मामलों में शामिल रहा है। मुस्तफा नामक आरोपी का गिरोह दिल्ली/एनसीआर और हरियाणा में सक्रिय है। पुलिस इसके गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार इसकी गिरफ्तारी से रोहिणी जिले में दर्ज तीन अन्य मामलों का भी खुलासा किया गया है। आरोपी का नाम मुस्तफा बताया गया है। बेगमपुर थानाक्षेत्र में एक नवंबर को बंदूक की नोक पर भैंसों की लूट की गई थी। शिकायतकर्ता सोमबीर ने बताया कि रात करीब 02:15 बजे तीन-चार लोग उसके घर में घुस आए और बंदूक की नोक पर उसकी 3 भैंस और 3 बछड़े लूट ले गये। 11 नवंबर को साद‍िक निवासी ग्राम रसूल पुर, रूड़की, हरिद्वार को गिरफ्तार किया गया था। उसके घर से दो भैंसे बरामद हुई थी। इसके अलावा उसके पास से 24,780 रुपये भी बरामद हुए जो उसे एक भैंस बेचने के बाद मिले थे। लगातार पूछताछ करने पर सादिक ने खुलासा किया कि वह एक पशु तस्करी गिरोह का सदस्य है जो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय है। उसने गिरोह के सरगना का नाम मुस्तफा निवासी गांव छोटक यमुना नगर सदर, हरियाणा बताया। गैंग लीडर मुस्तफा को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया था। मुस्तफा बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। लगभग 530 किलोमीटर तक फैले 900 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर 26 दिसंबर को घरौंदा, करनाल से गिरफ्तार कर लिया गया। लगातार पूछताछ करने पर मुस्तफा ने खुलासा किया कि उसके गिरोह में 10 लोग शामिल हैं।

### गौकशी गैंग के तीन आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले की करावल नगर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के संभल से संचालित गौकशी गैंग के तीन लोगों को अरेस्ट किया है। इनके नाम वजाहत उर्फ अज्जू, जहाने आलम और साजिद उर्फ सादवा हैं। आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद हुई है। मुख्य आरोपी साजिद कुछ दिन पहले यूपी पुलिस द्वारा एनकाउंटर में अरेस्ट किया गया था। वह जुलाई में ही मुरादाबाद जेल से बाहर आया था। सभी आरोपी गौकशी के 15 से अधिक मामलों में लिप्त रहे हैं। यह गिरोह गलियों में घूमने वाली गायों को इंजेक्शन लगाकर पहले बेहोश करते और बाद में उन्हें काट देते थे।

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
**बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151 (www.hssc.gov.in)**

**माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा के विज्ञा. सं. 04/2015, श्रेणी सं. 16 के तहत पीजीटी संस्कृत (आरओएच) के पद हेतु परिशिष्ट**

एसएलपी (सिविल) सं. 3263 ऑफ 2023 शीर्षक तरसेम शर्मा एवं अन्य बनाम हरियाणा सरकार एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में, यह सभी सम्बन्धित उम्मीदवारों की सूचना हेतु है कि आयोग ने उन उम्मीदवारों को जिनके अनुक्रमांक नीचे दिये गये हैं, साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु दिनांक 02.01.2024 को 10.00 बजे आयोग के कार्यालय अर्थात बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला, हरियाणा में विज्ञा. सं. 4/2015 श्रेणी सं. 16 के तहत पीजीटी संस्कृत (आरओएच) के पद हेतु बुलाने का निर्णय लिया है।

उम्मीदवारों को सभी मूल दस्तावेज के साथ सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों का एक सैट और आवेदन प्रपत्र की डाउनलोडेड स्व-सत्यापित प्रति, दो अद्यतन फोटो और एक आईडी साक्ष्य लाने का भी निर्देश दिया जाता है। यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा हेतु दिनांक 02.01.2024 को उपस्थित नहीं होता तो उसे इसके पश्चात कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। 02.01.2024 को साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारों के अनुक्रमांक निम्नानुसार हैं :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 41600026 | 41600075 | 41600087 | 41600216 | 41600528 | 41600542 |
| 41600556 | 41600726 | 41600759 | 41600815 | 41601058 | 41601062 |
| 41601075 | 41601093 | 41601249 | 41601356 | 41601531 | 41601621 |
| 41601707 | 41601819 | 41601967 | 41602081 | 41602257 | 41602305 |
| 41602366 | 41602639 | 41602814 | 41602842 | 41602968 | 41603024 |
| 41603146 | 41603179 | 41603268 | 41603319 | 41603761 | 41603784 |
| 41603800 | 41603826 | 41603863 | 41603875 | 41603986 | 41604007 |
| 41604026 | 41604216 | 41604232 | 41604239 | 41604472 | 41604687 |
| 41604700 | 41605054 | 41605073 | 41605075 | 41605191 | 41605430 |
| 41605605 | | | | | |

1. यद्यपि परिणाम तैयार करने और अपलोड करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, अनजाने में / तकनीकी त्रुटियों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग इसे बाद में सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
2. यह सूचना एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

**दिनांक पंचकूला** **हस्ता/- सचिव**
**27 दिसम्बर 2023** **हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/599/2024/23756/88/7 दि. 28.12.23 **पंचकूला**

## नीरज बवानिया के नाम पर दो किलो सोने की भी हुई थी मांग

# जूलर से दो करोड़ की रंगदारी मांगने वाला जूलर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में एक ज्वेलर को अपने जानकार ज्वेलर से गैंगस्टर नीरज बवाना के नाम पर रंगदारी में दो करोड़ रुपये और दो किलो सोने की मांग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने आवाज बदलने वाली डिवाइस के जरिए रंगदारी मांगी थी।

दक्षिण जिले की नारकॉटिक्स टीम व संगम विहार थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपी का नाम विपिन गुप्ता (35) बताया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह कर्ज तले दबा था, इसलिए शॉर्ट कट से रुपये प्राप्त करना चाहता था ताकि कर्ज से मुक्त हो सकें। डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि पीड़ित संगम विहार




इलाके में ज्वेलरी शॉप चलाता है। 14 दिसंबर से रंगदारी मांगने का सिलसिला शुरू हुआ था। दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल की जा रही थी। कॉलर ने खुद को नीरज बवाना गैंग का बदमाश बताया और उनसे दो करोड़ रुपये और दो किलो सोने की मांग की। नए साल से पहले डिमांड पूरी न करने पर आरोपी को घातक परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की और कॉल्स को ट्रेस किया। कॉल डिटेल्स के आधार पर कई जगह छापेमारी की गई। इसके बाद विपिन गुप्ता हाथ आया। इसके पास से एक कार, कीपैड मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड और एक वॉइस बदलने वाली डिवाइस बरामद हुई है। विपिन गुप्ता ने भी संगम विहार के के-ब्लॉक में ज्वेलरी शॉप चलाता है। वह कर्ज तले दबा था। इस केस में ज्वेलर का साथी भी शामिल था। पुलिस उसकी तलाश में है।

### क्लब मालिक पर फायरिंग करने वाला शूटर धरा

**नई दिल्ली।** फतेहपुर बेरी इलाके में एक क्लब मालिक पर कई राउंड गोलियां चलाने और लोहे की रोड से पिटाई करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी ऑटो थेफ्ट स्कवॉयड (एएटीएस) की टीम के हत्थे चढ़ा शूटर हितेश रणदीप भाटी और सचिन मूसा गैंग से संबंध रखता है। वह फरीदाबाद का रहने वाला है। वारदात में इस्तेमाल कार और लोहे की रोड भी पुलिस ने बरामद कर ली है। इसके ऊपर पहले से फरीदाबाद के अलग-अलग थानों में मामले दर्ज बताये जाते हैं। पुलिस के अनुसार 21 दिसंबर को गुरुग्राम स्थित किंग क्लब के मालिक सुंदर पर कुछ लोगों ने पहले हरियाणा सीमा और फिर दिल्ली में हमला किया था। कई राउंड गोलियां चलाने के साथ साथ चार-पांच हमलावरों ने उन पर लोहे की रोड से भी हमला किया गया था। गाड़ी के शीशे भी तोड़े गये थे। मामला फतेहपुर बेरी थाने में दर्ज किया गया था। जांच के दौरान एक कार के



बारे में पता लगाया गया। उसके आधार पर फरीदाबाद स्थित तिगांव में छापा मारकर हितेश को दबोचा गया। पूछताछ में पता चला कि यह गैंगस्टर सचिन मूसा से रिश्तेदार के जरिए संपर्क में आया था। उसके बाद इसका संपर्क रणदीप भाटी गैंग से भी हो गया था। आरोपी पहले भी गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस का कहना है कि मामले में दूसरे और बदमाशों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के मरीज की पुष्टि के बाद दिल्ली सरकार हुई सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के एक मरीज में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 की पुष्टि के बाद दिल्ली सरकार सतर्क हो गई है। इसी के चलते अस्पतालों में कोरोना को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल पहुंचे। जहां तैयारियों की जांच करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि अस्पताल में कोरोना के मरीजों के लिए एक अलग ही वार्ड तैयार किया गया है, जिसमें कोरोना के मरीजों के लिए लगभग 20 बेड की व्यवस्था की गई है और कोरोना बीमारी में मरीजों को होने वाली समस्याओं से निपटने की सभी व्यवस्थाएं भी उस वार्ड में मौजूद है। भारद्वाज ने पूरे वार्ड का जायजा लिया। सौरभ ने बताया कि अभी पूरा वार्ड खाली पड़ा हुआ है, क्योंकि अस्पताल में अभी तक एक भी कोरोना मरीज के होने की पुष्टि नहीं हुई है। परंतु लगातार अस्पताल में कोरोना के लक्षणों से संबंधित मरीजों की जांच की जा रही है, जैसे ही कोई भी कोरोना संबंधित मरीज की पुष्टि होती है, उसको तुरंत अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया जाएगा। सौरभ ने बताया कि अस्पताल में लगभग सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है और परिस्थितियों को देखते हुए आगे भी जो जरूरत होगी उस हिसाब से तैयारी की जाएगी।

**खास बातें**

- कोरोना से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री
- कोरोना के मरीजों के लिए 20 बेड किए गए आरक्षित



सौरभ ने बताया कि एनएनजेपी अस्पताल में कोरोना जैसे लक्षण वाले मरीजों के लिए अलग से हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है, ताकि कोरोना के मरीजों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े और साथ ही साथ अस्पताल में आने वाले अन्य मरीजो को भी किसी प्रकार का खतरा न हो। क्योंकि यदि एक ही जगह पर सभी मरीजों की जांच की जाएगी तो उस स्थिति में एक मरीज से दूसरे मरीज को कोरोना होने का खतरा बहुत अधिक बढ़ जाता है। इन सभी परिस्थितियों का ध्यान रखते हुए कोरोना के मरीजों के लिए अलग से हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि अस्पताल में जैसे ही कोई भी कोरोना या फ्लू जैसे लक्षण वाला मैरिज की पुष्टि होगी, तुरंत उसका आरटी-पीसीआर टेस्ट किया जाएगा और इस आरटी-पीसीआर टेस्ट के लिए अस्पताल में अलग से एक जांच केंद्र की व्यवस्था की गई है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कोरोना के मरीजों के लिए अलग से यह जांच केंद्र बनाया गया है, ताकि कोरोना से पीड़ित मरीजों को लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े और जल्द से जल्द इस बीमारी की पुष्टि हो सके ताकि यदि किसी मरीज को कोरोना पॉजिटिव आता है तो तुरंत प्रभाव से उसे इलाज मुहैया कराया जा सके। अलग जांच केंद्र बनाने से कोरोना के फैलने के खतरे को भी कम किया जा सकता है। इसी सोच और सतर्कता के साथ अस्पताल प्रशासन ने कोरोना जैसे लक्षणों वाले मरीज के लिए अलग जांच केंद्र की व्यवस्था की है।

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 से पीड़ित मरीजों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में अभी तक जेएन-1 के केवल एक ही मरीज की पुष्टि हुई थी। उन्होंने बताया कि वह मरीज पुष्टि होने के पश्चात नजदीकी किसी अस्पताल में भर्ती हुआ था। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि वह मरीज भी अब स्वस्थ हो चुका है और अपने घर लौट चुका है। उन्होंने बताया हालांकि यह वेरिएंट पहले वाले वेरिएंट से कम खतरनाक प्रकृति का है, परंतु हमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल प्रशासन के साथ-साथ दिल्ली की जनता को भी सावधान रहने की सलाह दी, ताकि दिल्ली में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को कोरोना बीमारी का खतरा नहीं हो और दिल्ली में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत क्षति न हो।

### मंत्री सौरभ ने दिए सभी नमूनों के जीनोम जांच के आदेश

दिल्ली सरकार द्वारा जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजे गए नमूनों में एक नमूने में नए वेरिएंट जेएन-1 की पुष्टि होने के बाद गुरुवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि वाले सभी नमूनों का जीनोम अनुक्रमण करने के निर्देश दिए हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सरकार ने कोविड परीक्षण बढ़ा दिया है और बुधवार को 636 नमूनों की जांच की गई। भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को दिल्ली में वायरस के जेएन.1 स्वरूप के पहले मामले की पुष्टि की थी। उन्होंने कहा कि मैंने संक्रमण की पुष्टि वाले सभी मामलों के जीनोम जांच के निर्देश दिए हैं, ताकि नए स्वरूप के मामलों की संख्या की पुष्टि की जा सके। उन्होंने बताया कि तीन स्वरूपों की पुष्टि की गई थी, जिनमें से दो पुराने ओमिक्रॉन स्वरूप के थे और एक मामला नये जेएन.1 स्वरूप का पाया गया।

## महापौर ने नेता विपक्ष और तीन पार्षदों को 15 दिनों के लिए किया निलंबित

# घटिया दवाओं की आपूर्ति को लेकर निगम सदन बैठक में हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सदन की बैठक में गुरुवार को नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने हंगामा किया और दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में घटिया दवाओं की आपूर्ति का आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को गिरफ्तार करने की मांग की। इसके अलावा पार्षदों ने 'सौरभ भारद्वाज को जेल भेजो', 'हाउस टैक्स माफी योजना लाओ', 'क्या हुआ तेरा वादा', 'पहली तारीख को वेतन कहा था' जैसे नारे लगाए। बता दें कि जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो सत्तादल और विपक्षी दल भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। इसके बाद जैसे महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कार्यवाही शुरू की तो नेता विपक्ष सहित भाजपा पार्षदों ने निगम कर्मियों के वेतन में विलंब, पेंशन, गृहकर और अन्य मुद्दों पर जवाब की मांग की और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के दौरान ही महापौर डॉ. ओबरॉय की अध्यक्षता में नेता सदन मुकेश गोयल ने 18 प्रस्ताव पारित कर दिए, जिसमें तीन स्थगित और दो को रेफर बेक किया गय। सदन को अगली बैठक तक स्थगित कर दिया गया। इस दौरान महापौर शैली ओबेरॉय ने विपक्ष के नेता राजा इकबाल और भाजपा पार्षद रवि नेगी, योगेश वर्मा और गजेंद्र सिंह को सदन से 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया। वहीं, इसके बाद महापौर डॉ. ओबरॉय ने प्रेसवार्ता में बताया कि सदन की कार्यवाही को बार-बार बाधित करने के प्रयास की वजह से चार सदस्यों को 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। अगर निलंबन की अवधि समाप्त होने से पहले बैठक होती है तो उन्हें सदन में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। डॉ. ओबरॉय ने कहा कि भाजपा के पार्षद सदन शुरू होते ही हंगामा करने लगते है और नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा नहीं होने देते है। वहीं, नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि सीलिंग के मुद्दे पर भाजपा के पार्षदों ने चर्चा नहीं होने दी। भाजपा नागरिकों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है।



### भाजपा पार्षदों के साथ महापौर ने किया पक्षपात : नाजिया दानिश



दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक में हुए हंगामे और निलंबन को लेकर कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने कहा कि सदन में इस तरह पहले भी आम आदमी पार्टी पार्षद शोर शराबा करते रहे हैं, तो भाजपा पार्षदों के साथ महापौर ने यह पक्षपात क्यों किया। हमने सबने देखा था स्थाई समिति चुनाव के समय मनोनीत निगम पार्षदों को लेकर आप पार्षदों ने कितना हंगामा किया था। उस समय महापौर ने अपनी इस शक्ति को क्यों नहीं इस्तेमाल किया या जब हमारी एक महिला पार्षद के साथ अभद्र टिप्पणियां की तब महापौर ने यह कदम क्यों नहीं उठाया। ये आप पार्टी की अपनी नीति है कि अपना काम चलाने के लिए दूसरे लोगों को निलंबित करे।

### महापौर के तानाशाही रवैये के कारण हंगामा हुआ : राजा इकबाल



दिल्ली नगर निगम में सदन की बैठक में महापौर डॉ. शैली ओबरॉय के तानाशाही रवैये के कारण हंगामा हुआ और जिसके चलते दिल्ली की महापौर ने नेता विपक्ष एवं तीन अन्य पार्षदों को 15 दिनों के लिए सदन की बैठक से निलंबित कर दिया है। निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने निगम मुख्यालय मे प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि महापौर मनमानी कर रही है और जनता के हितों से उनको कोई सरोकार नहीं है। नेता विपक्ष ने बताया कि जब सदन की बैठक में उन्होंने महापौर से पूछा कि सुप्रीम कोर्ट की न्यायिक समिति ने सभी सील दुकानों को डी - सील करने के आदेश दिये थे तो उस आदेश के अनुसरण में अब तक कितने लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को डी सील किया गया गया है। इस प्रश्न का महापौर के पास कोई उत्तर नहीं था। इसके अलावा जब हमने सदन में दिल्ली सरकार द्वारा आम जनता को नकली दवाइयां देने के मामला को सामने रखा और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज की गिरफ्तारी की मांग की तो महापौर ने बौखलाहट में नेता विपक्ष और भाजपा के तीन पार्षदों को 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया।

# दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 25 फीसदी ऑपरेशन थियेटर पड़े हैं बंद : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- खराब उपकरणों और मशीनों की जानकारी नहीं है सरकार के पास

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 235 ऑपरेशन थिएटर हैं लेकिन उनमें से 62 बंद पड़े हैं। दिल्ली सरकार को यह भी मालूम नहीं है कि अस्पतालों में कितने उपकरण और मशीनें खराब पड़ी हैं। यही वजह है कि कुछ अस्पतालों में सर्जरी के लिए कई-कई महीनों की तारीख दी जा रही है और दूसरी तरफ ऑपरेशन थियेटर तो हैं लेकिन वहां ऑपरेशन करने के लिए डॉक्टर और अन्य स्टाफ ही नहीं हैं। बिधूड़ी ने कहा कि ऑपरेशन थियेटरों के बंद होने का एक बड़ा कारण यह है कि सरकार के पास कोई विजन ही नहीं है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी यही बात सामने आई थी कि सरकार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह फेल हो गई थीं। मरीजों को बेड, डॉक्टर, दवाइयां, ऑक्सीजन और एबुलेंस नहीं मिले। वहीं कोरोना लहर के खत्म होने के बाद सरकार ने एलएनजेपी और जीटीबी अस्पतालों के साथ अस्पताल तैयार कराए जिस पर करोड़ों रुपए बर्बाद हो गए। इसी तरह कोरोना लहर के दौरान ही सरकार को यह महसूस हुआ कि बेड बढ़ाए जाने चाहिए। तब बेड तो खरीद लिए गए लेकिन डॉक्टरों के साथ-साथ ऑपरेशन के लिए जरूरी अन्य स्टाफ की भर्ती आज तक नहीं हुई। यही वजह है कि ऑपरेशन थियेटर में बेड भी हैं और उपकरण भी लेकिन स्टाफ ही मौजूद नहीं है। इसका नतीजा यह निकल रहा है कि जब कोई व्यक्ति दिल्ली सरकार के बड़े अस्पताल में किसी सर्जरी के लिए जाता है तो कई-कई महीनों के बाद की तारीख दे दी जाती है। यह अराजकता की स्थिति है कि ऑपरेशन थियेटर तो हैं लेकिन फिर भी वे बंद पड़े हैं।

### विधानसभा में सवाल पूछने पर भी दिल्ली सरकार नहीं दे पायी डेटा

बिधूड़ी ने बताया कि भाजपा विधायक ओमप्रकाश शर्मा ने पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा में सवाल पूछा था कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में कितनी मशीनें और उपकरण पिछले छह महीने से खराब पड़े हैं लेकिन सरकार के पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं था। हालांकि प्रश्न दो सप्ताह पहले ही भेज दिए जाते हैं लेकिन सरकार विधानसभा में डेटा नहीं दे पाई। ऑपरेशन थियेटरों के बारे में यह जानकारी अवश्य दी गई कि 235 ऑपरेशन थियेटरों में से 62 काम नहीं कर रहे। इसका मतलब यह है कि दिल्ली सरकार के 25 फीसदी ऑपरेशन थियेटर बंद पड़े हैं लेकिन ऐसा क्यों है, इसकी जानकारी सरकार के पास नहीं है।

## केंद्र का गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली सरकार की झांकी को शामिल न करना राजनीतिक कदम : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को भाजपा शासित केंद्र सरकार पर एक राजनीतिक कदम के तहत दिल्ली सरकार की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल नहीं करने का आरोप लगाया। पार्टी ने दावा किया कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि स्वास्थ्य और शिक्षा मॉडल को प्रदर्शित करने की दिल्ली सरकार की योजना को विफल किया जा सके। पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने प्रैसवार्ता में कहा कि दिल्ली सरकार को उसकी झांकी शामिल नहीं करने का कोई कारण नहीं बताया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह निर्णय राजनीति से प्रेरित है। दिल्ली सरकार गणतंत्र दिवस परेड में अपने शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल का प्रदर्शन करना चाहती थी। लेकिन दिल्ली और पंजाब की झांकी का चयन ही नहीं किया गया। कक्कड़ ने दावा किया कि असम, गुजरात और उत्तर प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों को पिछले पांच वर्षों से लगातार अपनी झांकियां प्रदर्शित करने का अवसर दिया गया है।

## गणतंत्र दिवस की झांकियों में आप सरकार क्या दिखाना चाहती है : स्वराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा सचिव बांसुरी स्वराज ने कहा है कि गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली और पंजाब की प्रस्तावित झांकियों को अनुमति नहीं दिए जाने पर आम आदमी पार्टी का हंगामा समझ में नहीं आ रहा है। विशेषज्ञों की एक अत्यधिक विशिष्ट समिति राज्य सरकारों और सरकारी विभागों से प्राप्त गणतंत्र परेड की झांकियों के प्रस्तावों पर निर्णय लेती है। यह शर्मनाक है कि आप नेता अपने झांकी प्रस्तावों को खारिज करने का कारण बताए बिना क्यों एक विशेषज्ञ समिति के फैसले का राजनीतिकरण कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा सचिव ने कहा है कि यह एक पहलू है, जबकि दूसरी ओर लोग जानना चाहते हैं कि अगर अनुमति दी जाती तो पंजाब और दिल्ली सरकारें झांकियों में क्या दिखातीं, क्योंकि पास केवल अपने मंत्रियों के भ्रष्टाचार की कथाएं और घोटाले दिखाने को हैं।

## अपनी मांगों को लेकर निगम शिक्षकों ने किया धरना

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर के प्रवेश द्वार के निकट धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री सहित अन्य शिक्षकों ने कहा कि निगम महापौर व निगमायुक्त को कई बार शिक्षकों की मांगों से अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई भी हल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महापौर को फरवरी 2023 से लेकर अब तक 6 ज्ञापन दिए जा चुके हैं जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। निगम शिक्षकों की मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है जो कि सारे निगम शिक्षक समाज का अपमान है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की सैलरी अभी तक नहीं मिली है, लाखों रुपए के एरियर्स बकाया है जिन्हें देने के लिए वर्तमान बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। वर्तमान में निगम स्कूलों में छात्र शिक्षक अनुपात के अनुसार छात्रों के लिए कम से कम 5000 शिक्षकों की कमी है जिन्हें भर्ती करने का बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

## कांग्रेस स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यालय में लवली ने फहराया पार्टी का झंडा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने गुरूवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर झंडा फहराया और कहा कि आज हम कांग्रेस स्थापना के 138 वर्ष पूरे कर चुके है। उन्होंने कहा कि आज सभी ज़िला कार्यालयों के साथ साथ सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों के बाहर कांग्रेस पार्टी का झंडा फहराया। लवली ने कहा कि कांग्रेस देश के इतिहास में एक परम्परा के साथ-साथ विचारधारा भी है जिसने आजादी के बाद देश को एक नई दिशा देकर प्रत्येक नागरिक को बराबर का अधिकार देकर स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र का गठन किया। इससे पहले लवली अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय गए जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस स्थापना दिवस पर झंडा फहराया, वहां मौजूद थे।

## 'यमुना नदी में अमोनिया का स्तर 2.8 पीपीएम तक पहुंचा'

# अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट लगाने में देरी पर मुख्य सचिव पर नाराज हुई जल मंत्री आतिशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



वजीराबाद रिजर्वायर में इन-सीटू अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखकर निर्देश दिए कि देरी के कारणों पर एक जनवरी तक रिपोर्ट दें। इसके साथ मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्य सचिव एक टाइमलाइन के साथ बताएं कि वज़ीराबाद में इन-सीटू अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट कब तक तैयार होगा और वे स्वयं व्यक्तिगत रूप से इस प्रोजेक्ट को मॉनिटर करें। और हर हाल में प्लांट के लिए टेंडर 15 जनवरी तक जारी हो जाए। जल मंत्री ने लिखे पत्र में मुख्य सचिव से सवाल करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री, मिनिस्टर इंचार्ज की अध्यक्षता में मार्च में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद भी प्रोजेक्ट शुरू क्यों नहीं हुआ। जो प्रोजेक्ट 4-6 महीने के भीतर पूरा होना था, 9 महीने बीतने के बाद भी उसपर जमीनी स्तर पर कोई काम क्यों शुरू नहीं हुआ।

जल मंत्री आतिशी ने कहा कि बुधवार को यमुना नदी में अमोनिया का स्तर 2.8 पीपीएम तक पहुंच गया। यमुना में अमोनिया के बढ़े हुए स्तर ने चंद्रावल और वज़ीराबाद में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया। इस कारण वज़ीराबाद और चंद्रावल प्लांट की उत्पादन क्षमता उनकी कुल क्षमता से लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो गई। इस कारण पानी का उत्पादन भी औसतन लगभग 35-40 प्रतिशत कम हो गया।

### इस समस्या के कारण एक चौथाई दिल्ली पर पड़ा प्रभाव

आतिशी ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि इस बड़ी समस्या के कारण दिल्ली के लगभग एक चौथाई हिस्से पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ है, जिससे सदर बाजार, सिविल लाइन्स, पुरानी दिल्ली, मुखर्जी नगर, बुराड़ी, पटेल नगर, राजेंद्र नगर, करोल बाग, मजनू का टीला, आईएसबीटी, बरफखाना, बारा हिंदू राव, कमला नगर, रूप नगर जैसे घनी आबादी वाले इलाके प्रभावित हुए। आतिशी ने कहा कि यमुना नदी में अमोनिया का बढ़ता स्तर अब बार-बार होने वाली ऐसी समस्या बन गई है जो हर साल दिल्ली में रहने वाले लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि, हरियाणा द्वारा नदी में छोड़ा गया अपशिष्ट पदार्थ और हरियाणा द्वारा नदी के प्रवाह का मेंटेनेंस न करना दिल्ली में यमुना में अमोनिया के बढ़ने का प्रमुख कारण हैं।

### प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ शुरू

जल मंत्री ने कहा कि मुझे यह कहते हुए निराशा हो रही है कि इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए जमीनी स्तर पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है जो दिल्ली जल बोर्ड की ओर से एक गंभीर चूक है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री, मिनिस्टर इंचार्ज और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इन उच्च स्तरीय बैठकों में लिए गए निर्णयों का भी कार्यान्वयन नहीं किया जाता तो ये बेहद गंभीर मुद्दा है। केजरीवाल सरकार ने इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि ऐसे प्रमुख प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन न होने से लाखों दिल्लीवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# उपराज्यपाल ने दौरा कर आरआरटीएस परियोजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को दिल्ली में क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने आरआरटीएस स्थलों का दौरा किया और अधिकारियों को सभी भूमि संबंधी मुद्दों और अन्य बाधाओं को जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया।

उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के साथ दिल्ली के प्रमुख परिवहन केंद्रों सराय काले खां और आनंद विहार में क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना स्थलों का दौरा किया और प्रगति का जायजा लिया। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के साथ दिल्ली के प्रमुख परिवहन केंद्रों सराय काले खां और आनंद विहार में आरआरटीएस परियोजना स्थलों का दौरा किया और कार्यों की प्रगति और चल रही चुनौतियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने और परियोजना के शेष हिस्से पर काम में तेजी लाने के लिए सभी भूमि संबंधी मुद्दों और अन्य बाधाओं को हल करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीईआरटी) के अधिकारियों को परियोजना के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। सक्सेना ने बाद में साहिबाबाद से दुहाई तक रैपिड रेल की सवारी भी की। सक्सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा और विश्व स्तरीय सार्वजनिक गति शक्ति सुविधाएं पीएम के निर्देश पर तैयार की जा रही हैं। इससे तेज, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल कनेक्टिविटी प्रदान करने में काफी मदद करेगी।



- अधिकारियों को भूमि से संबंधित बाधाओं को हल करने का दिया निर्देश

## खबर संक्षेप

### टैक्सी से टक्कर मारकर दोस्त की हत्या

**गुरुग्राम।** बादशाहपुर एरिया में शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी पर टैक्सी से टक्कर मारकर दोस्त की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच कर रही है। दरअसल, बादशाहपुर थाना पुलिस को बुधवार देर रात को सूचना मिली कि दरबारीपुर गांव के पास एक टैक्सी चालक को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया है।



### दस रुपए के विवाद पर चाकू से हमला

**गुरुग्राम।** सोहना सदर एरिया में दस रुपए के विवाद में युवकों द्वारा अमरूद विक्रेता पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में घायल पीड़ित को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित के भाई ने बताया कि वह सोहना बालूदा मोड पर अपने भाई के साथ अमरूद की रेहड़ी लगाता है। इस दौरान विवाद हो गया।



### मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**गुरुग्राम।** बादशाहपुर एरिया में थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार युवकों द्वारा एक युवक से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सकतपुर के शरीफ खान ने कहा कि वह बीती रात को करीब नौ बजे अपने दोस्त मकसूद के साथ घूमने के लिए बाहर निकल गया।



### पुलिस पर हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** बजघेड़ा थाना पुलिस ने पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को काबू कर लिया है। आरोपियों ने पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए हमला किया था। आरोपियों ने क्षेत्र में करीब तीन दर्जन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। जिनमें से दो आरोपी अक्तूबर माह में जेल से छूटकर आए और वारदातों में जुट गए। एसीपी क्राईम वरुण दहिया ने यह जानकारी दी।



### हत्या का आरोपी भतीजा सहित दो गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया में पांच साल पहले चाचा रामकरण की हत्या करने वाले भतीजे को पुलिस ने उसके साथी सहित गिरफ्तार किया है। एसीपी क्राईम वरुण दहिया ने बताया कि 31 जुलाई 2018 को गांव इस्लामपुर में जमीनी विवाद में रामकरण नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।



### 5.70 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने स्मैक की तस्करी करने वाले आरोपी व सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जसलोक उर्फ जस्सी निखिल विहार पार्ट 2 इस्माइलपुर का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने जैतपुर इस्माइलपुर रोड से काबू किया। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 05.70 ग्राम स्मैक बरामद हुई।



## सीनियर सिटीजन सेल में वरिष्ठ नागरिकों को किया जागरूक

# साइबर फ्रॉड, डायल 112 व नशा रोकने में सहयोग के लिए हरियाणा पुलिस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीसीपी सेन्ट्रल पूजा वशिष्ठ के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी सेन्ट्रल राजीव कुमार ने सीनियर सिटीजन सेल के ऑफिस में पुलिस पब्लिक कम्युनिटी के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित करके वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनके भरण-पोषण तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए बनाए गए कानून के बारे में उन्हें जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर फ्रॉड, डायल 112 व नशे के दुष्परिणाम के संबंध में जागरुक किया है। इस मीटिंग में सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर माया के साथ वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।



### मुफ्त कानूनी सलाह के बारे में बताया

एसीपी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के वेलफेयर तथा मेंटेनेंस के लिए किस प्रकार वह एप्लीकेशन फाइल कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों की दवा पानी, मल्टी सर्विस डे केयर सेंटर के प्रावधानों तथा मुफ्त कानूनी सलाह की जानकारी दी गई। लोगों को नशा रोकने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

### मेडिकल सहायता प्राप्त करें

एसपी ने बताया कि एरिया में रह रहे वरिष्ठ नागरिक किसी भी प्रकार की सहायता के लिए उन्हें किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी के विषय में यदि उन्हें कोई मेडिकल इमरजेंसी हो जाती है तो वह बाहर जाकर अपनी तकलीफ किसी को बताने में असमर्थ होते हैं। इस दशा में वह वरिष्ठ नागरिक सेल या थाने के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### पुलिस सहायता के लिए तुरंत उपस्थित होगी

एसपी ने बताया कि पुलिस वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए तुरंत उपस्थित होगी और उन्हें आवश्यक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही साइबर फ्रॉड के संबंध में बताया कि अगर कोई साइबर फ्रॉड होते हैं तो तुरंत 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज कराए। डायल 112 पर आप किसी भी प्रकार के क्राइम की सूचना दे सकते है। नशे के दुष्परिणाम के संबंध में जागरुक करते हुए बताया कि अगर आपके आसपास कोई नशा बेचता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### 7290010000 नंबर पर दें जानकारी

एसीपी के द्वारा वृद्धजनों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना। फरीदाबाद पुलिस द्वारा जारी वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन नंबर 7290010000 के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही वहां पर उपस्थित सभी को वरिष्ठ नागरिक रजिस्ट्रेशन के बारे विस्तारपूर्वक बताया। एसीपी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक निसंकोच मिलकर अपनी समस्या बता सकते हैं। फरीदाबाद पुलिस सदैव उनकी सहायता के लिए तत्पर है।

## तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने जनता को समर्पित की सड़क

# राज्य की भाजपा सरकार खेत से लेकर शहर तक अभूतपूर्व विकास कार्य करवा रही

### सीएम मनोहर जनता के जीवन में सुधार ला रहे, हो रहे करोड़ों के विकास कार्य


### राज्य सरकार ने हरियाण में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को दी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने आज भतौला से बडौली तक बनाई सड़क जनता को समर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से नारियल फुड़वाया और उन्हें बधाई दी। इस सड़क को बनाने पर करीब 9.30 लाख रुपए की लागत आई है और यहां से प्रतिदिन गुजरने वाले हजारों लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार खेत से लेकर शहर तक अभूतपूर्व विकास कार्य करवा रही है।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि पूरे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में जोरदार विकास कार्य हो रहे हैं। इसके साथ ही करोड़ों रुपए के टेंडर लगे हुए हैं। जिससे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में रहने वालों को बड़ा लाभ मिलने वाला है।

नागर का स्थानीय जनता ने जोरदार स्वागत किया और सड़क बनवाने के लिए धन्यवाद अदा किया। इस अवसर पर भाजपा विस्तारक पवन बघेल, सुरेंद्र बिधूड़ी, अमित भारद्वाज, पुष्पा चौहान, राजेंद्र बैंसला, अदल चंदीला, रंजीत चंदीला, अपल, कैलाश चंदीला, जय किशन चंदीला, सत्तू सरपंच, लाला चंदीला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हैं शुक्रगुजार

विधायक राजेश नागर ने कहा कि उनके क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाने के लिए वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शुक्रगुजार हैं। उन्होंने अपनी नीति से हमारी हर बात मानी है जिससे जनता का जीवन स्तर सुधर रहा है। नागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को स्वयं पीएम नरेंद्र मोदी रेगुलेट कर रहे हैं। एक दिन पहले ही उन्होंने लाभार्थियों के साथ संवाद किया है। पीएम मोदी और सीएम मनोहर की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। यही कारण है कि उनके प्रति जनता में समर्थन दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा किआज खेत से लेकर शहर तक भाजपा सरकारें अभूतपूर्व विकास कार्य करवा रही है। हमारा साथ दें हम बेमिसाल विकास देंगे।

### दरवाजे पर मोदी गारंटी की गाड़ी आ रही

नागर ने कहा कि किन्हीं कारणों से सरकारी कार्यालयों में नहीं पहुंच पाने वालों के दरवाजे पर मोदी की गारंटी गाड़ी आ रही है। हर क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। यह केवल सरकार की योजनाओं के प्रचार की गाड़ी नहीं है। केवल भाजपा की नीतियों को प्रचार करने का जरिया नहीं है। इन गाड़ियों के जरिए जनता को उसके दरवाजे पर प्रशासन मुहैया कराया जा रहा है।

## नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

# वकीलों के सुख-दुख में हमेशा रहूंगा साथ:प्रधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सेक्टर-12 स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित किया गया। प्रधान राजीव गौड़, महासचिव राजेश गुप्ता, वरिष्ठ उपप्रधान अमर सिंह, उपप्रधान डीके चौबे, कैशियर गौरव अरोड़ा, संयुक्त सचिव हरिंदर फोगाट, लाइब्रेरियन कुलदीप कुमार एवं कार्यकारिणी सदस्य डीआर चौधरी, अरविंद पटेल, फकरूदीन, कृष्ण अधाना, राजेश शर्मा, योगेश, हरीश गर्ग ने शपथ ग्रहण की। महासचिव राजेश गुप्ता ने मंच संचालन किया।

इस मौके पर महेश शर्मा, एसकेभारद्वाज, संदीप सेठी, राजेन्द्र शर्मा, विजय शर्मा, संजय डिन्डे, बलराम शर्मा, सत्यवान नरवाल, केके मिश्रा, दीपक भाटिया, सुभाष शर्मा, बलवीर सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान ने कल्याण के काफी काम किए

एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट राजीव गौड़ ने शपथ लेते हुए कहा कि पूर्व प्रधान ने वकीलों के कल्याण के लिए काफी काम किए। वह इसी काम को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह वकीलों के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।

### अधिवक्तओं के साथ पारिवारिक रिश्ता

विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के साथ उनका पारिवारिक रिश्ता है। अधिवक्ताओं को नई जिम्मेदारी सौंपी गई हैं मुझे पूरा विश्वास है कि इस जिम्मेदारी को भी पूर्ण निष्ठा के साथ निभायेंगे और में इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। समारोह में प्रधान सहित नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने शपथ ली।

### एसोसिएशन और बेहतर काम करेगी

कार्यक्रम में पूर्व प्रधान संदीप सेठी,डीआर चौधरी ने कहा कि उनकी एसोसिएशन एक साथ मिलकर चलती है। इसलिए चुनाव भी बड़े शांति से संपन्न हुए हैं। उन्हें पूरा भरोसा है कि एसोसिएशन और बेहतर काम करेगी।

## क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने किया गिरफ्तार

# आरोपी के पास से देसी कट्टे, जिंदा रोंद और स्कूटी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने देसी कट्टे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पवन उर्फ चटका सुभाष कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूत्रों से सेक्टर-8 सर्वोदय अस्पताल के पास झुग्गियों के पास से काबू किया है।

आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-8 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ के दौरान एक चोरी के मामले का खुलासा हुआ है। जिसमें आरोपी ने बल्लभगढ़ एरिया से एक स्कूटी चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था।



आरोपी नशा करने का आदी है। नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने वर्ष 2022 में एक लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

## कांग्रेस स्थापना दिवस पर किया ध्वजारोहण

# देश को बचाने के लिए एकजुट हों, संघर्ष के मैदान में कूदें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुलदीप शर्मा ने कहा है कि सही मायने में भारत को विकसित बनाने में कांग्रेस का हाथ रहा है। भाजपा ने लोगों को गुलाम बनाने का काम किया है। देश की संसद में विपक्ष को बाहर कर ऐसे कानून बनाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को निजता को खत्म किया जा सके। हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुलदीप शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 139वें स्थापना दिवस पर यह बातें कहीं। इस मौके पर पूर्वमंत्री करण दलाल, पूर्व विधायक ललित नागर, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जेपी नागर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित योगेश गौड़, पूर्व मेयर अशोक अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

## गोयल ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया

# पानी की बचत करने की सभी आदत डालें, पॉलीथिन का उपयोग न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने हैप्पी मॉडल स्कूल शीतला कालोनी में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया। उन्होंने सभी को सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल न करने की भी शपथ दिलाई। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण व पानी की बचत की सभी को आदत डालने की बात कही।

नवीन गोयल ने कहा कि पॉलीथिन हमारे पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है। सभी से अपील है कि गुरुग्राम को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए पॉलीथिन की जगह केवल कपड़े से निर्मित थैले का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढिय़ां तभी खुशियों से खिलेंगी जब सृष्टि के स्रोत प्रकृति को संरक्षित रखा जाएगा।



### पानी की करें बचत

गोयल ने कहा कि पृथ्वी पर कुल पानी का केबल 0.2 प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। ऐसे में जरूरत है कि हम पानी की अधिक से अधिक बचत करें। पानी के प्राकृतिक स्रोतों को सही करें। बरसाती पानी का संचयन करें। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाएं, ताकि बरसात का पानी जमीन में डाला जा सके। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे प्रकृति के संरक्षण के लिए जागरुक करने के लिए बच्चों से वॉल पेंटिंग कराएं। प्रकृति की चीजों को पेंटिंग के माध्यम से दीवारों पर उतारें ताकि आने-जाने वाले इससे जागरुक हो सकें।

## गाजियाबाद में कांग्रेसियों ने मनाया स्थापना दिवस

# भारत के गौरवशाली इतिहास में कांग्रेस पार्टी का योगदान अतुलनीयः जिलाध्यक्ष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिले में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138 वे स्थापना दिवस के अवसर पर जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने कई कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने पार्टी का झंडा फहराया और झंडे को सलामी दी।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने कांग्रेस पार्टी के स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक देश हित में किए गए कार्य के विषय में बताया। बिजेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के हर वर्ग को साथ लेकर देश को आगे ले जाने का विषेश काम किया। भारत के गौरवशाली इतिहास में कांग्रेस पार्टी ने विशेष योगदान दिया है। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी ने कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में कांग्रेस की स्थापना हुई थी।



## पति की शराब की लत से परेशान थी पत्नी

### बिजली के केबल से घोंट दिया गला

# नाबालिग भाई के साथ मिलकर महिला ने किया पति का कत्ल, पुलिस ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पति की शराब की लत व आये दिन गाली गलौच से परेशान महिला ने अपने पति की अपने नाबालिग भाई के साथ मिलकर हत्या कर दी। पत्नी व उसके भाई ने बिजली के तार से गला घोंट दिया और खूंटी से बांध दिया। पुलिस ने पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। गले में लपटा था बिजली का तार एसीपी मुरादनगर नरेश कुमार ने बताया कि थाना मुरादनगर पुलिस को प्रवेश पत्नी मृतक मोनू यादव ने सूचना दी थी कि उसके साथ उसका ससुर मारपीट कर रहा है।



इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा पुलिस ने कमरे में बंद मृतक मोनू को ताला खोलकर अंदर से निकाला मोनू का शव चारपाई पर पैर फैले हुए और कमर दीवार से भिड़ी हुई थी तथा गले में बिजली का केबल लिपटा था जबकि केबल का दूसरा छोर खूंटी में बंधा हुआ था । मृतक की मृत्यु को संदिग्ध मानते हुए पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमे हत्या की पुष्टि हुई।

### पति ने मारपीट और गाली गलौच की

पूछताछ करने पर प्रवेश ने बताया कि मेरा पति रोजाना शराब पीकर लगातार मेरे साथ मारपीट करता रहता था । 27 दिसम्बर की सुबह को मेरा पति बाहर से शराब पीकर घर में आया और घर में आने के बाद मेरे साथ मारपीट और गाली गलौच करने लगा। वहां पर मेरा छोटा भाई भी मौजूद था।

देव शिल्पी विश्वकर्मा ने किया था निर्माण

# राम मंदिर के प्राचीनतम-प्रामाणिक साक्ष्य के रूप में रामजन्मभूमि परिसर में संरक्षित हैं कसौटी के सात स्तंभ, संग्रहालय में रखें जाएंगे

एजेंसी ⏭ अयोध्या

राम मंदिर के प्राचीनतम-प्रामाणिक साक्ष्य के रूप में रामजन्मभूमि परिसर में कसौटी के सात स्तंभ संरक्षित हैं। इन स्तंभों को श्रीराम से भी पूर्व का माना जाता है। वर्तमान में इनकी संख्या सीमित रह गई है। पौराणिक विवरण के अनुसार श्रीराम इक्ष्वाकु की 63वीं पीढ़ी में हुए। महाराज अनरण्य 22वीं पीढ़ी के थे। उन्हें रावण के हमले का सामना करना पड़ा। उन्होंने वीरतापूर्वक प्रतिकार किया, किंतु सफल नहीं हो सके। इस युद्ध में अनरण्य ने वीर गति प्राप्त की। विजय के दंभ में चूर रावण वापस लौटते समय अनरण्य का दरबार कसौटी के जिन प्रतिष्ठापरक स्तंभों पर टिका था, उन्हें विजय की स्मृति में लेता चला गया।

**खास बातें**

- इक्ष्वाकु वंश में महाराज अनरण्य 22वीं पीढ़ी में हुए
- रावण से अनरण्य युद्ध हार थे
- रावण ले गया था कसौटी के स्तंभ



## लंका पर विजय के बाद श्रीराम लाए थे स्तंभ

लोमस रामायण और संस्कृत ग्रंथ राम-हनुमान संवाद के अनुसार ये स्तंभ देव शिल्पी विश्वकर्मा ने स्वयं निर्मित किए थे। इन प्रतिष्ठापरक स्तंभों को अयोध्या के लोग कभी भुला नहीं सके और श्रीराम ने जब लंका पर विजय प्राप्त की, तो माता सीता के साथ वह स्तंभ भी वापस ले आए, जिन्हें रावण ने अपने दरबार में लगवा रखा था।

## मंदिर के पुनर्निर्माण में कुश ने लगाए स्तंभ

कालांतर में कुश ने भीषण बाढ़ से समाप्त प्राय हुई अयोध्या का पुनर्निर्माण कराने के साथ इन स्तंभों से पिता श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य स्मारक का निर्माण कराया। कसौटी के ये स्तंभ आरंभ में कितनी संख्या में रहे होंगे, इस बारे में अनुमान कठिन है, किंतु युगों बाद और आज से लगभग 2100 वर्ष पूर्व इनकी संख्या 84 थी।

## 2020 में मिले 6 और स्तंभ

मई 2020 में मंदिर निर्माण शुरू करने से पूर्व समतलीकरण के दौरान इन 13 स्तंभों में से 7 प्राप्त भी हो गए। तब से इन स्तंभों को रामजन्मभूमि परिसर में ही सहेज कर रखा गया है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की योजना 1528 से पूर्व राम मंदिर का साक्ष्य उपलब्ध कराने वाले स्तंभों को संग्रहालय में प्रदर्शित करने की है

## रामजन्मभूमि की प्रामाणिकता सिद्ध हुई

निर्मोही अखाड़ा के पंच के रूप में विवादित ढांचे और उसमें प्रयुक्त स्तंभ को निकट से देखते रहे महंत रामदास यह भी याद दिलाते हैं कि इन स्तंभों में देवी-देवताओं की मूर्तियां भी उत्कीर्ण थीं और ये स्तंभ अपनी स्थापत्य शैली के साथ इन मूर्तियों के अंकन से भी वास्तविकता पर से पर्दा हटाने वाले साबित होते रहे। इससे इस निष्कर्ष पर पहुंचना सहज बना रहा कि कथित बाबरी मस्जिद कोई मौलिक ढांचा नहीं था, बल्कि उसे मंदिर की आधार भूमि पर खड़ा किया गया था।

**खबर संक्षेप**

## मिट्टी की दीवार गिरने से तीन बच्चों की मौत

**बहराइच।** बहराइच जिले के सलारपुर गांव में गुरुवार दोपहर में अचानक मिट्टी की दीवार गिर गई।



मिट्टी के मलबे में दबकर सगे भाई और ममेरे भाई समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। घायलों को बाबगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से क्षेत्र में कोहराम मच गया। घटना रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम सलारपुर लक्ष्मनपुर गांव निवासी वारिस अली के यहां हुई।

## चाय मांगी तो पत्नी ने आंख में घोंप दी कैंची

**बागपत।** यूपी के बागपत जिले के बड़ौत में बड़ौली रोड गली नंबर-6 में रहने वाले एक युवक को पत्नी से चाय मांगना महंगा पड़ा।



चाय मांगने पर पत्नी ने अपने पति की आंख में कैंची घोंप दी। युवक की पत्नी घर से फरार हो गई। पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से उसे मेरठ के लिए रेफर किया गया। कोतवाली पुलिस का कहना है कि तीन दिन पहले युवक की पत्नी ने युवक समेत उसके भाई व भाभी के खिलाफ मारपीट की शिकायत की थी। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवक की शादी तीन साल पहले सूप गांव में हुई थी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक में दिए दिशा-निर्देश

# यादगार होगा प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन, विकास के नए युग का सूत्रपात

सीएम योगी आदित्यनाथ ने 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के अयोध्या आगमन को 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने के लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि तैयारी ऐसी हो जैसे पूरी अयोध्या राममय दिखे।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

सीएम योगी ने 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के धर्मनगरी अयोध्या आगमन को 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने के लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही व दयाशंकर सिंह तथा महापौर अयोध्या सहित स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर सीएम ने कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**खास बातें**

- स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाएं
- भव्य तोरण द्वार तैयार कराएं
- साधु-संत पुष्पवर्षा से करेंगे पीएम का अभिनंदन
- जनसभा में आएंगे डेढ़-दो लाख लोग



## पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था हो

योगी ने निर्देश दिए कि जनसभा स्थल एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर वाहनों की पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था हो और उन पार्किंगों के पास पर्याप्त जन सुविधाओं की भी व्यवस्था की जाए। चिकित्सकों की तैनाती करें। यह समारोह बड़ा है। बड़ी संख्या में जनभागीदारी होगी। इसलिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। एरियल सर्विलांस भी हो। वर्दीधारी सुरक्षाकर्मियों।के अलावा सादी वर्दी में भी पुलिस की तैनाती की जाए। पीएम के सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन करायें।

## सुरक्षा, साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था हो

योगी ने निर्देश दिए कि पीएम के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था हो। स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाएं। भव्य तोरण द्वार तैयार कराएं। जगह-जगह सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रुचिकर प्रस्तुतियां हों। उन्होंने कहा है कि तैयारी ऐसी हो जैसे पूरी अयोध्या राममय दिखे। पीएम के स्वागत हेतु अयोध्यावासी भी उत्सुक हैं। उन्हें यथोचित स्थान दें। साधु-संतगणों द्वारा पुष्पवर्षा कर पीएम का अभिनंदन किया जाना है। उनसे संवाद बनाएं। यह रोड शो जनता के लिए है, ऐसे में जनभावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

## कहीं जाम न लगे

योगी ने निर्देश दिए कि निकटवर्ती जिलों के प्रशासन से संवाद कर यातायात प्रबंधन की रणनीति लागू करें। लखनऊ-गोरखपुर मार्ग पर कहीं जाम न लगे। डायवर्जन के बारे में समय से प्रचार-प्रसार करें। पीएम मोदी के रोड शो के रूट को आकर्षक ढंग से सजाएं। रूट में पड़ने वाली दुकान/व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुली रहें। व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान की साज सज्जा के लिए प्रोत्साहित करें। एयरपोर्ट से रेलवे स्टेशन के पूरे क्षेत्र में हमें स्वच्छता का विशेष ध्यान देना होगा। अयोध्या में कहीं भी सड़कों पर धूल तथा गंदगी आदि न हो। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मानव संसाधन भी तैनात करें।

## अयोध्या को एयरपोर्ट सहित मिलेंगी हजारों करोड़ों की परियोजनाएं

सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2023 की विदा वेला पर धर्मनगरी अयोध्या में पीएम का आगमन अयोध्या में 'विकास के नए युग' के प्रारंभ करने वाला होगा। इस अवसर पर देश को न केवल एक नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उपहार मिलने जा रहा है, बल्कि अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं के उपहार भी मिलेंगे। पीएम का यह अयोध्या दौरा अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार देने वाला होगा। यह आयोजन अति महत्वपूर्ण है, इसके दृष्टिगत भारत सरकार के सहयोग से स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं।

## पीएम मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे

सीएम योगी ने कहा कि इस विशेष अवसर पर पीएम जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा में आसपास के जनपदों से डेढ़ से 2 लाख आम नागरिकों के आने की संभावना के दृष्टिगत सभी तैयारियां और अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गो पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं जनसभा में आने वाले नागरिकों की आधारभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। भीड़ प्रबंधन पर फोकस करें।

# एसवाईएल पर हरियाणा पंजाब की तीसरी बैठक भी बेनतीजा



बैठक में मौजूद हरियाणा-पंजाब के मुख्यमंत्री और बीच में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

सतलुज-यमुना लिंक नहर (एसवाईएल) विवाद पर हरियाणा-पंजाब के सीएम और अधिकारियों के बीच तीसरी बैठक भी बेनतीजा रही। चंडीगढ़ में केंद्रीय जलमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में करीब 1.20 घंटे तक चली बैठक में में दोनों राज्य अपने पुराने स्टैंड पर कायम रहे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मीटिंग खत्म होने के बाद कहा कि हम अपने पुराने स्टैंड पर कायम हैं। पंजाब का 70 फीसदी हिस्सा डार्क जोन में है। हमारे पास देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। वहीं, हम हरियाणा को यमुना से पानी देने का एतराज नहीं करते है। दूसरी तरफ, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल ने कहा कि पंजाब के साथ एसवाईएल पर मीटिंग मनोहर माहौल में बात हुई है, लेकिन एक मान है कि मानता नहीं। मौजूदा चैनल 66 साल से भी पुराना हो चुका है। पानी के नेचुरल फ्लों के आर्टिफिशियल चैनल का निर्माण जरूरी है। पंजाब सरकार नहर का निर्माण करवाए। एसवाईएल हमारा अधिकार है इसे हम लेकर रहेंगे।

**मान बोले, पंजाब का 70 फीसदी क्षेत्र डार्क जोन में, हमारे पास देने के लिए एक बूंद पानी नहीं मनोहर लाल बोले, एक मान है कि मानता नहीं एसवाईएल हमारा हक, नहर का निर्माण करे**

## हरियाणा से सीख ले पंजाब : शेखावत

शेखावत ने दोनों राज्यों में घटते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त की और इस दिशा में समर्पित प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के लिए हरियाणा सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा ने सूक्ष्म सिंचाई के मामले में 1000 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की है। पंजाब को भी हरियाणा से सीख लेनी चाहिए।

## नहर निर्माण अलग विषय

बैठक के दौरान सीएम मनोहर ने कहा कि एसवाईएल का निर्माण और पानी के बंटवारे का विषय अलग-अलग है, लेकिन पंजाब एसवाईएल निर्माण के विषय पर अटका है, जबकि हमें सामूहिक रूप से इस विषय पर आगे बढ़ना चाहिए।

# पेज एक का शेष

## कतर में अब 8...

कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों को अगस्त 2022 में हिरासत में ले लिया गया था। भारत ने पिछले महीने मौत की सजा के खिलाफ कतर स्थित अपीली अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

## हादसे के लिए 'जिम्मेदार' ...

को भी सस्पेंड कर दिया गया है। कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार जिला पंचायत सीईओ प्रथम कौशिक को सौंपा गया है। हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी बस हादसे पर दुख जताया है।

**इनके खिलाफ इन धाराओं में केस:** बजरंगगढ़ पुलिस ने बस ऑपरेटर भानुप्रताप सिकरवार, लापता डंपर चालक, लापता बस चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 304, 308, 279, मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66, 192क, 56 और 192 के तहत एफआईआर दर्ज की । यह धाराएं आपराधिक मानव वध की होने के साथ ही आजीवन कारावास से दंडनीय हैं। बिना परमिट और फिटनेस की चल रही यह बस भाजपा के उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह सिकरवार (छुन्ना) के भाई भानु प्रताप सिंह सिकरवार के नाम पर है।

**बस का रजिस्ट्रेशन और बीमा नहीं था:** हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ। बस गुना से आरोन की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे एक डंपर से बस की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस पलट गई और उसमें आग लग गई। दो-ढाई घंटे की मशक्कत के बाद बस में लगी आग पर काबू पाया जा सका। बस का रजिस्ट्रेशन और बीमा नहीं था। फिटनेस सर्टिफिकेट भी एक्सपायर हो चुका था। घायल यात्रियों के बयान के आधार पर बस मालिक भानु प्रताप सिकरवार, ड्राइवर और डंपर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में बस और डंपर चालकों के नाम नहीं लिखे हैं। केवल गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज किए गए हैं।

**क्यों लगी थी बस में आग?..डीजल टैंक फटा और विस्फोट हो गया:** परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह सही है कि बसों की फिटनेस होनी चाहिए। सुरक्षा की सारी जरूरतों को पूरा किया जाना चाहिए। पर जब ये बस पलटी तो इसका डीजल टैंक फट गया। उसमें आग लग गई और विस्फोट हो गया। तो अब, यह सोचना होगा कि डीजल टैंक टकराने के बाद फटे ही न। ऐसी कोई तकनीक विकसित करनी होगी।

## कैलाश ने दिया भाजपा ...

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की नियुक्ति की जा सकती है। विजयवर्गीय ने कहा है कि अब पार्टी ने मुझे एक नई भूमिका के लिए भेजा है। मैं प्रधानमंत्री का संकल्प 2047 में भारत, विश्व का शक्तिशाली देश बने, इस दिशा में मप्र को शक्तिशाली बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में काम करुंगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र विकास की एक नई इबारत लिखेगा।

## गर्भगृह में पीएम सहित ...

की 3 टीमें बनाई गई हैं। पहले दल का नेतृत्व स्वामी गोविंद देव गिरि करेंगे। दूसरे दल का नेतृत्व शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती करेंगे। विजयेंद्र सरस्वती कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य हैं। तीसरी टीम में काशी के 21 विद्वान रखे गए हैं। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

**अयोध्या में व्यापक स्तर पर चल रही तैयारियां:** प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या में भारी भीड़ पहुंचने की उम्मीद है और इसके मद्देनजर शहर में व्यापक स्तर पर काम चल रहा है। सीएम योगी लगातार तैयारियां की समीक्षा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में काशी विश्वनाथ और वैष्णोदेवी मंदिरों के प्रमुखों सहित लगभग 4,000 संतों को आमंत्रित किया गया है। इस समय विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए 4,000 से अधिक लोग अलग-अलग शिफ्ट में साइट पर काम कर रहे हैं। इनमें से 400 श्रमिकों को अभिषेक समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए बनाई गई तीन मूर्तियों में से रामलला की मूर्ति का चयन जनवरी के पहले सप्ताह में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शहर की एक प्रमुख सड़क को सूरज की थीम वाले सूर्य स्तंभों से भी सजाया जा रहा है।

## भाजपा सांसद मुझसे...

कि राहुलजी आपसे बात करनी चाहिए। जब मैंने उनसे पूछा कि तुम तो भाजपा में हो, सब कुछ ठीक है, तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अब यहां सहा नहीं जाता। हमारी कोई नहीं सुनता। राहुल ने कहा भाजपा में राजाओं की विचारधारा है, यहां ऊपर से आए आदेश का पालन होता है। लेकिन कांग्रेस में सभी को बोलने की आजादी है। आजादी की लड़ाई देश की जनता ने लड़ी थी। राजा-महाराजाओं ने नहीं लड़ी थी। लोगों को लगता है कि आजादी की लड़ाई अंग्रेजों और राजा-महाराजाओं के खिलाफ थी। कांग्रेस ने गरीब जनता के लिए लड़ाई लड़ी। हिंदुस्तान की जनता के कोई अधिकार नहीं थे, महिलाओं के कोई अधिकार नहीं थे। ये आरएसएस की विचारधारा है। हमने ये बदला है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग फिर से देश को उसी दौर में ले जाना चाहते हैं।

## ईडी के आरोप...

ब्रिटिश नागरिक सुमित चड्ढा के खिलाफ दायर की गई थी। ईडी का मानना है कि उन्होंने भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी की मदद की, जिस पर कानूनों के साथ ही आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप है। हालांकि, इस मामले में अब तक प्रियंका की कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**चार्जशीट में रियल एस्टेट एजेंट संग प्रियंका के लेन-देन का जिक्र:** केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रियंका वाड्रा के दिल्ली स्थित रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा के साथ लेन-देन का जिक्र चार्जशीट में किया है। अप्रैल 2006 में फरीदाबाद के अमीपुर गांव में प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम पर एक घर कथित तौर पर खरीदा गया था। उसी समय यह जमीन पाहवा को वापस बेच दी गई थी। पाहवा वही एजेंट हैं, जिनसे प्रियंका वाड्रा ने कथित तौर पर 2005 और 2006 के बीच अमीपुर में 40.8 एकड़ जमीन खरीदी थी और दिसंबर 2010 में उसे वापस बेच दी थी। इसी तरह की डील थंपी के साथ भी की गई थी। उनको जनवरी 2020 में गिरफ्तार किया गया था। थंपी ने 2005 और 2008 के बीच एचएल पाहवा से उसी गांव में 486 एकड़ जमीन खरीदी थी। दावा है कि उनके थंपी के साथ गहरे संबंध थे।

दरभंगा-अयोध्या धाम के लिए अमृत भारत ट्रेन

# 30 दिसंबर को पीएम मोदी करेंगे परिचालन का शुभारंभ

एजेंसी ⏭ हाजीपुर

पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 30 दिसंबर को अयोध्या से यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त 02 अमृत भारत ट्रेन एवं 06 वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ किया जायेगा। इनमें एक दरभंगा-अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस तथा दूसरा मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं।



## आरामदायक यात्रा होगी

महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल अनिल कुमार खंडेलवाल ने कहा कि पीएम के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को साकार करते हुए भारतीय रेलवे ने वंदे भारत की तर्ज पर शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी युक्त आकर्षक एरोडाइनमिक डिजाइन है जिससे यात्रा आरामदायक होगी।

## पीएम छह नई वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

इनमें श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, कोयंबटूर-बेंगलुरू कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस, मैंगलोर-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस, जालना-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस और अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल है।

हमीरपुर में धर्म परिवर्तन कर नायब तहसीलदार बना यूसुफ

# कर ली दूसरी शादी, पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ हमीरपुर

हमीरपुर में तैनात नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता ने धर्मांतरण कर यूसुफ बन गए हैं। नायब तहसीलदार की पत्नी ने पति पर केस दर्ज कर आरोप लगाया है कि धर्म बदलकर किसी दूसरी महिला से शादी कर ली है। पुलिस ने नायब तहसीलदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है।

यूपी में हमीरपुर के मौदहा कस्बे में तैनात नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता धर्मांतरण कर यूसुफ बन गए हैं। नायब तहसीलदार की पत्नी ने पति पर केस दर्ज कर आरोप लगाया है कि धर्म बदलकर किसी दूसरी महिला से शादी कर ली है। मेरे पास उनके निकाह के फोटो भी हैं।

## पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मंगलवार को मौदहा कस्बे में स्थित मस्जिद के मौलाना ने पुलिस से शिकायत कर कहा कि यहां एक व्यक्ति नमाज पढ़ने आता है, जो अपना नाम मोहम्मद यूसुफ बता रहा है।



लेकिन उसको आस-पास के लोग नायब तहसीलदार और हिंदू बता रहे हैं। इसके बाद बजरंग दल के लोगों ने हंगामा कर दिया। इसके बाद पत्नी की तहरीर पर कोतवाली थाने की पुलिस ने धर्मांतरण कर पति आशीष गुप्ता से मोहम्मद यूसुफ बने नायब तहसीलदार समेत पांच लोगों को नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ दूसरी शादी करने, धर्मांतरण समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद देर रात छापेमारी करके तहसीलदार पति आशीष गुप्ता और निकाह कराने वाले मस्जिद के मुअज्जिन समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



## यह है पूरा मामला

दरअसल, हनुमंत विहार कानपुर में रहने वाली आरती यज्ञसैनी उर्फ आरती ने कोतवाली थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पति आशीष गुप्ता हमीरपुर मौदहा में नायब तहसीलदार पद पर तैनात हैं। बीते चार महीने से आशीष घर नहीं आए हैं। मुझे अब सोशल मीडिया और मौदहा के अन्य लोगों से जानकारी मिली है कि मेरे पति ने मुस्लिम धर्म अपना लिया है। मेरे पति के रुखसार नाम की महिला से संबंध हैं। जिसने शादी करने के लिए मेरे पति का जबरन धर्म परिवर्तन करा दिया।

लोकसभा चुनाव मिशन 2024 में जुटी भाजपा

समाज के अलग-अलग वर्गों को साधने के लिए बनाई रणनीति

# संपर्क, संवाद व संबंध को सिद्ध करेंगे पदाधिकारी व कार्यकर्ता, 15 जनवरी तक बनाए जाएंगे पन्ना प्रमुख

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर नजरें गड़ाए भाजपा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच लोक संपर्क और लोक संवाद के जरिये लोक संबंध के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अपने प्रयासों को तेज करेगी। पार्टी ने 5 जनवरी तक प्रत्येक लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव संचालन समिति गठित करने का निर्णय है।

लोकसभा क्षेत्र चुनाव संचालन समिति 37 सदस्यीय होगी। विधानसभा क्षेत्र की संचालन समिति में 28 सदस्य होंगे। वहीं बूथ विजय सुनिश्चित करने के लिए पार्टी पन्ना प्रमुखों की तैनाती को लेकर गंभीर है। पन्ना प्रमुख बनाने के लिए हर जिले में एक संयोजक व दो सह संयोजक नियुक्त होंगे। पन्ना प्रमुख बनाने की प्रक्रिया 15 जनवरी तक पूरी करनी होगी।



## संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ कार्यकर्ता

बैठक में पार्टी पदाधिकारियों से केंद्र सरकार की ओर से संचालित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर निर्देश दिया गया कि यात्रा के तहत प्रचार वाहन जहां कहीं भी कार्यक्रम में पहुंचें तो लाभार्थियों के बीच पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति जरूर हो।

## 31 दिसंबर तक जिला स्तरीय बैठकें

बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों, क्षेत्रीय प्रभारियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों और सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक हुई जिसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने संबोधित किया। बैठक में तय हुआ कि चुनावी कार्ययोजना और संगठनात्मक तैयारियों के लिए 31 दिसंबर तक जिला स्तर पर बैठकें आयोजित कर ली जाएं जिसमें जिला प्रभारी और एक प्रदेश पदाधिकारी भी मौजूद हों।

## कालेजों में बनाएंगे विकसित भारत एंबेसडर

भाजपा ने प्रदेश में नमो एप के माध्यम से दो करोड़ लोगों को विकसित भारत एंबेसडर बनाने का लक्ष्य तय किया है। बैठक में भाजयुमो और महिला मोर्चा को इस अभियान को रफ्तार देने के लिए कालेजों में जाकर युवा विद्यार्थियों को विकसित भारत एंबेसडर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## 16 क्लस्टर बनाए जाएंगे

संगठनात्मक बैठक में बताया गया कि प्रदेश में पांच-पांच सीटों के कुल 16 क्लस्टर बनाए जाएंगे। इन क्लस्टर में पार्टी के केंद्रीय नेताओं के प्रवास जनवरी में शुरू होंगे।

चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# नया साल.. नया उत्साह नए इरादे

हर बच्चा नए साल को सेलिब्रेट करता है। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी इसमें पीछे नहीं रहते हैं। न्यू ईयर ये कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इस साल इनकी सेलिब्रेशन की क्या प्लानिंग है, इनका कौन-सा सबसे मेमोरेबल न्यू ईयर सेलिब्रेशन रहा, नए साल में इनका नया क्या करने का इरादा है, बता रहे हैं कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट **बालभूमि** को।



## सुबह रोज एक्सरसाइज करूंगी बॉडी को फिट रखूंगी : जारा वारसी

**जारा वारसी**, एंडटीवी के सीरियल 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। उसने काफी पहले से न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग कर रखी है। वह चहकते हुए बताती है, 'मैं न्यू ईयर अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट करूंगी। हमने प्लान किया है, हम पहले किसी पार्क में जाएंगे। इसके बाद किसी रेस्टोरेंट में जाकर टेस्टी-टेस्टी खाना खाएंगे। फिर घर आकर एंज्वॉय करेंगे। रात को 12 बजने से पहले सब मिलकर उल्टी गिनती करेंगे। 12 बजने पर एक-दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर विश करेंगे। वैसे मेरे सभी न्यू ईयर सेलिब्रेशन यादगार ही रहे हैं, लेकिन सबसे मेमोरेबल की बात करूं तो वो 2023 का पहला दिन सबसे यादगार रहा था। असल में साल 2022 के अंतिम दिनों में मैंने पापा से कहा कि मुझे एक हारमोनियम चाहिए। पापा ने वादा किया कि वो हारमोनियम न्यू ईयर के पहले दिन ही देंगे। पापा ने अपना प्रॉमिस पूरा भी किया। इस तरह न्यू ईयर पर अपनी विश पूरी होने पर फर्स्ट-डे बहुत मेमोरेबल बन गया।'

जारा से यह पूछने पर नए साल में उसका रेजॉल्यूशन क्या है, वह जवाब देती है, 'मैं न्यू ईयर रेजॉल्यूशन में बिलीव नहीं करती हूं। लेकिन मैंने सोचा है कि न्यू ईयर की सुबह उठकर रोज एक्सरसाइज करूंगी और बॉडी को फिट रखूंगी। ऐसा डेली करूंगी। हैप्पी न्यू ईयर इन एडवांस।' *

## एक कलाकार के रूप में पूरे परिवार को गर्व महसूस करवाऊंगा : व्योम ठक्कर



**इन दिनों** व्योम ठक्कर एंडटीवी के सीरियल 'अटल' में अटल बिहारी बाजपेयी के बचपन का किरदार निभा रहा है। इस किरदार में उसने दर्शकों का दिल जीत लिया है। व्योम न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर बहुत एक्साइटेड है। वह बताता है, 'साल 2024 में मेरे लिए बहुत खास होने वाला है, क्योंकि नए साल का पहला दिन मैं अपने माता-पिता, बड़े भाई और सीरियल 'अटल' की पूरी टीम के साथ सेट पर ही सेलिब्रेट करूंगा। अटल जी की शानदार छवि के साथ नए साल की शुरुआत करना, मुझ पर उनके आशीर्वाद के रूप में पूरे साल बना रहेगा। जहां तक सबसे मेमोरेबल न्यू ईयर सेलिब्रेशन की बात करूं तो साल 2022 के आखिरी दिन में कहीं बाहर जाने के बजाय हमने साल 2023 का स्वागत अपने घर पर ही सेलिब्रेट किया था। हमने बाहर से टेस्टी खाना मंगाया था। नए साल के जश्न में मम्मी-पापा, बड़े भाई और मेरा डॉगी शामिल थे।'

इस बार व्योम ने नए साल पर क्या रेजॉल्यूशन लिया है, वह यह भी बताता है, 'मैंने न्यू ईयर रेजॉल्यूशन भी लिया है कि अटल जी का किरदार बेहतर तरीके से निभाकर एक कलाकार के रूप में अपने पूरे परिवार को गर्व महसूस करवाऊंगा। सबको हैप्पी न्यू ईयर।' *


## अपने सपने के लिए काम करूंगी मम्मी-पापा को तंग नहीं करूंगी तृषा शारदा



**सोनी सब** के सीरियल 'आंगन अपनों का' में तृषा शारदा ने पल्लवी का रोल निभाकर सबको मोह लिया है। उसे न्यू ईयर सेलिब्रेट करना बहुत पसंद है। वह हंसते हुए बताती है, 'मैं पूरे साल कितनी भी बिजी रहूं, नए साल के मौके पर अपने परिवार वालों और अपने कजिंस के साथ ही होती हूं। यह खास दिन मैं उनके साथ ही सेलिब्रेट करती हूं। मुझे नए साल में केक काटना और मम्मा के हाथ का बना स्वादिष्ट व्यंजन खाना बहुत अच्छा लगता है। इसलिए इस बार मैं अपने चचेरे भाइयों के साथ घर में पार्टी करूंगी, जहां हम एक साथ नए साल का स्वागत करेंगे। मेरा मानना है कि हम कितने भी बिजी क्यों ना रहें, हमें अपनों के लिए समय निकालना ही चाहिए। वैसे तो मेरे सारे न्यू ईयर सेलिब्रेशन यादगार हैं। उनमें से एक मेरे दिल के बहुत करीब है, जब मैं मनाली गई थी और पहली बार मैंने बर्फबारी देखी थी। यह मेरे लिए एक अलग ही अनुभव था।'

तृषा नए साल पर अपना लिया जाने वाला रेजॉल्यूशन भी बताती है, 'मैंने नए साल पर कड़ी मेहनत का रेजॉल्यूशन लिया है। मैं कड़ी मेहनत से पढ़ाई करूंगी, अपने सपने के लिए काम करूंगी और मम्मी-पापा को तंग नहीं करूंगी, अपना बेस्ट दूंगी। सभी को नए साल की शुभकामनाएं!' *

## अपनी हॉबीज पूरी करने के लिए समय निकालूंगा : शीहान कपाही



**सोनी सब** के सीरियल 'वागले की दुनिया' में शीहान कपाही लंबे समय से अथर्व वागले के किरदार में लोगों को एंटरटेन कर रहा है। न्यू ईयर की प्लानिंग के बारे में पूछने पर वह बहुत खुश होकर बताता है, 'मैं और मेरी फैमिली नए साल का स्वागत कश्मीर जाकर करेंगे। मुझे वहां की बर्फ और ठंडा मौसम बहुत पसंद है। मैं साल का आखिरी दिन और नए साल का पहला दिन परिवार के साथ बिताऊंगा। 31 दिसंबर की रात पैरेंट्स के साथ होटल के कमरे में कोई अच्छी फिल्म देखते हुए स्वादिष्ट हॉट चॉकलेट खाऊंगा। न्यू ईयर की सबसे मेमोरेबल मोमेंट की बात करूं तो 2023 का न्यू ईयर सेलिब्रेशन फैमिली के साथ मुंबई में मेरी बिल्डिंग में डीजे, फूड्स और म्यूजिक के साथ मनाया था। पार्टी में मेरे सभी दोस्त थे। हमने पार्टी में खूब मस्ती की थी।'

जहां तक न्यू ईयर रेजॉल्यूशन की बात है, वह भी शीहान बताता है, 'इस साल के मेरे कई रेजॉल्यूशंस होंगे, जैसे-मैं एक बेहतर इंसान बनने की कोशिश करूंगा, एग्जाम में अच्छे नंबर लाने के लिए मेहनत करूंगा, कोई नया खेल भी सीखूंगा। अपनी हॉबीज पूरी करने के लिए समय निकालूंगा। समय मिला तो एक नई भाषा सीखूंगा। सभी को नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

रोचक / शिखर चंद जैन

# नए साल की अनोखी परंपराएं



बच्चों, नए साल पर जश्न मनाने का रिवाज पूरी दुनिया में है। लेकिन कुछ देशों में इस अवसर पर बड़ी अनूठी परंपराएं निभाई जाती हैं। जानो, इनके बारे में।

**दरवाजे पर लटकाते हैं प्याज, ग्रीस :** यूरोपीय देश ग्रीस में नए साल के दिन लोग अपने-अपने घरों के मुख्य दरवाजे पर प्याज लटकाते हैं। उनकी मान्यता है कि दरवाजे पर प्याज लटकाने से पूरे साल उनकी तरक्की होगी। दरअसल, यहां की संस्कृति में प्याज को विकास, तरक्की और खुशहाली से जोड़कर देखा गया है।



**बौद्ध मंदिरों में 108 बार बजाते हैं घंटा, जापान:** नववर्ष के अवसर पर जापान के बौद्ध मंदिरों में 31 दिसंबर की रात 12:00 बजे से ठीक पहले 107 बार और 12 बजते ही एक बार यानी कुल 108 बार घंटा बजाते हैं। इस परंपरा को जोयनोकाने कहा जाता है। इसके माध्यम से पुराने पाप नष्ट करने और 108 बुरी इच्छाओं को मारने की कल्पना की जाती है।



**बर्फीली झील में पौधारोपण, रूस :** रूस में पिछले 25 वर्षों से नए साल के अवसर पर बर्फ से जमी हुई दुनिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की बाईकाल झील की तलहटी में न्यू ईयर ट्री लगाने की परंपरा है। झील की सतह की खुदाई करके शून्य से भी कम तापमान में सतह से 100 फीट नीचे जाकर दो तैराक न्यू ईयर ट्री रोपकर आते हैं। जो दो गोताखोर बर्फीले पानी में गोता लगाते हैं उनमें से एक को फादर फ्रोस्ट और दूसरे को आइस मैडन कहा जाता है।



**जानवरों से करते हैं बातचीत, रोमानिया:** रोमानिया के किसान नए साल के अवसर पर अपने पशुओं से बातचीत करते हैं। पशु सकारात्मक जवाब दें तो इसे गुड लक माना जाता है। साथ ही यहां सौभाग्य की प्राप्ति के लिए नदी में सिक्के फेंके जाते हैं। कुछ इलाकों में लोगों द्वारा तरह-तरह के जानवरों का भेष बना कर नृत्य किया जाता है। कई जगह भालू जैसी ड्रेस पहन कर लोग खूब नाचते हैं और वाद्य यंत्र बजाते हुए एक-दूसरे के दरवाजे पर जाते हैं। *

## जीके क्विज-85



1. हाल में छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री कौन बना है?
2. मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री का नाम बताओ?
3. भारत की पहली महिला टेस्ट अंपायर कौन बनी हैं?
4. अंतरिक्ष में कुल कितने तारामंडल हैं?
5. जल की रानी किसे कहा जाता है?
6. किसे मसालों की रानी कहा जाता है?
7. दुनिया के सात अजूबों में से कौन-सा अजूबा अपने भारत देश में स्थित है?
8. आयरन मैन ऑफ इंडिया किसे कहा जाता है?
9. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से रहा है?
10. एक घंटे में कितने सेकंड होते हैं?

बच्चों, जीके क्विज-85 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-84 का उत्तर :** 1-लालदुहोमा, 2-गुजरात, 3-अफ्रीका, 4-22 दिसंबर, 5-बंदर, 6-नागपुर, 7-नेपच्यून या वरुण ग्रह, 8-उल्लू, 9-कीव, 10-11 खिलाड़ी

**जीके क्विज-84 का सही उत्तर देने वाले :** गौरव-जांजगीर, रोशन-धमतरी, पुष्पिका-धमतरी, चेतन-बालोद, मारुति-बिलासपुर, प्रियंका-महासमुंद, पूजा-कोरबा, सरस्वती-भोपाल, मुकेश-कटनी, जितेंद्र-दिल्ली, अंकिता-भिवानी

## हंसगुल्ले



**चिंटू के स्कूल का पहला दिन था। जब वह घर लौटा तो मम्मी ने पूछा-** चिंटू स्कूल का पहला दिन कैसा था?
**चिंटू हैरानी से-** क्या आपका मतलब है कि मुझे कल भी जाना होगा?
**- निकिता, दिल्ली**

मिक्की क्लास में हंस रहा था।
**क्लास मॉनिटर चिंटू-** स्टैंड आप, कौन हो तुम?
**मिक्की-** तुम कौन हो?
**चिंटू-** मैं मॉनिटर हूं।
**मिक्की-** तो फिर मैं की-बोर्ड हूं।
**- यश, रायपुर**

**नेहा-** गुड़िया, मैं जब भी गाना गाती हूं, तुम घर के बाहर क्यों खड़ी हो जाती हो?
**गुड़िया-** सबको यह बताने के लिए कि इतना बेसुरा मैं नहीं गा रही हूं।
**- मिंटू, भोपाल**

कहानी

आशा शर्मा

# नए साल का रेजॉल्यूशन

मीनू की मौसी का बेटा राजा, विंटर वेकेशन में उसके घर आया था। वह जब देखो तब मोबाइल गेम में लगा रहता। मीनू को यह देखकर बहुत खीज होती, क्योंकि राजा उसके साथ खेलता नहीं था। मीनू के पापा ने बड़े प्यार से राजा को कुछ ऐसे कामों में लगाया कि वह मोबाइल गेम खेलना भूल गया। विंटर वेकेशन खत्म होने पर जब राजा वापस अपने घर जाने लगा तो उसने नए साल का अपना जो रेजॉल्यूशन बताया, सब सुनकर बहुत खुश हुए।



मीनू आज बहुत खुश थी, क्योंकि उसकी मम्मी ने बताया था कि सर्दियों की छुट्टी में उसकी मौसी और उनका बेटा राजा उनके घर आएंगे। राजा उसका हमउम्र है, इसलिए उनकी आपस में खूब बनती है। राजा दो साल बाद आ रहा था। उसके आते ही मीनू उसे अपना आर्ट वर्क दिखाने लगी। उसने बहुत सारी ड्राइंग बना रखी थी। राजा कुछ देर तो उसके साथ रहा, लेकिन थोड़ी ही देर में बोर होने लगा। फिर अपनी मम्मी का मोबाइल लेकर उसमें गेम खेलने लगा। यह देखकर मीनू उदास हो गई, क्योंकि उसे राजा का गेम खेलना अच्छा नहीं लग रहा था।

शाम को जब मीनू के पापा घर आए तो उन्होंने बच्चों से पूछा, 'न्यू ईयर पर तुम लोग क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हो?'

'राजा तो मोबाइल पर एक घंटा एक्स्ट्रा गेम खेलने का रेजॉल्यूशन लेगा।' मीनू ने राजा को चिढ़ाते हुए कहा तो राजा ने उसे घूरकर देखा।

'क्या करूं इस लड़के का? जब ऑनलाइन स्टडी के लिए इसे मोबाइल देना शुरू किया था, तब से ही इसे मोबाइल पर गेम खेलने की लत लगी है। जब भी मौका मिलता है, मोबाइल पर गेम खेलने लगता है।' मौसी दुखी स्वर में बोलीं।

अगले दिन दोपहर को पापा दोनों बच्चों को घर की छत पर बनी बगिया में लेकर गए। मीनू अपने कलर और ब्रश भी लेकर गई। पापा ने पानी की एक स्प्रे बोतल राजा को पकड़ाई और उसे पौधों के पत्तों पर पानी स्प्रे करने के लिए कहा। पहले तो राजा को यह काम बोरिंग लगा, लेकिन थोड़ी देर बाद उसे बहुत मजा आने लगा। बड़ी आकार वाले पत्ते गीले हो गए तो पापा ने एक कपड़ा देकर उसे उन पत्तों को पोंछने के काम पर लगा दिया। इधर पापा ने मीनू को नवरात्रि में काम में ली हुई छोटी-छोटी मटकियां रंग पोतने के लिए दीं। पत्ते पोंछने के बाद राजा भी मटकियों और खाली कंटेनरों पर रंग पोतने लगा। तीन घंटे कब बीत गए, किसी को पता भी नहीं चला।

धूप तेज हो गई तो रंग पोती हुई मटकियां और अन्य सामान सूखने के लिए छोड़कर सब नीचे आ गए। मम्मी ने सबको टमाटर का सूप पीने के लिए दिया।

'सूप बहुत टेस्टी बना है मौसी।' राजा ने कहा तो मम्मी हंस दीं। 'सूप तो कल भी टेस्टी ही था, लेकिन कल तुम्हारा ध्यान गेम में लगा हुआ था।' मम्मी ने कहा तो राजा को फिर से मोबाइल याद आ गया। वह मम्मी का मोबाइल लेकर गेम खेलने बैठ गया। मीनू ने नाराजगी से देखा, लेकिन पापा ने उसे आंखों के इशारे से समझा दिया।

अगले दिन फिर से पापा दोनों को लेकर छत की बगिया पर गए। सबने मिलकर कल के पोते हुए पॉट्स पर तरह-तरह की डिजाइन बनाकर उन्हें खूबसूरत बना दिया। राजा के लिए यह बिल्कुल नया अनुभव था। शुरू में उसे ब्रश चलाने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन थोड़े अभ्यास के बाद उसने भी दो मटकियों पर अपने मन से सोचकर डिजाइन बना ही लिए।

तीसरे दिन मीनू के पापा बच्चों को नर्सरी में लेकर गए। वहां से सर्दियों में खिलने वाले फूलों की पौधे लेकर आए। साथ में मिट्टी और खाद भी। घर आकर तीनों ने मिलकर उन फूलों के पौधों को रंगी हुई मटकियों में लगाया। फिर पापा ने मटकियों को रेलिंग के सहारे टांग दिया। राजा तो बस देखता ही रह गया। उसे यकीन नहीं हो रहा था कि वह भी इतनी सुंदर कलाकारी कर सकता है।

आज राजा ने बहुत काम किया था। इसलिए वह थक गया था। रात को खाना खाते ही उसे नींद आ गई। सुबह उठते ही वह भागकर अपने लगाए पौधे देखने गया। सब खिले हुए दिखे। पौधे देखकर राजा बहुत खुश हुआ।

इसके बाद तो आने वाले चार दिन राजा बगिया में आकर अपना समय बिताता। कभी पौधों को पानी देता, कभी उनके पत्तों पर पानी की स्प्रे करता, कभी उन्हें सहलाता, कभी प्यार करता, तो कभी उनसे बातें करता। सबने देखा कि उसका ध्यान मोबाइल की तरफ बहुत ही कम जाने लगा था। छुट्टियां खत्म हो गईं तो राजा अपने घर जाने लगा। जाने से पहले वह अपने लगाए पौधों को प्यार करना नहीं भूला।

'हां तो बच्चों! नए साल में तुम लोग क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हो?' मीनू के पापा ने पूछा।

'मैं अपने घर की बालकनी में पौधे लगाऊंगा और घर के सारे कबाड़ से कुछ नया बनाने की कोशिश करूंगा।' राजा ने आत्मविश्वास के साथ कहा तो मीनू के पापा ने उसकी पीठ थपथपा दी। वहां बैठे सभी लोग जोरों से हंस पड़े। साथ में राजा भी हंसा। *

कविता

गोविंद भारद्वाज



## नववर्ष का अभिनंदन

नववर्ष का नया सूरज
नई रोशनी लाया है।
देखो जी चहूं ओर ही
वर्ष चौबीस छाया है।
नव किरणों ने डाला है
वसुंधरा पर निज डेरा।
नई खुशियां लाया आज
नववर्ष का नव सवेरा।
खिल गई हैं कलियां नई
खिले हैं नए-नए फूल।
महकती है चारों तरफ
धरती मां की नई धूल।
सुख-समृद्धि लेकर संग
चली हर दिशा पुरवाई।
खेतों की क्यारी-क्यारी
सरसों पीली मुस्काई।
स्वागत करें नववर्ष का
शुभ अभिनंदन बार-बार।
नए साल में सुखी रहे
अपना ये सकल संसार।
आओ हम भी महकें अब
बन फूल चमन के सारे।
नए साल में एक बने
हम बच्चे प्यारे-प्यारे।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां पर न्यू ईयर से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 9 अंतर हैं। पांच मिनट में ये सारे अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।




## अंग्रेजी शब्द-जाल


बच्चों, नीचे दिए गए इस अंग्रेजी शब्द-वर्ग जाल में न्यू ईयर सेलिब्रेशन से जुड़े 12 शब्द छिपे हैं। जल्दी से इन्हें खोजकर बताओ।

```
W I H V V A X R N R Z G O A L S A Z Y F
G R B K G Z T Y Z I Z Z J Q C O M P X B
M D M B T B K T P X N S L T K C X X W T
M I Q C R A E Y W E N O Z J K S K R N H
L P D M V X P N Z J L O V Z V Y D Z Q G
G P E X A X K O Q N C O U N T D O W N I
F V Z N D S S M B P C Y W V F T W F B N
T R S P S P A R K L E R S H Q T O J A D
P J O L B Y V M S Y L N N N R C A F L I
Y L P E N S K R O W E R I F Z N Y C L M
X J K E B D P P G W B K N J U G J W O J
W I S C F S F L D B R G P A J E X A O K
Q S C A O W D J R M A W R T J H Q H N C
F R Q K J N W P A R T Y P O P P E R S O
K E P A U J F G X M I Z X R T S X K Q L
V E N R I Y E E B G O Q Y I U P H K Y C
Y H I S I R E O T J N O I T U L O S E R
Q C S H A P P Y G T B O U V C D L R Z G
R M Q G Q X Y B N O I S E M A K E R G F
N A E N K V K T Y F H R R A Y R Y I A V
```

उत्तर: 1-countdown, 2-midnight, 3-balloons, 4- celebration, 5-fireworks, 6-January, 7-happy, 8-clock, 9-cheers, 10-party, 11-resolution, 12-sparklers

## रास्ता खोजो

बच्चों, न्यू ईयर पार्टी में सजावट के लिए गुब्बारे कम पड़ गए तो गोलू गुब्बारे खरीदने मार्केट गया, लेकिन लौटते समय वह पार्टी वाली जगह का रास्ता भूल गया। तुम गोलू को पार्टी वाली जगह पर दोस्तों के पास पहुंचने में मदद तो करो, ताकि सब मिलकर न्यू ईयर पार्टी की सजावट कंप्लीट करें और एंज्वॉय करें।



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस स्थापना दिवस पर नागपुर पहुंचे सीजी से 25 हजार कांग्रेसी

**रायपुर।** कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर गुरुवार को नागपुर की राष्ट्रव्यापी रैली में प्रदेश के 25 हजार से अधिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 139वें वर्ष में प्रवेश किया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार कांग्रेस स्थापना दिवस पर प्रदेशभर में कार्यक्रम हुए। प्रदेश के सभी जिला, शहर, नगर एवं ब्लॉक मुख्यालय सहित प्रत्येक मतदान केंद्रों में सुबह नौ बजे पार्टी का झंडा फहराया। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में 'है तैयार हम' राष्ट्रीय स्तर की रैली निकाली गई। कांग्रेस की इस रैली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई दिग्गज शामिल हुए।

### ग्रीस से पहुंचे नीस दंपती ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को जाना



**रायपुर।** राजधानी के नालंदा परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में ग्रीस से पहुंचे नीस दंपती ने राज्य निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में करीब से जाना। जनसंपर्क विभाग के संयुक्त संचालक सुरेंद्र ठाकुर ने इन्हें विस्तार से जानकारी दी। ग्रीस से नीस दंपती भारत पर्यटन के लिए आया है। बस्तर की खूबसूरती के बारे में सुनकर दंपती छत्तीसगढ़ प्रवास पर आया है। फिलहाल यह दंपती रायपुर में है। दंपती को बुधवार को अटल तथा छत्तीसगढ़ पर केंद्रित प्रदर्शनी की जानकारी मिली तो वे नालंदा परिसर पहुंचे।

### धान का अवैध परिवहन रोकने सीमा पर होगी वाहनों की जांच

**रायपुर।** प्रदेश में अन्य राज्यों से धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए सीमा से सटे इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जाएगी। साथ ही चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच-पड़ताल भी की जाएगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक ने सभी रेंज पुलिस महानिरीक्षकों और अधीक्षकों की वर्चुअल बैठक लेकर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टरों से आवश्यकतानुसार संयुक्त टीम बनाकर धान के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए कार्रवाई करने के लिए कहा।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन पदाधिकारियों की बैठक में लक्ष्य तय

# लोकसभा चुनाव में हर बूथ जीतने व 51 फीसदी वोट हासिल करने काम करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने बुधवार को तय किया कि विधानसभा चुनाव में 48.62 प्रतिशत वोट शेयर भाजपा को प्राप्त हुआ है, इसे 2024 के लोकसभा चुनाव में 60 प्रतिशत से अधिक पर लेकर जाना है। लोकसभा चुनाव में हर बूथ को जीतने का लक्ष्य लेकर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्य करें। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव और हर बूथ पर जाकर जनता से संपर्क करें। उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं। प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश भर के संगठन पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक को केंद्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, सभी जिलों के अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला महामंत्री के साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रदेश एवं जिला टोली के पदाधिकारी प्रभारी व सह प्रभारी मौजूद थे।

बैठक को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री हितानंद, नमो एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलजीत चहल ने संबोधित किया।

*मतदाता वंदन, कार्यकर्ता अभिनंदन, मोदी का धन्यवाद, राजनीतिक प्रस्ताव पारित*

*कार्यकर्ता नमो एप से जुड़कर 100 डे चैलेंज में 10 लोगों को जोड़ेंगे*




### कम से कम एक हजार लोगों को पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाएं: बंसल

*लघु कार्य समिति की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बंसल ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक हजार लोगों को लाभ दिलाएं। इस योजना में 18 वर्ग शामिल किए गए हैं। विधानसभा स्तर पर पार्टी एक समिति बनाएं और वह समिति गांव-गांव जाकर इस योजना के पात्र व्यक्तियों से संपर्क कर पोर्टल पर उनका नामांकन कराएं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस योजना के लिए 13 हजार करोड़ का बजट रखा है।*



### संगठन की ताकत से जीता विधानसभा चुनाव: शर्मा

*प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह के कुशल रणनीति तथा संगठन की ताकत से विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल हुई है। लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटों को जीतकर प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे, उनके हाथ मजबूत करेंगे।*

### बूथ स्तर से लेकर प्रदेश पदाधिकारी तक नमो एप में विकसित भारत एंबसेडर बनेंगे कार्यकर्ता

*पदाधिकारियों ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता नमो एप से जुड़ें। बूथ स्तर से लेकर प्रदेश पदाधिकारी तक नमो एप में विकसित भारत एंबसेडर बनें और 100 डेज चैलेंज लें। हर कार्यकर्ता नमो एप से कम से कम दस ऐसे व्यक्तियों को जोड़ें।*

### अजा, अजजा का भाजपा को साथ

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बंसल ने कहा कि मप्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के बीच भी भाजपा ने 2018 से बेहतर प्रदर्शन किया है।

### जनता को बताएं संकल्प-पत्र के हर वादे को पूरा करेगी सरकार: सीएम डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जो संकल्प-पत्र जारी किया है, उसके हर वादे को पूरा किया जाएगा। पांच वर्ष के लिए सरकार बनी है, पांच वर्ष के अंदर सभी वादे पूरे कर लिए जाएंगे, यह बात भाजपा के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर बताएं। सरकार जनवरी से रजिस्ट्री के बाद अपने आप नामांतरण की व्यवस्था लागू कर रही है, इससे जनता को नामांतरण के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा और शासन व्यवस्था में और सुचिता आएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को और प्रभावी तरीके से लागू करके हर जिले में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज खोलने के साथ छात्रों के दस्तावेजों के लिए डिजी लॉकर की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान रामलला विराजमान होंगे, इसके लिए राज्य सरकार 21 जनवरी से ही अयोध्या जाने वाले प्रदेशवासियों पर राज्य की सीमाओं पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन करेगी।*

### विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर बैठक में रखा राजनीतिक प्रस्ताव

*मप्र विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव रखा। इसमें प्रदेश महामंत्री शरदेंदु तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, मध्यप्रदेश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, सुशासन, विकास, गरीब कल्याण के कार्य, महिला, युवा, किसान और गरीबों के लिए भाजपा की कल्याणकारी नीतियां, सभी वर्गों का भाजपा के प्रति विश्वास ही है जो मप्र की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को अब तक का सबसे सर्वाधिक मत देकर प्रचंड बहुमत से जिताया है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद और कोटि-कोटि आभार। साथ ही मप्र की जनता जनार्दन का वंदन और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हैं। प्रस्ताव का समर्थन प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक चिंतामणि मालवीय, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल और विधायक मनीषा सिंह ने किया।*

## राजस्व विभाग के मैदानी अमले की जवाबदेही तय

# कार्ययोजना बनाकर होगा समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आम जनता के राजस्व से जुड़े कार्यों जैसे नामांतरण, बंटवारा, मालिकाना हक आदि का निराकरण करने के लिए मैदानी अमले की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएं। कार्ययोजना बनाकर राजस्व प्रकरणों को हल करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय कक्ष में एक बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजस्व प्रशासन में सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकतम प्रयोग के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में साइबर तहसील व्यवस्था, संपदा पोर्टल के उपयोग, राजस्व विभाग में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल और राजस्व समस्याओं के स्थल पर निराकरण के संबंध में चर्चा हुई। प्रमुख सचिव राजस्व ने विभाग में किए गए नवाचारों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मप्र में राजस्व सुधारों के लिए की गई प्रशंसा से भी अवगत कराया।

### सीएम डॉ. मोहन ने दिए दिशा-निर्देश

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पारदर्शिता से कार्यों का संपादन हो। प्रशासन में आईटी का अधिकतम प्रयोग किया जाए। शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याएं हल करें। ऑन-द-स्पॉट समाधान की कार्रवाई हो। पटवारी अपने मुख्यालय ग्राम पंचायत में रात्रि विश्राम करें। राजस्व कर्मचारियों की जवाबदेही तय करें। विभागीय स्तर पर दिखाई देने वाली कमियां दूर करें। नागरिक परेशान न हों, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करें। लंबित कार्यों की सतत समीक्षा करें। अभियान संचालित कर समस्याओं का निराकरण करें। जहां आवश्यक हो, पुलिस बल का सहयोग लेकर नागरिकों की राजस्व दिक्कतें हल करें।

## पूर्व मंत्री रुद्र गुरु के बंगले के कंप्यूटर रूम में लगी आग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री रुद्र गुरु के रायपुर के गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंगले में आग लग गई। खबरों के अनुसार पूर्व मंत्री के बंगले के कंप्यूटर रूम में आग लगी है। बताया जा रहा है कि आग लगने से आलमारी में रखे सारे दस्तावेज जलकर खाक हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

वहीं साथ में गंज थाना की टीम भी मौके पर पहुंची। अभी आग लगने की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री का बंगला गुरुवार को खाली किया जा रहा था।

## मप्र के अगले मुख्य सचिव को लेकर एक बार फिर से अनुराग जैन को लेकर चर्चाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के मुख्य सचिव को लेकर एक बार फिर से चर्चाएं शुरू हो गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अफसर अनुराग जैन



को मप्र के मुख्य सचिव की दौड़ में आगे माना जा रहा हैं। अभी वे केंद्र में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में सचिव के पद पर पदस्थ हैं। एक खबर यह भी है कि उन्हें केंद्र में ही कैबिनेट सेक्रेटरी बनाया जा सकता है।

### बुधवार को कार्यक्रम में भोपाल आए अनुराग

*हालांकि अनुराग जैन सक्रियता से मप्र आने की संभावना बढ़ गई है। बुधवार को जब वे एक कार्यक्रम में भोपाल पहुंचें तो संभावना जताई जाने लगी कि जैन की मप्र में वापसी होने वाली है। हालांकि अभी यह सिर्फ कयास माना जा रहा है। यह भी चर्चा है कि उनकी यह यात्रा इसी मकसद से जुड़ी हुई हो सकती है। वे नेशनल हाईवे पर एक कार्य का निरीक्षण करने भी गए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वे भोपाल में प्रमुख लोगों से मिल सकते हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जब दिल्ली यात्रा पर थे, तो अनुराग जैन की मुलाकात उनसे हुई थी। तभी से कयास लग रहे हैं कि वे मध्यप्रदेश के अगले मुख्य सचिव हो सकते हैं।*

## किरण देव की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक में हुई चर्चा

# लोकसभा चुनाव की तैयारी: प्रदेश संगठन में महामंत्रियों व कुछ जिलाध्यक्ष बदले जाएंगे

### छत्तीसगढ़ में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं को दी जीत की बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी अब लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की अध्यक्षता में गुरुवार को रायपुर में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए।

बैठक में सबसे पहले प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कार्यकर्ताओं को जीत का श्रेय देते हुए बधाई दी। इसके बाद प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी गण का धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय पदाधिकारी गण की बैठक का जिक्र करते हुए प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बताया कि आप सब की ओर से प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं को बधाई दी।



### लोकसभा के लिए दिया मार्गदर्शन

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को भी उनके अध्यक्ष के कार्यकाल में शानदार प्रयासों के लिए बधाई दी। मीडिया टीम और प्रवक्ता गण को भी बधाई दी। लोकसभा चुनाव के लिए मार्गदर्शन दिया।

***बन सकती है नई कार्यकारिणी***

इधर, किरण देव के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद संगठन में बदलाव की चर्चा तेज हो गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। इसमें महामंत्रियों के अलावा कुछ जिला अध्यक्ष भी बदले जा सकते हैं।

### '296 करोड़ वाला व्यक्ति 12 लाख रुपए छोड़ दे तो कौन सी बड़ी बात है'

**भोपाल।** पूर्व सीएम उमा भारती ने विधायक और मंत्री चेतन्य काश्यप को नसीहत दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मंत्री चेतन काश्यप ने अपनी संपत्ति 296 करोड़



घोषित की हैं। वो अपना विधायक का वेतन नहीं लेते जो साल का करीब 12 लाख रुपए होता है। उमा भारती ने लिखा कि 296 करोड़ रुपए वाला व्यक्ति अगर सरकार के 12 छोड़ देता है तो इसमें कौन सी बड़ी बात हैं। उन्होंने आगे लिखा कि चेतन्य कश्यप सरकार को वेतन वापस करने के बजाए यह राशि अभावग्रस्त लड़कियों की शिक्षा पर खर्च करें।

## विभागों के लिए भाजपा में लगाई जा रही बोलियां: बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल के गठन के बाद विभागों का बंटवारा नहीं होने के मामले में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मलाईदार विभागों के लिए भाजपा में जूतम-पैजार हो रहा है। इसलिए विभागों का बंटवारा नहीं हो पा रहा है। भाजपा ने इस आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी ही पार्टी के भीतर मचे घमासान को नहीं रोक पा रही है। कांग्रेस को यह रास नहीं आ



रहा है कि बिना विभागों के बंटवारे के भी कोई सरकार एक राय होकर जनता की सेवा का संकल्प लेकर कैसे आगे बढ़ रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा में अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसलिए मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा नहीं हो पा रहा है। विभागों के लिए बोलियां लगाई जा रही है। अब तो ये भी तय किया गया है संगठन का एक व्यक्ति मंत्री के साथ रखा जाएगा। रही बात निःशुल्क राशन की तो कांग्रेस की सरकार में भी प्रदेशवासियों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा था।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस में फेरबदल तय

# जिलाध्यक्षों पर गिर सकती है गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा चुनाव में बड़ी हार के बाद कांग्रेस में संगठन स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर फेरबदल की तैयारियां चल रही है। राजधानी में दो दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद कई महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन सुझावों पर 28 दिसंबर के बाद निर्णय लिया जाएगा। नागपुर में कांग्रेस की महारैली के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई महत्वपूर्ण पदों पर भी नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। सबसे पहले उन जिलों को सामने रखा जाएगा, जहां विधानसभा में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। इसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित 15 से अधिक जिले हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद जिलाध्यक्षों की भूमिका पर सवाल उठ चुके हैं। प्रदेशाध्यक्ष को बदलने की संभावना कम है। विधानसभा चुनाव के चार महीने पहले ही दीपक बैज को कमान सौंपी गई थी। इससे पहले मोहन मरकाम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

### प्रकोष्ठों की बैठक में बोले पटवारी- लोकसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाएं, अभी भी हमारे सामने संघर्ष है

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस के लगभग 15 विभागों और 50 प्रकोष्ठों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। बैठक के बाद पटवारी ने अध्यक्षों के साथ वन-टू-वन चर्चा की। पटवारी ने कहा कि आप सभी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करें। लोकसभा चुनाव हमारे सामने हैं हम सभी को मिलकर काम करना है। बैठक में विभागों और प्रकोष्ठों के प्रभारी जेपी धनोपिया ने कहा कि मप्र कांग्रेस के सभी विभाग और प्रकोष्ठ तन्मयता के साथ काम कर रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई-खुली निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**पत्र संख्या :** 128–डब्लयू/269/निविदा सूचना/22–23/डब्लयू–ई/टेंडर नं. 39 (ए, बी, सी, डी, इ) दिनांक 28.12.2023.
मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 19.01.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | **ए)** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–।। के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/एमएनटीबी के कार्य क्षेत्र मे नई पाइप लाइनों का प्रावधान और एमएनटीबी, थॉमसन रोड, एम.के. रोड, एम.एस प्लेस, सेंट्रल प्लेस और बाबर रोड रेलवे कॉलोनी की जल आपूर्ति में पुरानी क्षतिग्रस्त/घिसी हुई पाइप लाइनों के बदले जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हेतु। |
| | **बी)** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–। के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/तीस हजारी के कार्य क्षेत्र मे नई पाइप लाइन और जल आपूर्ति, सीवरेज प्रणाली, शौचालय, रसोई का प्रावधान और मोतिया बाग, सदरबाजार, मोर सराय और श्रीराम रोड रेलवे कॉलोनी में क्षतिग्रस्त जल आपूर्ति व्यवस्था और घिसी–पिटी पाइप लाइनों के बदले में एसएमसी पैनल वॉटर टैंक, पीवीसी स्टोरेज वॉटर टैंक, पीवीसी स्टोरेज वॉटर टैंक के प्रावधान हेतु। |
| | **सी)** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–।। के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/पंजाबी बाग के कार्य क्षेत्र मे दयाबस्ती में आरपीएफ/आरपीएसएफ लाइन में बैरक नंबर 3, आरपीएफ कॉम्प्लेक्स और एडमिन ब्लॉक में शौचालयों के सुधार हेतु। |
| | **डी)** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–।। के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/पंजाबी बाग के कार्य क्षेत्र मे 6 बीएन आरपीएसएफ दयाबस्ती में आरपीएफ/ आरपीएसएफ कार्यालयों और पोस्ट/थानों के मौजूदा जर्जर बैरक का प्रतिस्थापन और कार्यालय भवनों, आरपीएफ लाइनों आदि के कमरों में सुधार हेतु। |
| | **इ)** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–।। के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/पंजाबी बाग के कार्य क्षेत्र मे पंजाबी बाग, दयाबस्ती और आरपीएफ लाइन दयाबस्ती में पुरानी पाइप लाइनों के बदले नई पाइप लाइनों का प्रावधान और जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार हेतु। |
| अनुमानित लागत | (ए) रू. 23485610.39 (बी) रू. 23486391.87 (सी) रू. 23392600.70 (डी) रू. 23455397.72 (इ) रू. 23485579.75 |
| धरोहर राशि | (ए) रू. 267400.00 (बी) रू. 267400.00 (सी) रू. 267000.00 (डी) रू. 267300.00 (इ) रू. 267400.00 |
| समापन अवधि | (ए) 08 महीने (बी) 08 महीने (सी) 08 महीने (डी) 08 महीने (इ) 08 महीने |

1. निविदा दिनांक 19.01.2024 को 15.00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
4076/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एसआई कैंडिडेट्स ने रायपुर में निकाला कैंडल मार्च

# 6 साल से अटका रिजल्ट, नियुक्ति आदेश देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर में एसआई भर्ती परीक्षा के चयनीत कैंडिडेट्स ने अंबेडकर चौक से सुभाष स्टेडियम तक कैंडल मार्च किया। अभ्यर्थी इंटरव्यू रिजल्ट जारी कर नियुक्ति आदेश देने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि 6 साल से 1300 कैंडिडेट्स का रिजल्ट अटका हुआ है।

प्रदर्शन के दौरान भूतपूर्व सैनिक भीखम साहू और करण राज बघेल ने कहा कि हम प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से आए हैं। हम चाहते हैं कि सरकार जल्द से जल्द परिणाम घोषित करें। कैंडिडेट्स ने एसआई भर्ती रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर बीते रविवार को बिलासपुर से रायपुर तक पैदल तिरंगा यात्रा की थी। यात्रा में वे 120 किलोमीटर पैदल चलकर करीब 200 कैंडिडेट्स रायपुर पहुंचे। प्रतियोगियों ने बताया कि प्रदेश भर के 1300 उम्मीदवार चयनित हो चुके हैं, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया।




***975 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी***

उन्होंने बताया कि पिछले 6 साल से एसआई भर्ती प्रक्रिया अटकी हुई है। 2018 में एसआई, प्लाटून कमांडर सहित 975 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। कई चरणों में भर्ती के लिए एग्जाम लिए गए, जिसमें शारीरिक दक्षता परीक्षा, एंट्रेस एग्जाम और मुख्य परीक्षा मई 2023 में आयोजित की गई। इसके बाद सितंबर में साक्षात्कार के बाद चयन सूची जारी की गई थी, लेकिन नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया गया।

### जारी नहीं किया नियुक्ति आदेश

नियुक्ति आदेश जारी नहीं होने से परेशान होकर चयनित उम्मीदवारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें बताया था कि भर्ती की सभी प्रक्रिया पूरी हो गई है और मेरिट लिस्ट भी जारी कर दी गई है। नियुक्ति और पोस्टिंग आदेश जारी करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री, राज्यपाल सहित नेताओं से मुलाकात की थी, जिसके बाद भी नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया गया। अभ्यर्थियों की तरफ से उनके वकील ने अर्जेंट हियरिंग के लिए आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य शासन को चुनाव आयोग से अनुमति लेकर नियुक्ति आदेश जारी किया था। बता दें कि, नियुक्ति आदेश जारी होने से पहले ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गई थी, जिसके कारण आदेश जारी नहीं किया गया था।

चिंतन

# कांग्रेस को अपने अतीत से सबक लेने की जरूरत

आज कांग्रेस ने जब अपना 139वां स्थापना दिवस मनाया है, वह अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। आजादी के आंदोलन से लेकर स्वतंत्र भारत के निर्माण में सरकार के रूप में योगदान तक कांग्रेस का शानदार अतीत रहा है। कांग्रेस ने राष्ट्र को एक से बढ़कर एक नेता दिए, भारत को एक राष्ट्र के रूप में सिंचित व समृद्ध किया, धर्मनिरपेक्ष भारत की अवधारणा को मजबूत किया, राजनीति में शांति, सहअस्तित्व व समावेशी मूल्यों को स्थापित किया। आज भारत जहां है, जैसा है, विश्व में उसकी जो भी पहचान है, जितनी बड़ी भी आर्थिक व सामरिक शक्ति है, उसमें कांग्रेस के योगदान को कमतर करके नहीं आंका जा सकता है। लेकिन 1885 से अपनी 138 वर्ष की राजनीतिक यात्रा में आज वर्ष 2023 के आखिरी दिनों में कांग्रेस जिस मोड़ पर खड़ी है, दो दशक से पहले तक के किसी भी कांग्रेस नेता ने इसकी कल्पना तक नहीं की होगी। आज की कांग्रेस अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। नीतिगत रूप से, वैचारिक रूप से, नेतृत्व के रूप से व राजनीतिक ताकत के रूप से देखें तो कांग्रेस की कहीं भी दमदार उपस्थिति नहीं है। अभी अभी तीन राज्यों में करारी हार मिली है। पिछले 32 चुनावों से राहुल गांधी की छत्रछाया में कांग्रेस हारती आ रही है। आज कांग्रेस के पास न देशव्यापी संगठन है, न सर्वमान्य राष्ट्रीय नेता है, न उसके पास राष्ट्रीय एजेंडा है, न नीति है, न रीति है, न वह यूपीए को संभाल सकी। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन जरूर बनाया है, तो वह भी कई वैचारिक व सांगठनिक संकटों से गुजर रहा है। आज की कांग्रेस सबसे अधिक दिग्भ्रमित प्रतीत हो रही है। कांग्रेस इस दुविधा में है कि वह गांधी परिवार के साथ आगे बढ़े या मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वफादार के साथ। राहुल गांधी की हरकतों से कांग्रेस की प्रतिष्ठा और धूमिल ही हो रही है। स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने नागपुर से रैली की है, जिसमें उसने वैचारिक रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को ललकारने की चेष्टा की है। कांग्रेस के अघोषित सर्वेसर्वा राहुल गांधी ने संघ के मुख्यालय नागपुर में रैली कर अपनी पार्टी की वैचारिकता को रखने की कोशिश की है कि कांग्रेस संघ के विचारों के खिलाफ है। शायद कांग्रेस भूल रही है कि एक संगठन के रूप में संघ भारत में वटवृक्ष बन चुका है और भारत, भारतीयता व राष्ट्रवाद का प्रतीक बन चुका है। भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण में संघ के सतत योगदान के लिए राष्ट्र हमेशा उसका कृतज्ञ रहेगा। भारतीय संस्कृति, भारतीय पहचान, भारतीय ज्ञान व भारतीय विरासत के प्रति गर्वबोध कराने में संघ ने हमेशा उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। कांग्रेस संघ की वैचारिक आलोचना कर सकती है, लेकिन उसे याद रखना होगा कि नेहरू से लेकर इंदिरा तक ने संकट के समय संघ के योगदान के महत्व को समझा था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्थापना दिवस पर कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम किया है जो संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित हो। आज के भारत में लोकतंत्र संविधान के अनुरूप कार्य कर रहा है। कांग्रेस सत्ता में नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि देश में लोकतंत्र नहीं है, मौलिक अधिकार नहीं है या समानता व स्वतंत्रता के अधिकार नहीं हैं। 21वीं सदी के आकांक्षी भारत में अगर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जाति जनगणना जैसे दकियानूस मुद्दों की वकालत करते हैं, तो युवाओं का भरोसा कांग्रेस के प्रति कैसे जगेगा? कांग्रेस को अपने खट्टे मीठे अतीत से सबक लेकर पार्टी की खोई प्रतिष्ठा को स्थापित करनी होगी।

नव वर्ष

उमेश चतुर्वेदी



## सोशल मीडिया संसार में बेहतरी की उम्मीद

वर्ष 2010-11 में दुनिया ने दो क्रांतियां देखीं..पहली रही अरब स्प्रिंग के नाम से विख्यात अपेक्षाकृत रूढ़िवादी इस्लामी देशों में हुआ बदलाव...और दूसरी रही, भारत में सिविल सोसायटी का सफल आंदोलन.. दोनों की बुनियाद में सबसे बड़ा योगदान रहा सोशल मीडिया का.. सार्थक सामाजिक हस्तक्षेप की दिशा में सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर उम्मीदों के पहाड़ खड़े हो गए.. मान लिया गया कि दुनिया में गरीबी, अशिक्षा, कुरीति आदि के अंधेरे को खत्म करने में सोशल मीडिया कारगर हथियार होगा सोशल मीडिया पर भरोसा इतना बढ़ा कि उसके जरिए दुनिया में उन अंधेरे कोनों में लोकतंत्र की रोशनी नजर आने लगी, जहां अभी तक लोकतंत्र नहीं पहुंच पाया है। अगर कहीं पहुंचा भी है तो वह पुराने घरों की दीवारों के उपरी कोने में स्थित छोटे रोशनदान की माफिक। सोशल मीडिया से ऐसी उम्मीद बेमानी भी नहीं थी..सोशल मीडिया ने ऐसा किया भी.. लेकिन अब हालात बदल गए है.. उसकी चुनौती बढ़ती जा रही है..सोशल मीडिया का विकास दैत्याकार अंदाज में हो रहा है। सहज-सुलभ तकनीकी विस्तार के चलते उस तक सबकी पहुंच है। इसने सूचनाओं को पहले की तुलना में कहीं ज्यादा लोकतांत्रिक बनाया है। इस विस्तार के साथ ही एक कमी भी नजर आ रही है। इसे कमी नहीं, खतरा कहना ज्यादा उचित होगा..इसे इस्तेमाल करने वाली शख्सियतों की ठोस जवाबदारी ना होने की वजह से यह जहर के माफिक खतरनाक होता जा रहा है।



आने वाले साल 2024 में सोशल मीडिया समाज और सरकार के लिए बड़ी चुनौतियों की वजह बनेगा...उसमें सबसे बड़ी चुनौती है..डीपफेक की समस्या..इसे हाल ही में स्पेन के एक छोटे शहर अल्मेंद्रलेजो में भी महसूस किया गया..जब पता चला कि वहां की दर्जनों स्कूली छात्राओं के नग्न फोटो स्कूली ग्रुप के फोन में प्रसारित हो गए। जांच में पता चला कि ये फोटो एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए 'कपड़ा उतारने वाले ऐप' के जरिए बनाए गए थे। हाल ही में अपने देश में भी दक्षिण भारत की मशहूर अदाकारा रश्मिका मंदाना के अश्लील फोटो डीपफेक तकनीक के जरिए तैयार करके प्रसारित किए गए। पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है..लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगर इस तकनीक के इस्तेमाल के लिए कड़े कानून और ठोस दिशानिर्देश नहीं बनाए गए तो यह समाज के लिए चुनौती बनकर उभरेगा जिसकी वजह से कानून और व्यवस्था की समस्या खड़ी हो सकती है। सोशल मीडिया के मोर्चे पर दूसरी चुनौती रहेगी उसकी घटती साख। द अटलांटिक में छपे एक लेख के अनुसार, सोशल मीडिया की साख घटेगी। जिसकी वजह से इसके पारंपरिक रूपों मे गिरावट आएगी। सोशल मीडिया का प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे अतीत में ट्वीटर नाम से जाना जाता था, में अराजकता और बढ़ेगी। क्योंकि उसका अल्गोरिद्म अराजकता को ही बढ़ावा देता है। इसका असर दूसरे सोशल मीडिया मंचों पर भी दिख रहा है। चूंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जरूरत सामाजिकता को बढ़ावा देने की है। लेकिन अब तक उपलब्ध माध्यमों में सामाजिकता सीमित हुई है और अराजकता बढ़ी है। पश्चिमी देशों में हुए शोधों से पता चल रहा है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। इसलिए सार्थक संवाद वाले नए प्लेटफॉर्म भी विकसित हो सकते हैं। अराजकता के बाद अब प्रमाणिकता की ओर दुनिया ज्यादा गहरी निगाह लगाए बैठी है। इसलिए अब सोशल मीडिया मंचों पर प्रमाणिक जानकारियों की जरूरत बढ़ेगी। छोटे वीडियो इन दिनों बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। हालांकि उनके विस्तार में अब तक अश्लीलता और अर्धनग्नता को बड़ा कारक माना गया है। अब इसकी ओर रूझान घट रहा है। अब लोग कुछ बेहतर चाह रहे हैं। इसलिए ऐसे वीडियों जो शॉर्ट हों, लेकिन उनके जरिए कुछ सार्थक संदेश मिल रहे हों, आने वाले दिनों में उनकी मांग बढ़ेगी। जानकारों का मानना है कि साल 2024 में सोशल मीडिया पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार उपभोक्ताओं में बढ़ोत्तरी दिखेगी। पर्यावरण के प्रति जागरूक और सामाजिक रूप से जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की बढ़त को जानकार प्रमाणिकता की ही बढ़त के रूप में देखते हैं। कह सकते हैं कि कुछ मोर्चे पर सोशल मीडिया अच्छा करेगा तो कुछ मोर्चे पर खराब करेगा। वर्तमान में दुनिया भर में 4.95 अरब लोग सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भारत में लुप्त होता परिवार व दाम्पत्य का कन्सेप्ट



विचार

डॉ. सत्यभामा आडिल

भारत में परिवार व दाम्पत्य का कंसेप्ट कहां जा रहा? आइए चिंतन करें!

तेजी से आधुनिकता की ओर जाता भारतीय समाज बहुत कुछ छोड़ता जा रहा है।भारतीय समाज व परिवार टूटने के कगार पर खड़ा हो गया है। ऐसा लगता है कि परिवार नाम का कंसेप्ट लुप्त हो जाएगा!

थोड़ा विचार करें-ऐसी धारणा का क्या कारण है?

हम नारी शिक्षा,समानता,आर्थिक स्वतंत्रता की हिमाकत करते हुए नारी विमर्श करते हैं। यह सब तो ठीक है,पर परिवार क्यों टूट रहा?

शिक्षा के बाद स्वतंत्र रहने की भावना बनती जा रही है। कई लड़कियों से बातचीत व साक्षात्कार के बाद कुछ कारण सामने आए-1- क नामक लड़की विवाह पूर्वकी आजादी चाहती है।

यानी लडकों से बराबर की दोस्ती,उनके साथ घूमना फिरना, सास ससुर के सामने भी उसी तरह रहना उठना,बैठना! भारतीय मर्यादा को वह पिछड़ेपन का प्रतीक मानती है।

2-विदेशी संस्कृति ही आधुनिकता है-यही मानती है। मंदिर जाने की आलोचना करती है।

3-लड़की ख-पूरी तरह नास्तिक है। उसकी सास ने एक दिन कहा कि आज पूजा है, सुंदर साड़ी पहन लो। जेवर भी पहन लो, सज धज के तैयार हो जाओ। मेहमान भी आने वाले हैं। ख -ने अस्वीकार कर दिया। वह लंबे गाउन पहनकर ही बैठी रही। नवविवाहिता बहू को इस तरह मनमानी करते देखकर सास को बहुत दुख हुआ। बेटा भी दुःखी हो गया। इस दिन से दोनों में खट-पट होने लगी। शादी के दस दिन ही हुए थे और मन मुटाव शुरू हो गया!

3-लड़की ग-ने कहा,'वह तो घर के काम में मदद भी नहीं करता'?

'किस तरह'?

'एक टाइम मैं खाना बनाती हूँ, तो दूसरे टाइम उसे बनाना चाहिए?वह नहीं बनाता।

मैं नहीं रह सकती उसके साथ! हर शाम हम होटल का खाना खाते हैं।'

4-लड़का- घ-ने कहा-'मैं पुरुष हूँ, क्यों खाना बनाऊंगा? खाना बनाना तो - लेडिज का काम है'!

5-लड़का-च-ने कहा-'उसे कमाने का घमंड है। अपने को बहुत बड़ा सोचती है! मैं नहीं रह सकता उसके साथ'!

6-लड़का छ-ने कहा-'उसे पैसा बचाना नहीं आता। बहुत ख़र्चीली है। मेरा नहीं निभ सकता उसके साथ!'

7-लड़का ज-बोला-'उसे मेरी माँ की बात सुननी चाहिए। वह कोई बात मानती ही नहीं! यह अकड़ूपन मैं पसंद नहीं करता!'



8-शादी में विदाई के समय लड़की झ -को उसकी नानी ने समझाईश दी-'देख मुन्नी ,सास ससुर से डरना मत! अपनी पसंद के कपड़े ठसक के साथ पहनना। कोई झुकने की जरूरत नहीं।

तू इंजीनियर है न, बहुत पढ़ी लिखी?अपने शार्ट ड्रेसेस भी पहनना! काहे की शर्म?

बड़े हैं तो अपनी जगह बड़े हैं!' ऐसी सीख देने वाली नानी अपनी नर्स बहू को ,घर पर सिर ढंक कर रहने का आदेश देती है!

आचरण व स्वभाव का यह अंतर्विरोध बहुत समस्या खड़ा कर रहा है?

9-अंतरजातीय व अंतर्धार्मिक विवाद में थोड़ा अंतर है!

आज अन्तरधार्मिक विवाह लव जिहाद के रूप में संकट के प्रतीक बन रहे हैं। पर युवक युवतियों का अपना निर्णय लेना, बिना माता पिता की सहमति के विवाह करना निश्चित रूप से, चिंता का कारण बन रहा है।

हम नारी स्वातंत्र्य का नारा लगा रहे,'बेटा बेटी' एक समान का नारा लगा रहे, लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दे रहे, नारी की आर्थिक स्वतंत्रता को प्रोत्साहित दे रहे। नारी स्वावलम्बन की दिशा में आगे बढ़ रही, फिर दाम्पत्य टूटने व पारिवारिक विघटन का निदान किस तरह हो सकता है?

ऊपर लिखे शिकायतों के आधार पर तलाक हो रहे हैं। परिवार बन नहीं रहा, टूट रहा है!

क्या समाधान हो सकता है?

परिवार को बचाने व दाम्पत्य के स्थायित्व के लिए क्या किया जाना चाहिए? बहुत गम्भीर व विचारणीय प्रश्न है!

आज भारतीय सामाजिक व्यवस्था जिस संकट से जूझ रही, वह चिंता का विषय है! हम क्या करें? कौन सा रास्ता निकालें?

पहली बात तो यह कि हम घर पर बेटी व बेटा दोनों को समान ढंग से संस्कारित करें। शिक्षा के साथ साथ घरेलू जिम्मेदारियों के निर्वहन में समान भागीदारी निभाएं-ऐसा संस्कारित करें। अब वह समय बीत गया जब लड़की व लड़के के काम अलग अलग होते थे।

दूसरी बात -लड़की का भी सम्मान होना चाहिए। दूसरी ओर, लड़की भी, लड़कों से सम्मानजनक ढंग से पेश आये! हर लड़की जैसे कमतर नहीं होती, उसी तरह हर लड़का भी बदतर/ कमतर नहीं होता! शादी के निर्णय के साथ, यह सब समझ होनी चाहिए—दोनों में। दोनों एक दूसरे के माता पिता का सम्मान करें। बुजुर्गों का सम्मान करें। यह संस्कार दोनों में होना जरूरी है!

यदि पत्नी की कमाई, पति से अधिक है, तो किसी में भी कॉम्प्लेक्स नहीं आना चाहिए। इसे सामान्य रूप से लिया जाना चाहिए! यह शादी के निर्णय से पहले ही सोचें। अभी अभी 5 दम्पति विवाह के 25 साल बाद इसलिए अलग हुए कि पत्नी अधिक बुद्धिमान है, प्रमोशन हो रहा, उच्च पद पर है। अपने बेटे / बेटी के साथ अलग होकर दूसरा विवाह कर ली। दूसरे पति ने उसके बेटे,/बेटी को अपना लिया!

समाज में ऐसा सामाजिक परिवर्तन आ रहा है - क्या इससे भारतीय पारिवारिक/दाम्पत्य जीवन का विकल्प ध्वस्त नहीं हो रहा?

क्या अच्छा है? क्या बुरा? यह तो भविष्य में पता चलेगा! पर टूटता दाम्पत्य-चिंता का विषय अवश्य है!

माता पिता अपने बेटे व बेटी को सहयोग करें।

यदि दोनों में किसी बात पर मनमुटाव हो तो उन्हें समझाने का सकारात्मक प्रयास करें, न कि तलाक के लिए उकसायें! जिस तरह माता पिता द्वारा तय किये गए विवाह में उनका साथ देते हैं,उसी तरह अपनी पसंद से किये गए विवाह में भी, माता पिता सहयोग करें। बेटे बेटी को अकेला न छोड़ें! माता पिता के आशीर्वाद की छाया बनी रहनी चाहिए! एक नैतिक दायित्व का निर्वाह करें! किसी भी स्थिति में उन्हें अकेला न छोड़ें! यह सोचना कि 'उनकी पसंद,उनका निर्णय,- वे जानें'ऐसा दृष्टिकोण न बनाएं!

परिवार के लुप्त होते कन्सेप्ट में एक नई जीवनशैली भी आ गयी है- 'लिव इन रिलेशन'! नई पीढ़ी की स्वतंत्र सोच को हवा देने में यह 'लिव इन' की नई जीवन शैली आगे बढ़ रही है! यह परिवार को तोड़ती हुई युवापीढ़ी को स्वछंद बना रही! उनके जीवन के स्थायित्व पर प्रश्नचिन्ह खड़ी कर रही। तत्कालीन आनन्द के लिए 'लिव इन' की ओर जाना उनके भविष्य को अनिश्चित बना देता है। यह भारत के सुखद पारिवारिक जीवन के विरुद्ध जीवन शैली है! यहां परिवार लुप्त हो जाता है। यह यायावर की जिंदगी है। यदि बच्चे हुए तो वे किधर,कहां जाएंगे? उनका परवरिश कौन करेगा? तात्कालिक शारीरिक आनन्द के लिए परिवार के सुदृढ स्तम्भ को गिराना/नकारना गलत है! भारतीय समाज में पारिवारिक व दाम्पत्य जीवन का सुरक्षित खम्भा धाराशायी होने के कगार पर है।

आज चहुं ओर एकल परिवार रह रहा है। पहले कृषिजीवन व व्यावसायिक जीवन में संयुक्त परिवार होता था, तब इतनी समस्याएं नहीं होती थीं। पर अब विभिन्न तरह की शिक्षा पद्धति व नौकरी के कारण युवा वर्ग बाहर नोकरी पर जा रहे, विदेश में भी रह रहे, तो जीवन शैली पूरी तरह बदल रही है।

यहां तक कि घर का किचन/रसोई भी लुप्त होता जा रहा! बाहर होटल परिसर का बना बनाया भोजन सरलता से उपलब्ध है, तो रसोई में भी मेहनत नहीं चाहते!, ये बहुत सारे कारण हैं- जिनसे हमारा परिवार व दाम्पत्य - लुप्त होता जा रहा। ऊपर से 'लिव इन'- एक जिहाद के रूप में घर कर रहा।

'लिव इन' व 'लव जिहाद' आज भारत की सबसे बड़ी सामाजिक समस्या बन गयी है। भारतीय जीवन शैली पर पाश्चात्य संस्कृति व जीवन शैली का प्रभाव जबरदस्त ढंग से पड़ रहा है। हमें चिंतन की जरूरत है। युवा पीढ़ी ने आस्था भी खो दी है। नास्तिक होना फैशन बन गया है। यही आधुनिक होने की परिभाषा भी बन गयी है! स्वछंदगामी युवा पीढ़ी को अंकुश व मर्यादा में लाने का मार्ग तलाशें! पूरे देश के हर वर्ग का दायित्व है यह।

आइए, हम चिंतन करें व कुछ अच्छा विकल्प खोजें! यह हम सबका दायित्व है!

*-शिक्षाविद व लेखिका*

## जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित

दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

*-श्री श्री रविशंकर*

## मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित

प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी-सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़िया कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारों कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### साइबर अपराध रोकने के लिए उठाएं सख्त कदम

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी छोटे-बड़े प्राइवेट बैंकों को यह सुझाव दिया है कि सभी साइबर सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं। इसके लिए सभी बैंकों को 24 गुणा 7 हेल्पलाइन अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवानी चाहिए और सभी फोन नंबर जो हेल्पलाइन के लिए उपलब्ध करवाए जाएं, वो भी हर वक्त दुरुस्त रहें और फ्री रहें। एसबीआई क्रेडिट कार्ड ने अपना हेल्पलाइन नंबर मुफ्त सुविधा से वंचित रखा है। यहां कॉल करने के लिए एक मिनट के लिए लगभग 2 रुपए पड़ते हैं। हमारा देश डिजिटल लेन-देन की ओर कदम तो बढ़ा चुका है, लेकिन कुछ साइबर चोर इसकी राह में ठगी करके बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश में दिन-प्रतिदिन साइबर ठगी की खबरें पढ़ने और सुनने को मिल रही हैं।

*- महेंद्र दीवान, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### प्रभावशाली आवाज



2023 को यादगार बनाते हैं। इस वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में प्रभावशाली जी20 का नेतृत्व किया और एक ऐसे भविष्य के लिए मंच तैयार किया जहां भारत वैश्विक दक्षिण की प्रभावशाली आवाज के रूप में उभरेगा।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

### युवाओं की पीड़ा



अस्थायी भर्ती के लिए लाई गई अग्निवीर योजना की आड़ में सेना एवं एयरफोर्स की 'स्थायी भर्ती प्रक्रिया' को रद्द कर सरकार ने युवाओं की मेहनत पर पानी फेर दिया। इन छात्रों की पीड़ा शायद मुख्यधारा में जगह न बना सके।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### राम सेतु की प्राण प्रतिष्ठा



मेरे पिछले ट्वीट के लाखों रीट्वीट में से कई लोगों ने मुझसे भगवान श्री राम द्वारा राम सेतु प्राण प्रतिष्ठा पूजा करने का उल्लेख करने के लिए कहा है। यह कितने लोग जानते हैं?

-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता

### बहुत शानदार, लाजवाब



अभिनव बिन्द्रा शूटिंग रेंज हॉल में यह मुझे प्रेरित करने के लिए पर्याप्त था जब मैंने अपनी तीसरी कोशिश में बुल्सआई मारा। मुझे ऐसा लग रहा था कि कुछ भी हो सकता है। वहां पूर्वी चंदेला ने मुझे खासकर बहुत प्रभावित किया। वो बहुत शानदार, लाजवाब हैं। जय हो।

-अनुपम खेर, अभिनेता


### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### भारत-रूस संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं : पुतिन



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि दुनिया में 'वर्तमान उथल-पुथल' के बावजूद रूस के भारत और उसके लोगों के साथ संबंध 'लगातार आगे' बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत में अगले आम चुनाव के बाद भले 'कोई भी राजनीतिक समीकरण' बने लेकिन दोनों देश अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखेंगे। पुतिन ने यह टिप्पणी बुधवार को तब की जब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने क्रेमलिन में उनसे मुलाकात की। पुतिन ने कहा, ''हमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल के बावजूद, एशिया में हमारे पारंपरिक दोस्तों, भारत और भारतीयों के साथ संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं।'' यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्रवाई के बावजूद भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और वह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। पुतिन ने कहा, 'हम प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के रुख को जानते हैं और हम यूक्रेन की स्थिति, उनकी चिंताओं और जटिल प्रक्रिया के संबंध के बारे में लगातार बातचीत की है।' रूसी राष्ट्रपति ने कहा, मैंने उन्हें इस संघर्ष की स्थिति के बारे में बार-बार सूचित किया है।

## ऑफ बीट

### त्वचा विज्ञान की दृष्टि से टैटू क्या है

तो आप अपनी टैटू वाली त्वचा की देखभाल कैसे करते हैं? यहां आपको सनबर्न, पसीना और रंग फीका पड़ने के बारे में जानने की जरूरत है।



त्वचाविज्ञान की दृष्टि से टैटू क्या है? टैटू की स्याही त्वचा की परत जिसे डर्मिस कहा जाता है, में जमा होती है। इस परत में पसीना और तेल ग्रंथियां, रक्त आपूर्ति, प्रतिरक्षा कोशिकाएं, त्वचा की संरचनाओं का समर्थन करने के लिए कोलेजन और फाइब्रोब्लास्ट होते हैं, जो कोलेजन का उत्पादन करते हैं। फ़ाइब्रोब्लास्ट स्याही के कणों को ग्रहण करते हैं, जैसे कि त्वचा ऊतक में प्रतिरक्षा कोशिकाएं जिन्हें मैक्रोफेज कहा जाता है। स्याही के कण कोलेजन के बंडलों के अंदर भी चिपक जाते हैं। इन तीन तंत्रों के बीच, डर्मिस टैटू स्याही को इतनी अच्छी तरह से पकड़ता है कि उन्हें 5,300 साल पुरानी हिम ममी ओत्ज़ी पर भी देखा जा सकता है। अगर मैं धूप से झुलस गया हूँ तो क्या मैं टैटू बनवा सकता हूँ? नहीं, और कई टैटू बनाने वाले ऐसा नहीं करेंगे। सनबर्न के दौरान, आपकी त्वचा अतिरिक्त प्रतिरक्षा कोशिकाओं और तरल पदार्थ को उन कोशिकाओं को मारने और तोड़ने के लिए सक्रिय करती है जिनमें बहुत अधिक यूवी क्षति होती है। यह प्रदाह टैटू की स्याही के जमाव को प्रभावित कर सकता है।

प्राण प्रतिष्ठा से पहले योगी का बड़ा फैसला

# अब अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में नहीं बिकेगी शराब

## आबकारी मंत्री का ऐलान- परिक्रमा मार्ग में लगी दुकानें जल्द हटाई जाएंगी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या से बड़ी खबर आई है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री



नितिन अग्रवाल ने ऐलान किया कि अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब नहीं मिलेगी। इस इलाके में शराब बिक्री को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाएगा। 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र से सभी शराब की दुकानें हटाई जाएंगी। नितिन अग्रवाल राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुलाकात करने अयोध्या आए हैं। उन्होंने बताया कि श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पहले ही शराबबंदी लागू हो चुकी है। अब 84 कोस क्षेत्र में भी शराब नहीं बिक पाएगी। इसके लिए जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।

### पीएम के दौरे के संबंध में लिया जायजा

हाल ही में अयोध्या आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शराब बिक्री पर रोक लगाने के संकेत दिए थे। पीएम नरेंद्र मोदी के 30 दिसंबर के दौरे पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी चल रही है। देशी-विदेशी फूलों और तोरणद्वारों से अयोध्या को सजाया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या व आसपास के जिलों के अलावा पश्चिम बंगाल, मथुरा व सीतापुर के 700-800 कारीगर जुटे हैं। वे दिन-रात काम कर रहे हैं।



### इन जिलों से होकर गुजरता है परिक्रमा मार्ग

84 कोसी परिक्रमा पांच जिलों बस्ती, गोंडा, अयोध्या, बाराबंकी और अंबेडकरनगर से होकर गुजरती है। परिक्रमा पथ पर चार नैशनल हाइवे हैं। यह मार्ग एनएच 28, एनएच 27, एनएच 135 , एनएच 330 बीकापुर, इनायतनगर से जुड़ता है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में 500 से ज्यादा शराब की दुकानें हैं जिन्हें अब हटाया जाएगा। नितिन अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि ये बंदी सिर्फ 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर रहेगी न कि पूरे अयोध्या महानगर में नहीं।

### 9 किमी की दूरी में बनाए जा रहे 12 प्रवेश द्वार

पीएम मोदी दौरे को लेकर एयरपोर्ट बाईपास से फोरलेन धर्मपथ, साकेत पेट्रोल पंप हनुमानगढ़ी के रास्ते 9 किमी से अधिक दूरी तय करने में दो दर्जन से अधिक तोरणद्वार बनाए जा रहे हैं। यहां रेलिंग व डिवाइडर को फूलों व बुके से सजाया जाएगा। अयोध्या के बालकृष्ण सैनी टीम के साथ काम में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 1,44,000 क्विंटल फूल लगाए जाएंगे। इनमें कोलकाता से गेंदा की लड़ी, कानपुर व दिल्ली से अशोक की पत्ती, दिल्ली व बेंगलुरु से विदेशी फूल आएंगे। इनमें आर्केड, कार्नेसन, टाटा रोज, स्टार, डेली, जरबेरा के साथ ही विक्टोरिया, सन ऑफ इंडिया, पैराग्रास, मनोकोमली, चाइना पत्ती, घोड़ापाम, एरिका पान आदि से सजावट की जाएगी। गेंदा, गुलाब, रजनीगंधा, कनेर, डहेलिया आदि फूल से भी रास्तों को सजाया जाएगा।

**700-800 कारीगर दिन रात कर रहे काम**

सैनी ने बताया कि उनकी टीम के 700-800 कारीगर रात दिन काम में लगे हुए हैं। इसमें मथुरा-वृंदावन के 250, सीतापुर के 250, बंगाल के 150 कारीगर और 75 स्थानीय कारीगर हैं।

---

नागपुर की रैली से सियासी संदेश देना चाह रही कांग्रेस, राज्य की 48 सीटों पर नजर

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक के गढ़ से कांग्रेस ने भरी हुंकार विचारधारा की लड़ाई को बनाया आधार

कांग्रेस लगातार दो लोकसभा चुनाव हार चुकी है और हाल ही में पांच राज्यों के चुनाव में उसे दो राज्यों में अपनी सरकार भी गंवानी पड़ी है। कांग्रेस अपने इतिहास में सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। अपना आधार जमाने के लिए महाराष्ट्र को चुना है...

एजेंसी ▶▶ नागपुर

कांग्रेस लोकसभा चुनाव का अभियान नागपुर से गुरुवार को शंखनाद कर दिया है। कांग्रेस का गुरुवार को 139वां स्थापना दिवस है। इस दौरान पार्टी नागपुर में होने वाली विशाल रैली को ऐतिहासिक बनाने में जुटी हुई है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दुर्ग नागपुर में कांग्रेस चुनावी अभियान का आगाज कर आगामी लोकसभा चुनाव का एजेंडा सेट करने का प्लान बनाया है। इस महारैली को राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संबोधित किया जबकि प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी का दौरा रद्द हो गया है। लोकसभा चुनाव में महज 3 से 4 महीने का ही वक्त बाकी है। कांग्रेस लगातार दो लोकसभा चुनाव हार चुकी है और हाल ही में पांच राज्यों के चुनाव में उसे दो राज्यों में अपनी सरकार भी गंवानी पड़ी है। कांग्रेस अपने इतिहास में सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। पार्टी के तमाम बड़े नेता साथ छोड़कर जा चुके हैं और सियासी आधार भी खिसक गया है।

**139** वां स्थापना दिवस पर आगामी लोकसभा चुनाव का प्लान बनाया

सोनिया गांधी और प्रियंका नहीं पहुंचीं

### कांग्रेस के लिए यह चुनाव करो या मरो... हैं हम तैयार



कांग्रेस के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव करो या मरो स्थिति वाला बन गया है। यही वजह है कि भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने तमाम विपक्षी दलों के साथ मिलकर इंडिया गठबंधन का गठन किया है। कांग्रेस ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सत्ता को गंवाने के बाद भाजपा के वैचारिक संगठन आरएसएस के गढ़ से रैली करके 2024 के चुनावी अभियान की शुरुआत करने की स्ट्रेटेजी बनाई है।कांग्रेस यह बताने की कोशिश में है कि वह वैचारिक स्तर पर भाजपा से लड़ने के लिए 'हैं हम तैयार' नारा दिया।

**कांग्रेस का यहां खास फोकस**

उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा लोकसभा सीटें महाराष्ट्र में आती हैं। यूपी में 80 और उसके बाद महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटें हैं। कांग्रेस ने महाराष्ट्र में शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे के शिवसेना के साथ हाथ मिला रखा है। राज्य में मराठा आरक्षण की चुनौती से भाजपा पहले ही जूझ रही है और अब ओबीसी भी जातिगत जनगणना की डिमांड कर रहे हैं।

### कुर्सियों के पीछे लगाया बारकोड

रैली में कुर्सियों के पीछे एक बारकोड लगाया गया है। इस बारकोड के जरिए कांग्रेस समर्थक दान दे सकते हैं। यह जानकारी खुद कांग्रेस पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी है। उस बारकोड को स्कैन कर आप 138 , 1380 , 13800 , 138000 रुपए या उससे अधिक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को दान स्वरूप दे सकते हैं।

### पित्रोदा ने ईवीएम पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि



लोकसभा चुनावों से पहले अगर ईवीएम को ठीक नहीं किया गया तो भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीत सकती है। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव भारत के भाग्य का फैसला करने वाला होगा। पित्रोदा ने राम मंदिर को लेकर कहा कि उनकी टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया।

### पार्टी अपनी विचारधारा से नहीं झुकेगी: खरगे

राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि स्थापना दिवस पर हम सब मिलकर देश को एक संदेश देना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी अपने विचारधारा से कभी भी नहीं झुकने वाली है और अपने विचारधारा से आगे बढ़ेगी। यही संदेश हम नागपुर से देना चाहते हैं। पवन खेड़ा ने भी कहा कि नागपुर एक ऐतिहासिक जगह है। कांग्रेस की जड़ें यहीं से मजबूत हुईं, यहीं से उत्पन्न हुई और यहीं से आगे बढ़ी।

### कांग्रेस लगा रही भाजपा पर आरोप

महाराष्ट्र पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का कहना है कि वह संघ की जमीन पर रैली करके भाजपा को कड़ा जवाब देंगे। रैली में 247 प्रमुख नेता, अधिकांश सांसदों और 600 में से लगभग 300 विधायकों के शामिल होना बताया है। लाखों लोगों के भी आने की बात कही है। चव्हाण का कहना है कि भाजपा सरकार बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की आत्महत्या सहित तमाम समस्याओं को हल करने और लोगों को राहत देने में विफल रही है। कांग्रेस इस रैली के जरिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को कड़ा मैसेज देना चाहती है। यही वजह है कि रैली के लिए नागपुर को चुना गया है।

### आम चुनाव की थीम और मुद्दों का ऐलान भी किया

कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने कहा, एक संगठन जो नफरत पैदा करता है और फैलाता है, वह नागपुर में स्थित है। कांग्रेस पार्टी यह दिखाएगी कि भारत में नफरत खत्म होनी चाहिए और हमें प्रत्येक भारतीय के लिए प्यार और स्नेह फैलाना चाहिए, यही संदेश है। कांग्रेस ने नागपुर महारैली के लिए तैयार हैं हम स्लोगन भी दिया है।

कांग्रेस की रैली पर भाजपा का पलटवार

### संविधान से खिलवाड़...'कांग्रेस बचाओ-राहुल लाओ'



**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस की आहूत 'संविधान बचाओ-देश बचाओ' रैली को लेकर पलटवार किया है। भाजपा ने इसे 'कांग्रेस बचाओ-राहुल लाओ' करार देते हुए कहा कि संविधान के साथ बार-बार खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस जब संविधान बचाओ का नारा देती है। प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ.देवेंद्र भसीन ने कहा कि कांग्रेस ने विभाजन से लेकर 70 साल तक देश का जो नुकसान किया है।कांग्रेस ने संविधान के साथ खिलवाड़ किया है। आपातकाल और निर्वाचित पूर्ण बहुमत की विपक्षी सरकारों को गिराया।

---

बिहार के सियासी घमासान पर देशभर की नजर

# नीतीश कुमार ने सवाल टाला एनडीए में शामिल होने पर सस्पेंस, ललन ही रहेंगे अध्यक्ष



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में सियासी घमासान मचा है। सीएम नीतीश कुमार के जहां एनडीए में शामिल होने सहित जदयू में टूट के कयास लग रहे हैं। इन अफवाहों के बीच कथित रूप से नाराज चल रहे अपने प्रदेश अध्यक्ष ललन सिंह उर्फ राजीव रंजन से नीतीश ने जदयू की बैठक के बाद ऑल इज वेल का संदेश दिया है।

बिहार के नीतीश ने ललन को जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने की खबरों को खारिज कर दिया। गुरुवार को जब यह पूछा गया है कि यह चर्चा है कि आप एनडीए में जा सकते हैं तो इस सवाल को वे टाल गए। नीतीश गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। यहां उनसे ललन ने मुलाकात की। दोनों के बीच एक घंटे तक लंबी बातचीत चली। ललन सिंह जहां गुरुवार सुबह तक जदयू के पोस्टरों से गायब थे, वहीं शाम होते तक उनकी तस्वीरें भी पोस्टर में दिखने लगी। ललन सिंह भी मीडिया पर गुस्सा हो गए। ललन सिंह ने साफ कहा कि नीतीश कुमार ही जदयू के सुप्रीम लीडर हैं और जदयू में सबकुछ ठीक है। ललन सिंह ने भी इस्तीफे की खबर को खारिज कर दिया है।

### ये है मामला

पिछले दो दिनों से चर्चा तेज थी कि 28-29 दिसंबर को पार्टी की राष्ट्रीय बैठक (कार्यकारिणी-परिषद) में पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष तय होगा। ललन पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि आरजेडी अब नीतीश को दिल्ली की सियासत में धकेल सूबे की बागडोर तेजस्वी यादव को सौंप देना चाहती है। इन सबके बीच इंडिया गठबंधन की दिल्ली में चौथी बैठक हुई जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने प्रधानमंत्री उम्मीदवार के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव रख दिया। इससे भी नीतीश नाराज बताए जा रहे थे कि जेडीयू विधायकों की सीक्रेट मीटिंग की खबरें आने लगीं। ललन की आरजेडी प्रमुख लालू यादव और तेजस्वी यादव के साथ करीबी के भी चर्चे होने लगे।

### आरजेडी से करीबी की चर्चा जोरों पर

*ललन की आरजेडी से करीबी की चर्चा थी। नीतीश के साथ ही जेडीयू के तमाम सांसद-विधायक जहां अपने पुराने गठबंधन में सहयोगी रही पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर सीधा हमला बोलने से बचते नजर आते हैं। ललन संसद के भीतर और बाहर भाजपा को लेकर आक्रामक थे। गठबंधन की बैठक में भी जब ममता ने प्रधानमंत्री पद के लिए खरगे के नाम का प्रस्ताव रखा, तब भी ललन के मौन और नीतीश के साथ पटना लौटने की जगह उस दिन आना जिस दिन लालू और तेजस्वी लौटे, इसे नीतीश के खफा होना माना जा रहा है।*

---

## खबर संक्षेप

### चोर एटीएम समेत 24 लाख रु. लेकर भागे

**जयपुर।** राजस्थान के नागौर जिले में नकाबपोश चोरों ने एक एटीएम



को चुरा लिया। इसमें 24 लाख रुपए थे, जिसे उखाड़ ले गए। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बदमाशों ने श्रीबालाजी थाना क्षेत्र के जोधियासी गांव के एसबीआई के एटीएम को उखाड़ा।

### अनीश दयाल सिंह बने सीआरपीएफ के प्रमुख

नई दिल्ली। आईटीबीपी प्रमुख अनीश दयाल सिंह अब



सीआरपीएफ के महानिदेशक होंगे। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश में गुरुवार को कहा गया, नीना सिंह को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) प्रमुख को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### मंडी में 2 बसों में भिड़ंत चालक की मौत

**मंडी।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पडगल के पास गलत दिशा से



आ रही कार और एचआरटीसी बस में टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई। एचआरटीसी बस सरकाघाट से दिल्ली की ओर जा रही थी। पडगल के पास पहुंची तो वहां पर मंडी भराड़ी पुल पर एक कार गलत दिशा में आ रही थी।

---

मुर्मू ने अपनी सहमति दी

# कार्बी युवा महोत्सव:स्वर्ण जयंती में राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कार्बी युवा महोत्सव के स्वर्ण जयंती पर समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समारोह असम के कार्बी आंगलोंग जिले के तारालांगसो में 12-19 जनवरी तक कार्बी पीपुल्स हॉल, तारालांगसो दीफू में आयोजित किया जाएगा।कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (केएएसी) के मुख्य कार्यकारी सदस्य तुलीराम रोंगहांग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 17 जनवरी 2024 को कार्बी युवा महोत्सव के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी सहमति जताई है।



### शामिल होंगे कई गणमान्य

कार्बी युवा महोत्सव के अवसर पर विभिन्न राज्यों के गणमान्य की उपस्थित जिनमें असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान, नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य गणामान्य भी उपस्थित रहेंगे।

---

आग से जलकर बाउंसर की संदिग्ध हालात में मौत

# खुदकुशी या हादसा, पुलिस की टीम तफ्तीश में जुटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फतेहपुर बेरी थाना इलाके में बुधवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में अंगीठी की आग में जलकर मौत हो गई। मृतक युवक का नाम विनय अरोड़ा (36) बताया गया है। वह पेशे से बाउंसर था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा आगे की तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस खुदकुशी और हादसा दोनों एंगल से मामले की पड़ताल कर रही है।

डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि यह घटना न्यू मंगलापुरी की आंगनबाड़ी वाली गली में हुई। रात करीब साढ़े आठ बजे पीसीआर कॉल पुलिस को मिली थी। कॉलर ने बताया था कि यहां पर एक रूम में आग लग गई है, जिससे एक बंदा बहुत ज्यादा जल गया है, जो कोई रिस्पांस नहीं दे रहा है, आग बुझ गई है।

पुलिस टीम सूचना पर मौके पहुंची तो देखा कि कमरे के अंदर चेयर और कपड़े जल गए हैं। अंगीठी एक तसले में रखी हुई थी। मौके पर फायर ब्रिगेड, क्राइम टीम और कैट एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस के अनुसार इस मामले की छानबीन की जा रही है। मृतक अविवाहित था और बाउंसर के रूप में काम करता था। युवक पर कर्ज की बात भी सामने आई है लेकिन पुलिस की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

---

मद्रास हाईकोर्ट का फैसला

# मुस्लिमों को चार बीवी रखने की छूट, समान व्यवहार रखें

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि भले ही इस्लामिक कानूनों में मुस्लिम शख्स को 4 शादियां करने की अनुमति हो, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वे अपनी पत्नियों से गैर-बराबरी का व्यवहार करे। उसे समान अधिकार देने होंगे और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। अगर पति ऐसा नहीं करता है तो उसे क्रूरता समझा जाएगा।

जस्टिस आरएमटी टीका रमन और पीबी बालाजी की पीठ ने फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि पति और उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने पहली पत्नी के साथ गलत व्यवहार रखा और उसका उत्पीड़न किया। कोर्ट ने शादी खत्म करने का आदेश दिया है।



### कोर्ट ने उत्पीड़न की बात स्वीकारी

महिला ने बताया था कि उसके पति ने अन्य महिला से शादी कर ली और उसके साथ ही रह रहा है। उसके साथ पति का व्यवहार गलत है और प्रेगनेंसी के दौरान उसका उत्पीड़न हुआ था। महिला ने पति, सास और ननद पर आरोप लगाए थे।

---

सरकार और उल्फा संगठन के बीच आज होगा शांति समझौता

# उल्फा के हजारों काडर आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ेंगे

## गृह मंत्री अमित शाह की ऐतिहासिक पहल, पूर्वोत्तर में शांति की पहल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


भारत सरकार और उल्फा संगठन के बीच शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। यह भारत सरकार के पूर्वोत्तर में शांति प्रयास की दिशा में यह एक बहुत बड़ा कदम है।

उल्फा कई सालों से उत्तर पूर्व में सशस्त्र सुरक्षा बलों के खिलाफ हिंसात्मक संघर्ष कर रहा था। इस शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद उल्फा के हजारों काडर आत्मसमर्पण करेंगे और मुख्य धारा में शामिल होंगे।

**खास बातें**

- गृहमंत्री शाह के इस कदम से लौटेगी यहां पर शांति
- उल्फा संगठन कई वर्षों से हिंसा में रहा था शामिल

### समझौता ज्ञापन पर आज हस्ताक्षर होंगे



यह समझौता शुक्रवार को नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में शाह की मौजूदगी में होगा। इस मौके पर भारत सरकार, असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के प्रतिनिधियों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। पिछले 1 साल से भारत सरकार इस शांति समझौते पर कार्यरत थी और उल्फा के शीर्ष नेता जिसमें अनूप चेतिया भी शामिल है उसे भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी वार्ता कर रहे थे। शाह की पहल पर यह अहम समझौता हो रहा है।

### दोनों पक्षों के बीच कई दौर की चर्चा पूरी

शांति समझौते का माहौल बनाने और उसके लिए संगठन को राजी करने के लिए लंबे समय से प्रयास हो रहे थे। इधर, बीते एक हफ्ते से इसको लेकर दिल्ली में संगठन और सरकार के बीच बातचीत हो रही थी। राजखोवा गुट के दो लीडर अनूप चेतिया और शशधर चौधरी नई दिल्ली में सरकारी वार्ताकारों के संपर्क में थे।

### सरकार के लिए यह काफी महत्वपूर्ण मामला

यह समझौता भारत सरकार के लिए बहुत अधिक मायने रखता है और इसका उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्य में दीर्घकालिक शांति बहाली का लक्ष्य है।

समझौते के समय असम के मसीएम हिमंत बिस्वा सरमा और उल्फा के वार्ता समर्थक गुट के एक दर्जन से अधिक शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे। इस समझौते में लंबे समय से चले आ रहे सभी मुद्दों का ध्यान रखा जाएगा। देश के पूर्वोत्तर राज्यों सक्रिय उग्रवादी संगठन उल्फा का गठन 1979 में हुआ था और इसकी सबसे प्रमुख मांग संप्रभु असम की थी। यह लगातार हिंसक और तोड़फोड़ की गतिविधियों में शामिल रहा। इसे 1990 में प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया गया था।


---

कोरोना के जेएन1. वैरिएंट में बढ़ोतरी

# एक दिन में छह मरीजों की मौत, 702 नए मामले मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोरोना एक बार फिर से दहशत फैलाने लगा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी है कि देश में एक दिन में कोविड 19 के 702 मामले सामने आए हैं। इस आंकड़े को मिलाकर देश भर में संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 4,097 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को विशेष सतर्क रहने को कहा है। मंत्रालय ने सुबह 8 बजे तक के जो



आंकड़े जारी किये हैं उसके मुताबिक पिछले 24 घंटे की अवधि में 6 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें दो महाराष्ट्र से वहीं कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में एक-एक मरीज की मौत हो गई है।

### बढ़ती सर्दी के साथ संक्रमितों के मामले बढ़े

इससे पहले 22 दिसंबर को देश में कोविड के सबसे ज्यादा 752 नए मामले दर्ज किए गए थे। हालांकि 5 दिसंबर तक कोविड के रोजाना मामलों की संख्या घटकर घटने लगी थी लेकिन बढ़ती सर्दी के चलते नए वैरिएंट के संक्रमण के मामले फिर से बढ़ गए हैं। लोगों को सतर्क किया गया है।

## खबर संक्षेप



### स्टार ओपनर मंधाना पहले वनडे से आउट

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम वनडे सीरीज का पहला मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेली। इस मैच में टॉस के समय टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर सामने आई। टीम की स्टार ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना तबियत ठीक न होने के चलते पहले वनडे की प्लेइंग-11 में शामिल नहीं हो सकीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस के समय इस बात की जानकारी दी कि तबियत ठीक न होने की वजह से स्मृति मंधाना इस मैच में नहीं खेल रही हैं।


### हैदराबाद में फॉर्मूला ई रेस को लेकर चिंता



**नई दिल्ली।** फॉर्मूला ई ने हैदराबाद में दस फरवरी को होने वाली रेस को लेकर ताजा चिंता जताते हुए कहा है कि तेलंगाना में नई सरकार से मिली ताजा सूचना के बाद इसका आयोजन मुश्किल लग रहा है। देश में पहली इलेक्ट्रिक रेस इस साल फरवरी में हुई और तत्कालीन आई टी मंत्री केटी रामाराव की इसके आयोजन में अहम भूमिका रही। केटीआर की बीआरएस पार्टी हालांकि दिसंबर में चुनाव हार गई और अब वहां कांग्रेस की सरकार है।

### इंदौर में सबसे सस्ता टिकट 743 रुपए का

**इंदौर।** इंदौर में भारत और अफगानिस्तान के बीच आगामी 14 जनवरी को खेले जाने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के निचले ईस्ट स्टैंड के सबसे सस्ते टिकट के लिए



दर्शकों को 743 रुपए खर्च करने होंगे, जबकि पहली मंजिल स्थित साउथ पवेलियन के सबसे महंगे टिकट के लिए 5,947 रुपए देने होंगे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन के एक अधिकारी ने टिकट दरों की घोषणा के बाद गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 30 दिसंबर को सुबह छह बजे से शुरू होगी।

### क्रिकेट छोड़ राजनीति की पिच पर उतरे रायुडू



**नई दिल्ली।** भारत के लिए कॅरियर में 61 मैच खेलने वाले क्रिकेटर अंबाती रायडू राजनीति की पिच पर उतर गए हैं। वह गुरुवार को आंध्र प्रदेश की सत्तारुढ़ वाईएसआरसीपी पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगनमोहन रेड्डी की मौजूदगी में पार्टी जॉइन की। वह विजयवाड़ा में मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे और बाद में उनके फोटो-वीडियो सामने आए जिसमें वह पार्टी का पटका पहने हुए थे।

### थर्ड अंपायर के लिफ्ट में फंसने से रोका गया मैच

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न में खेले जा रहे इस टेस्ट मैच के दौरान एक अजीब घटना घट गई। इस टेस्ट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को लंच के बाद का खेल कुछ देर के लिए रोका गया। थर्ड अंपायर के लिफ्ट में फंसने की वजह से इस मैच को कुछ देर के लिए रोका गया। सोशल मीडिया पर जैसे ही इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो फैंस अपने रिएक्शंस देने से खुद को नहीं रोक पाए थे।

# ईपीएल : सिटी ने एवर्टन को हराया, वोल्व्स-चेल्सी और यूनाइटेड को भी मिली जीत

एजेंसी ▶▶ लंदन

इंग्लैंड की फुटबॉल लीग प्रीमियर लीग का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। बुधवार रात को कई बेहतरीन मैच खेले गए। इनमें मैनचेस्टर सिटी, वोल्व्स, चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जीत दर्ज की।

ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर के बेहद खराब प्रदर्शन के बीच तीन मिनट और तीन सेकेंड में तीन गोल की मदद से वोल्व्स ने प्रीमियर लीग में रिकॉर्ड जीत दर्ज की, जबकि चेल्सी ने पेनल्टी मिलने के बाद अहम जीत दर्ज की। मैनचेस्टर सिटी ने विवादास्पद पेनल्टी के बाद एवर्टन को हरा दिया।

### चेल्सी ने 'वार' ड्रामा के बाद जीता मैच

चेल्सी और क्रिस्टल पैलेस के बीच खेले गए मुकाबले में जमकर ड्रामा देखने को मिला। वीडियो एसिस्टेंट रेफरी के एक फैसले की वजह से चेल्सी के फैंस गुस्सा गए थे, लेकिन उसके कुछ मिनट बाद ही मिले पेनल्टी पर गोल ने फैंस को चीयर करने का मौका दे दिया। नोनी मदुएके ने 89वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर चेल्सी को 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत की बदौलत मॉरिशियो पोचेटिनो की चेल्सी के लिए 2023 के अंत में सकारात्मक नतीजे आए। इससे पहले मिखायलो मुद्रिक ने 13वें मिनट में गोल कर चेल्सी को 1-0 से आगे कर दिया था। इसके बाद क्रिस्टल पैलेस की ओर से माइकल ओलिसे ने 45+1वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।



### फुस्स हुए ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर्स

वोल्व्स ने ब्रेंटफोर्ड पर 4-1 की एकतरफा जीत हासिल की। वोल्व्स के लिए गोल का खाता 13वें मिनट में ही खुल गया, जब मारियो लेमिना ने बेहतरीन गोल दागा। इसके 12 सेकंड बाद ही ह्वांग ही चान ने गोल दाग स्कोर 2-0 कर दिया। ब्रेंटफोर्ड ने वापसी की कोशिश की और 16वें मिनट में योएन विसा ने गोल किया। हालांकि, इसके बाद ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर्स का खराब खेल शुरू हुआ, जिसे वह जल्द से जल्द भूलना चाहेंगे। 28वें मिनट में ह्वांग ने एक और गोल दागा। वहीं, 79वें मिनट में जीनरिसनर बेलेगार्डे ने गोल दाग अपनी टीम को 4-1 से जीत दिलाई।

### यूनाइटेड की विला पर नाटकीय जीत

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एस्टन विला पर 3-2 से नाटकीय जीत दर्ज की। 26 मिनट में ही यूनाइटेड दो गोल से पिछड़ गया। इस प्रदर्शन पर मैनेजर एरिक टेन हैग की टीम की उसके समर्थकों ने ही हूटिंग शुरू कर दी, लेकिन दूसरे हाफ में यूनाइटेड ने अपने खेल से समर्थकों को जश्न मनाने पर मजबूर कर दिया। जॉन मैक्गिन ने 21वें और लिएंडर डेंडोंकर ने 26वें मिनट में गोल कर विला को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में यूनाइटेड एकदम से बदली टीम नजर आई। 59वें मिनट अलजांद्रो गरनाचो ने गोल किया। 71वें मिनट में उन्होंने एक और गोलकर 2-2 की बराबरी दिला दी। मैच समाप्ति से आठ मिनट पहले रासमुस हाजलुंद ने गोलकर यूनाइटेड को 3-2 से बढ़त दिला दी।

### सिटी ने एवर्टन को 3-1 से हराया

मैनचेस्टर सिटी की टीम को जीत दर्ज करने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एवर्टन को 3-1 से शिकस्त दी। पेप गार्डियोला की टीम को 29वें मिनट में झटका लगा, जब एवर्टन के जैक हैरिसन ने 29वें मिनट में गोल दागा। हाफ टाइम तक एवर्टन की टीम 1-0 से आगे चल रही थी। दूसरे हाफ में सिटी के फिल फोडेन ने गोल दाग स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 64वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी मिला और उस पर जूलियन अल्वारेज ने गोल दाग स्कोर 2-1 कर दिया। मैच के आखिरी कुछ मिनट में सिल्वा ने गोल दाग अपनी टीम को 3-1 से जीत दिलाई।

### टेस्ट : दूसरी पारी में 131 रन ही बना सकी टीम इंडिया


# एल्गर का यलगार, अफ्रीका ने भारत को पारी और 32 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ सेंचुरियन

भारतीय टीम को बॉक्सिंग डे टेस्ट में करारी हार का सामना करना पड़ा। पहली पारी में भारत 245 रन और दूसरी पारी में 131 रन सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बनाए थे। इस तरह उसे पारी और 32 रन से जीत मिली।

एल्गर का संघर्ष देखकर हर कोई यह मान रहा था कि साउथ अफ्रीका को भी मुश्किल होगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अपनी रिटायरमेंट सीरीज खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने बल्ले से यलगार मचाया। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली और बेजोड़ शतक जड़ा। 36 साल के एल्गर ने कमाल की बैटिंग की है और 185 रन बनाकर आउट हुए। एल्गर ने साबित किया वह टेस्ट कॅरियर की आखिरी सीरीज जरूर खेल रहे हैं, लेकिन उनके अंदर क्रिकेट अभी काफी बाकी है।

सेंचुरियन ताबड़तोड़ शतक के बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि वह इस श्रृंखला में बड़े आत्मविश्वास के साथ आए हैं, जिससे उन्हें और मदद मिली है। केएल राहुल के शतक के बाद एल्गर ने भारत के गन-गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ मजबूती से खड़े होकर मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए।




### जीत की ओर बढ़ी अफ्रीकी टीम

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में समाचार लिखे जाने तक सात विकेट पर 105 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। पहली पारी के आधार पर 163 रन की बढ़त बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका से भारत अब 53 रन पीछे है और उसे पारी की हार सता रही है। विराट कोहली 60 और जसप्रीत बुमराह शून्य रन बनाकर खेल रहे थे। भारत ने दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा (00), यशस्वी जायसवाल (05) और शुभमन गिल (26) के विकेट गंवा दिए।

### कागिसो रबाडा ने भारत के खिलाफ झटका 50वां विकेट



इस टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीकी पेसर कागिसो रबाडा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पहली पारी में अपनी शानदार गेंदबाजी से भारत के बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। फिर दूसरी पारी में भी रोहित शर्मा (0) को आउट कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भारत के खिलाफ 50 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह इस मेगा रिकॉर्ड को दर्ज करने वाले 5वें प्रोटियाज गेंदबाज बन गए हैं।

### तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई

# आस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को छह विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने फोबे लिचफील्ड (78 रन), एलिसे पैरी (75 रन) और तहलिया मैकग्रा (नाबाद 68) के अर्धशतकों की बदौलत गुरुवार को यहां पहले एक दिवसीय मुकाबले में मेजबान भारत को 21 गेंद रहते छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने जेमिमा रोड्रिग्स के 82 रन और पूजा वस्त्राकर के नाबाद 62 रन की मदद से आठ विकेट पर 282 रन का स्कोर खड़ा किया। यह आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का सर्वोच्च वनडे स्कोर भी था। वनडे में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर चार विकेट पर 281 रन था जो उसने 2017 में डर्बी में बनाया था। आस्ट्रेलिया ने लिचफील्ड (89 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) और पैरी (72 गेंद, नौ चौके, दो छक्के) के बीच दूसरे विकेट के लिए 150 गेंद में 148 रन की बेहतरीन शतकीय साझेदारी के बाद मैकग्रा की 11 चौके जड़ित 55 गेंद की पारी से यह लक्ष्य 46.3 ओवर में चार विकेट पर 285 रन बनाकर हासिल किया। उसके लिए बेथ मूनी ने भी 42 रन का योगदान दिया। आस्ट्रेलिया ने अपनी कप्तान एलिसा हीली का विकेट पारी की तीसरी ही गेंद पर गंवा दिया जो खाता भी नहीं खोल सकीं। पहले ओवर में वह रेणुका सिंह की गेंद पर बल्ला छुआकर स्नेह राणा को कैच थमाकर पवेलियन लौट गयीं। पर लिचफील्ड और पैरी ने बिना किसी परेशानी के भारतीय गेंदबाजों का सामना किया।


### जेमिमा की पारी बेकार



पैरी ने सबसे पहले 45 गेंद में सात चौके और एक छक्के से अपना अर्धशतक पूरा किया, फिर लिचफील्ड ने 66 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 50 रन बनाये। इस साझेदारी को तोड़ने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को सफलता दीप्ति शर्मा ने दिलायी। पैरी ने दीप्ति की गेंद को लांग ऑफ में उठाने का प्रयास किया और पूजा वस्त्राकर को कैच दे बैठी जिससे यह साझेदारी खत्म हुई।

## वॉर्नर ने पूरी की नन्हे फैन की मुराद

**मेलबर्न।** धाकड़ ओपनर डेविड वॉर्नर ने जिस मैदान से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था, उसी मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अपनी आखिरी पारी खेल ली है। वह थोड़ा भावुक थे, जब पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 6 रन बनाकर पवेलियन लौट रहे थे। जब डेविड वॉर्नर गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के ड्रेसिंग



रूम में लौट रहे थे तो स्टेडियम में मौजूद फैंस ने खड़े होकर तालियां बजाते हुए उनका अभिवादन किया। जब वॉर्नर पवेलियन लौट रहे थे तो एक नन्हे फैन ने हाथ में चार्ट ले रखा था, जिस पर लिखा था - इतनी यादों के लिए शुक्रिया डेवी वॉर्नर, 31! क्या मुझे आपके ग्लव्स मिल सकते हैं? वॉर्नर ने ये देखते ही अपने दोनों ग्लव्स फैंस को पकड़ा दिए, जिन्हें पाकर वो दो बच्चे काफी खुश हुए।

# आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगा ओडिशा एफसी

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

इंडियन सुपर लीग टीम ओडिशा एफसी एएफसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगी जिसका नाम अभी तय नहीं है। एएफसी कप का ड्रॉ गुरुवार को डाला गया। ओडिशा एफसी एएफसी कप दक्षिण क्षेत्र का विजेता रहा। उसने इसी महीने ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में बांग्लादेश के बसुंधरा किंग्स को हराया।

आसियान क्षेत्र का चैंपियन बनने की दौड़ में चार टीम हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया का सेंट्रल कोस्ट मरीनर्स एफसी, कंबोडिया का पुहनोम पेन क्राउन एफसी, ऑस्ट्रेलिया का मैकआर्थर एफसी और मलेशिया का सबाह एफसी



शामिल है। आसियान क्षेत्र का फाइनल 22 फरवरी को होगा और इसका विजेता ओडिशा एफसी से अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में भिड़ेगा जो दो चरण का मुकाबला होगा। पहला चरण छह या सात मार्च को आसियान क्षेत्र के चैंपियन की मेजबानी में होगा जबकि दूसरा चरण 13 या 14 मार्च को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में होगा।

### यूनाइटेड कप की तैयारी...



**सिडनी।** जर्मनी की एंजेलिक कर्बर गुरुवार को सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में केन रोज़वेल एरेना में 2024 यूनाइटेड कप से पहले कोर्ट पर अभ्यास सत्र के दौरान गेंद को रिटर्न शॉट मारती हुईं।

## पूर्व भारतीय डिफेंडर मजूमदार नहीं रहे

***नई दिल्ली।*** *पूर्व भारतीय डिफेंडर प्रबीर मजूमदार का गुरुवार को संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। मजूमदार उस भारतीय टीम के सदस्य थे जिसने 1974 एशियाई खेलों में हिस्सा लिया था। 1960 और 1970 के दशक के स्टाइलिश डिफेंडर मजूमदार ने घरेलू सर्किट में ईस्ट बंगाल और ईस्टर्न रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने संतोष ट्राफी में भी बंगाल का प्रतिनिधित्व किया था। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, 'प्रबीर दा अपने समय के सबसे भरोसेमंद और सम्मानित डिफेंडरों में से एक थे। दुख की इस घड़ी में मैं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।' मजूमदार ने ईस्ट बंगाल के लिए खेलते हुए कई खिताब जीते, जिनमें कलकत्ता फुटबॉल लीग, आईएफए शील्ड, डूरंड कप, रोवर्स कप, डीसीएम ट्रॉफी, बोरदोलोई ट्रॉफी और कई अन्य खिताब शामिल हैं।*



### नई हेयर स्टाइल को लेकर चर्चा में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान

# लंबे बाल रखने में खर्च होते हैं 1 घंटे 10 मिनट : धोनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों अपनी नई हेयर स्टाइल को लेकर चर्चा में हैं। आईपीएल 2024 में महेंद्र सिंह धोनी नए लुक में नजर आएंगे। भारतीय क्रिकेट फैंस को धोनी के लंबे बाल रखना बहुत पसंद है।

बता दें कि महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2024 से पहले एक बार फिर लंबे बाल रखे हैं। धोनी ने साल 2007 में जब टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जिताया था, तो उसके बाद उन्होंने अपने लंबे बालों को कटवा लिया था, लेकिन एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी ने अपने फैंस को बड़ा



तोहफा दिया है और लंबे बाल रखे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एक इवेंट के दौरान कहा कि उन्हें नए हेयरस्टाइल को रखने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। धोनी का कहना है कि उन्होंने अपने फैंस के लिए लंबे बाल रखे हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने अपने लेटेस्ट हेयर स्टाइल पर कमेंट करते हुए कहा, 'ऐसे हेयरस्टाइल को मेंटेन रखना बहुत कठिन हैं, क्योंकि पहले मैं सिर्फ 20 मिनट में तैयार हो जाता था, लेकिन अभी मुझे 1 घंटा और 10 मिनट का समय लगता है। मैं इस हेयर स्टाइल को इसलिए रख रहा हूं कि फैंस को ये पसंद है।'

### बेहद खास कप्तान हैं धोनी

*बता दें कि महेंद्र सिंह धोनी वर्ल्ड क्रिकेट में इकलौते ऐसे कप्तान हैं, जिन्होंने आईसीसी की तीन बड़ी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। धोनी की कप्तानी में भारत आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप (2007), क्रिकेट वर्ल्ड कप (2011) और आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी (2013) का खिताब जीत चुका है। इसके अलावा भारत 2009 में पहली बार टेस्ट में नंबर एक बना था। महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 बार आईपीएल का खिताब जिताया है। महेंद्र सिंह धोनी ने भारतीय टीम की कप्तानी साल 2008 में संभाली थी।*

# निलंबन को अदालत में चुनौती देंगे : संजय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि खेल मंत्रालय ने कुश्ती की राष्ट्रीय संस्था को निलंबित करते समय उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और वे सरकार के इस फैसले को अदालत में चुनौती देंगे।

संजय ने हालांकि कहा कि सरकार डब्लूएफआई का पक्ष सुने बिना उनकी स्वायत्त और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्था को निलंबित नहीं कर सकती। संजय ने कहा, 'हमने लोकतांत्रिक तरीके से डब्लूएफआई के चुनाव जीते। जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश निर्वाचन अधिकारी थे, इसमें भारतीय ओलंपिक संघ और



यूनाईटेड विश्व कुश्ती के भी पर्यवेक्षक थे। चुनावों में 22 राज्य इकाईयों ने हिस्सा लिया था, 47 वोट मिले थे जिसमें से मुझे 40 मिले थे। इसके बावजूद अगर हमें निलंबित कर दिया जाता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्था को अपना पक्ष रखने का मौका ही नहीं दिया गया जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है जबकि भारतीय संविधान के अंतर्गत हर कोई इसका हकदार होता है।'




## खबर संक्षेप

### मस्जिद गिराने के प्रस्ताव पर ओवेसी का विरोध



**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद कार्यालय को एक पत्र लिखकर सुनहरी मस्जिद को हटाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि मस्जिद हटाने के प्रस्ताव को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

### जम्मू कश्मीर में ओबीसी आरक्षण शामिल



**जम्मू।** लोकतांत्रिक संस्थानों में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए इसमें ओबीसी की परिभाषा को शामिल किया गया है। इसके लिए संशोधन को मंजूरी दे दी गई है। पंचायती राज अधिनियम में एससी और एसटी के अलावा अब ओबीसी को भी आरक्षण दिया।

### जापान में 6.3 तीव्रता का आया भूकंप, हानि नहीं



**टॉक्यो।** जापान में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। कुरिल द्वीप में आए भूकंप की तीव्रता 6.3 तीव्रता मापी गई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 3 दिन में तीसरी बार भूकंप आया है।

मुंबई हमले का मास्टरमाइंड

# भारत ने की आतंकी हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग

*पुलवामा हमले का भी आरोपी है आतंकी सईद*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारत ने पाकिस्तान से लश्कर ए तैयबा के संस्थापक और खूंखार आतंकी हाफिज सईदी को सौंपने की मांग की है।



पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से ये खबर आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत ने हाफिज सईद के प्रत्यर्पण के लिए पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से औपचारिक मांग की है। बता दें कि हाफिज सईद पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड है।

भारत सरकार ने पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से हाफिज सईद को भारत प्रत्यर्पित करने की कानूनी कार्रवाई शुरू करने की अपील की है। हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया है।

### भारत का मोस्ट वॉन्टेड आतंकी

बता दें कि हाफिज सईद एक पाकिस्तानी आतंकी और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का संस्थापक है और जम्मू कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं में हाफिज सईद शामिल रहा है। भारत में वह मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल है। साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले और पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड भी हाफिज सईद ही है। कुछ साल पहले तक हाफिज सईद पाकिस्तान में खुला घूम रहा था और अपने संगठन के लिए चंदा जुटा रहा था लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद साल 2019 में हाफिज सईद को पाकिस्तान में गिरफ्तार किया गया और आतंक के वित्त पोषण के आरोप में उसे 15 साल की सजा सुनाई। बीते साल भी पाकिस्तान की अदालत ने हाफिज को आतंक के लिए पैसे जुटाने के आरोप में 31 साल जेल की सजा सुनाई थी।

### चुनाव लड़ रही हाफिज सईद की पार्टी

अमेरिका ने भी हाफिज सईद को आतंकी घोषित किया हुआ है और उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया हुआ है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हाफिज सईद भले ही कथित तौर पर जेल में बंद है लेकिन पाकिस्तान में अगले साल होने वाले आम चुनाव में उसकी पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही है। हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी लाहौर सीट से पार्टी का उम्मीदवार है। पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग प्रतिबंधित संगठन जमात उद दावा की राजनीतिक शाखा है।

भारत की ताकत! जयशंकर से मिलने के लिए पुतिन ने तोड़ा प्रोटोकॉल

# पुतिन का मोदी को रूस आने का न्यौता कहा- रूस-भारत के बीच मजबूत रिश्ते

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस की पांच दिनों की यात्रा पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। राष्ट्रपति व्लादिमीर के साथ बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार में 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित किया।

जयशंकर ने आगे विकास की संभावना और अधिक टिकाऊ रिश्ते की आवश्यकता पर जोर दिया। पुतिन ने गर्मजोशी के साथ जयशंकर से मुलाकात की और भारतीय पीएम मोदी को अगले साल रूस आने का न्यौता दिया। इस दौरान पुतिन ने कहा कि अगला साल चुनाव के लिहाज से भारत के लिए बहुत व्यस्त रहने वाला है। चुनाव के लिए उन्होंने मोदी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चुनावी जीत किसी की भी हो, भारत-रूस के रिश्ते मजबूत और स्थिर बने रहेंगे। सहयोग के प्रमुख पहलुओं को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री ने कुडनकुलम परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करने पर प्रकाश डालते हुए परमाणु क्षेत्र पर चर्चा की। उन्होंने परमाणु ईंधन आपूर्ति पर एक महत्वपूर्ण समझौते को अंतिम रूप दिए जाने का खुलासा किया, जो परमाणु क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग में प्रगति का संकेत देता है।

*जयशंकर ने आगे विकास की संभावना और अधिक टिकाऊ रिश्ते की आवश्यकता पर जोर दिया। पुतिन ने गर्मजोशी के साथ जयशंकर से मुलाकात की और भारतीय पीएम मोदी को अगले साल रूस आने का न्यौता दिया।*



### भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार में 50 अरब अमेरिकी डॉलर प्रगति



### विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा

*एस जयशंकर ने राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इसकी जानकारी जयशंकर ने एक्स पोस्ट में दी, उन्होंने कहा, 'आज शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दीं और एक निजी संदेश सौंपा। इस बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीएम मोदी शांतिपूर्ण तरीके से रूस-यूक्रेन विवाद को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कई मौकों पर इसका बार-बार उल्लेख किया। उन्होंने भारत-रूस संबंधों पर बात करते हुए कहा कि हम उर्जा से लेकर प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में एक साथ हैं। हम पेट्रोल के साथ-साथ उच्च तकनीकी क्षेत्र में भी साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में काफी उथल-पुथल के बावजूद रूस और भारत के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं।*

### रूस के विदेश मंत्री मर्गेई लावरोव से की मुलाकात

*इससे पहले भारतीय विदेश मंत्री ने रूस के विदेश मंत्री मर्गेई लावरोव से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने रणनीतिक साझेदार के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्थिति और समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही इंडो-पैसिफिक, यूक्रेन संघर्ष, गाजा स्थिति, अफगानिस्तान और मध्य एशिया, ब्रिक्स, एससीओ, जी20 और संयुक्त राष्ट्र पर विचारों का आदान-प्रदान किया।दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक में लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने जी 20 की अध्यक्षता कर अपनी विदेश नीति की ताकत को साबित कर दिया।*

### पुतिन ने ऐसे तोड़ दिया प्रोटोकॉल

*रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कुछ ऐसा किया जिसकी उम्मीद कम ही की जाती है। दरअसल, पुतिन सभी प्रोटोकॉल तोड़ते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिले और उन्होंने पीएम मोदी को रूस आने का न्योता भी दिया। आमतौर पर पुतिन केवल अपने समकक्ष से ही इस तरह वन टू वन मुलाकात करते हैं। इससे पहले वो इसी तर्ज पर भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मिलकर परंपरा तोड़ चुके हैं।*

# चालोंस वाट्री हवाई अड्डे पर 4 दिन रुकने के बाद 25 भारतीय यात्रियों को किया मुक्त

नाबालिगों को बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में राजनीतिक आधार पर शरण के लिए आवेदन करने वाले 25 यात्रियों को मंगलवार को कथित तौर पर मुक्त कर दिया गया और उनमें से पांच को नाबालिग होने के कारण बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा गया। ये यात्री शरण के लिए फ्रांस में रूक गए थे।

फ्रांसिसी मीडिया ने जानकारी दी, पेरिस के पास चालोंस-वाट्री हवाई अड्डे पर चार दिन रुकने के बाद ये 25 यात्री उस उड़ान में शामिल नहीं थे, जो सोमवार दोपहर को मुंबई के लिए रवाना हुआ था। फ्रांस से भारत रवाना हुई उड़ान के 276 यात्रियों में से अधिकतर भारतीय थे।

अभियोजकों के हवाले से कहा गया कि स्थानीय न्यायाधीश ने इस आधार पर ''औपचारिक'' रूप से उन्हें मुक्त करने आदेश दिया कि फ्रांस के चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर सीमा पुलिस के प्रमुख ने कानून द्वारा निर्धारित समय-सीमा में मामले को उनके पास नहीं भेजा था।



फ्रांस में राजनीतिक आधार पर शरण के लिए आवेदन करने वाले 25 यात्रियों को 26 दिसंबर को कथित तौर पर मुक्त कर दिया गया और उनमें से पांच को नाबालिग होने के कारण बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा गया। ये 25 लोग उन करीब 300 यात्रियों में से थे जो पिछले सप्ताह दुबई में रोमानियाई कंपनी लीजेंड एयरलाइंस द्वारा संचालित विमान में सवार हुए थे।

वे निकारागुआ जाने वाले थे, लेकिन 21 दिसंबर को पूर्वोत्तर फ्रांस के वेट्री हवाई अड्डे पर ईंधन भरने के दौरान गुप्त सूचना के बाद विमान को चार दिनों के लिए रोक दिया गया।

### दो लोगों से तस्करी के संबंध

*फ्रांस में रुके लोगों में से दो लोगों से पुलिस ने संदिग्ध लोगों की तस्करी के संबंध में पूछताछ की। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ मानव तस्करी का आरोप हटा दिया गया क्योंकि यह स्थापित हो गया था कि यात्री अपनी मर्जी से विमान में सवार हुए थे।*

स्वीकार किया नामांकन

# नवाज शरीफ दो सीटों से लड़ रहे हैं आम चुनाव

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ क्या आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव लड़ सकेंगे? इस सवाल से गुरुवार को पर्दा उठ गया।

पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार कर लिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन लगे प्रतिबंध के बाद सवाल खड़े होने लगे थे।

### मानसहरा से उतरे

बता दें कि चुनाव आयोग को 73 वर्षीय नवाज शरीफ की उम्मीदवारी पर कोई आपत्ति नहीं है और उनका नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया है।



ऐसे में नवाज शरीफ लाहौर और खैबर पख्तूनख्वा के मानसहरा शहर से चुनावी मैदान में नजर आएंगे। मानसहरा को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का गढ़ माना जाता है, यहां पर अन्य पार्टियों को एएड़ी से चोटी तक का जोर लगाना पड़ेगा। हालांकि, मानसहरा के अलावा नवाज शरीफ ने लाहौर से अपनी दावेदारी पेश की है।

# ममता की कांग्रेस को दो टूक, प. बंगाल में हम ही करेंगे 'लड़ाई' का नेतृत्व

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा चुनाव 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी के सामने विपक्षी इंडिया गठबंधन का फेस कौन होगा, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों के नेता चाहते हैं कि उनकी पार्टी के चीफ को पीएम उम्मीदवार घोषित किया जाए। ममता ने कांग्रेस को दो टूक बात कही है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने उत्तरी 24 परगना में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन देशभर में भाजपा से मुकाबला करेगा, लेकिन प. बंगाल में इस लड़ाई का नेतृत्व तृणमूल कांग्रेस ही करेगी।

Advertorial

जानकारी - (शोध) कहीं आपके पेट के चूर्ण में सनाय तो नहीं?

कब्ज़ के रोगियों के लिए राहत भरी ख़बर




**मुंबई:** सनाय एक उत्तेजक पदार्थ है जिसकी शरीर को आदत हो जाती है, जिसके कारण मलाशय को तकलीफ़ एवं कैंसर होने की सम्भावना होती है। इससे कब्ज की तकलीफ़ दीर्घकाल तक हो सकती है। पेट में गैस की समस्या को पेट में वायु बनना या गैस बनना आदि भी बोला जाता है। आजकल अस्वस्थ आहार और सुस्त जीवनशैली के कारण पेट में गैस की समस्या होना आम बात हो गई है। आयुर्वेद के अनुसार, पेट के जितने भी रोग हैं वे सभी शरीर के त्रिदोष के कारण होते हैं। इसलिए वात, पित्त, कफ दोषों को शांत करके पेट के रोग जैसे गैस की समस्या को ठीक किया जा सकता है। पेट में गैस होने पर अनेक तरह की बीमारियां होने की संभावना भी बन जाती है। जब खाना खाते हैं तब पाचनक्रिया के दौरान हाइड्रोजन, कार्बनडाई ऑक्साइड और मिथेन गैस निकलता है जो गैस या एसिडिटी होने का कारण बनता है। जब पाचन सही प्रकार से नहीं होता है तो पेट में बनने वाली अपान वायु तथा प्राण वायु बाहर नहीं निकल पाती है। गैस से होने वाले रोग से बचने के लिए आपको आयुर्वेदिक ख्याल स्वादिष्ट चूर्ण इस्तेमाल करना चाहिए। 21 जड़ी-बूटिओं जैसे - सफ़ेद जीरा, कृष्णा जीरा, अजवाइन, अजमोद, पीपली, सौंठ, लौंग, दालचीनी, धनिए, गजपीपली, कालीमिर्च, अनारदाना, इलाइची, पुदीना, हींग व् सौंफ आदि से निर्मित ख़्याल स्वादिष्ट चूर्ण पेट सम्बंधित समस्याओं में तुरंत राहत देता है एवं इसकी आदत भी नहीं पड़ती। खाने के बाद एक चम्मच सेवन करे और सभी रोगों से अपने को बचाएँ क्योंकि बुज़ुर्ग बोल गये हैं की सभी बीमारी की जड़ पेट ही है। और पेट से सम्बंधित किसी भी समस्या के लिए निःशुल्क नम्बर 9878877768 पर परामर्श कर सकते है।

SUPER STOCKIST - JAGDAMBA PHARMA AGENCIES (BHAGIRATH PALACE) - 9136492621:- DELHI- 9136492621, MANDAWALI- 9811813687, MADHU VIHAR- 9811018844, KRISHNA NGR- 9990626142, 9210093330, SAGARPUR- 9315197974, KANTI NGR- 9250912320, GEETA COLONY- 8527101130, BADARPUR- 9958220667, BRAHMPURI- 8700361716, YAMUNA VIHAR- 011 46539563, GHAZIABAD- 8287159479, BULANDSHAHR- 8445144440, 9412229905, FARIDABAD- 9999224241

ख़्याल स्वादिष्ट चूर्ण

• गैस • अफरा • अपचन • बदहज़मी

आम जनता के लिए .....

www.khayalhealth.com

Flipkart meesho TATA 1mg JioMart

और मेडिकल स्टोर्स पर भी उपलब्ध

अरुणाचल में दुनिया की सबसे ऊंचाई पर स्थित है यह सबसे लंबी सुरंग

# सेला टनल बनकर तैयार, नए साल में मिलेगा तोहफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए वर्ष में देशवासी एक बार फिर से ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनने जा रहे हैं। बहुप्रतीक्षित और दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बन रही सबसे लंबी सुरंग (13000 फीट) का काम लगभग पूरा हो गया है। डबल लेन वाली यह ऑल वेदर टनल अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामिंग और तवांग जिले को जोड़ेगा। एलएसी तक पहुंचने वाला यह एकमात्र रास्ता है। माइनस 20 डिग्री के तापमान में रात-दिन इसका काम जारी है। बॉर्डर रोड आर्गेनाजेशन (बीआरओ) की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उदाहरण है।

### रणनीतिक महत्व

- सेला दर्रा (पास) 317 किलोमीटर लंबी बालीपारा-चाहरद्वार-तवांग सड़क पर है।
- यह अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग को तवांग को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एकमात्र सड़क है।
- तवांग सेक्टर में एलएसी तक पहुंचने का एक मात्र रास्ता।
- हर मौसम में रहेगा खुला। भारतीय सेना और आमजन को होगी सहूलियत
- सेना तीव्र गति से पहुंचेगी


संजौली-ढल्ली टनल




*शिमला। हिमाचल प्रदेश स्थित संजौली-ढल्ली टनल का सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने इसका उद्घाटन किया। 154.22 मीटर लंबी यह सुरंग 47.36 करोड़ की लागत से बनी है।*

### बीआरओ की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी

### पश्चिम कामिंग और तवांग जिले को जोड़ेगी यह ऑल वेदर टनल




*कुल टनल प्रोजेक्ट की लंबाई है 11.84 किलोमीटर : टनल प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 11.84 किलोमीटर है। इसमें टनल और सड़कें शामिल हैं। पश्चिम कमिंग जिले (बैसाखी) की तरफ 7.2 किलोमीटर चलने के बाद हम टनल-1 में प्रवेश करते हैं। इसकी लंबाई करीब 1 किलोमीटर है। इसके बाद एक सड़क आती है, जिसकी लंबाई 1.2 किलोमटर है। इसके बाद आती है टनल-2 की जिसकी लंबाई 1.591 किलोमीटर है। टनल से निकलने के बाद तीसरी सड़क है, जो नूरानंग की तरफ निकलती है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109